e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 07

रविवार

07.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आपकी सब मुश्किलों के जवाब आपके पास हैं, बस खुद से सही सवाल करने की जरूरत है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने 75 बोरी डोडा किया जब्त

**लोहरदगा :** जिले में फिर एक बार पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली पदार्थ जब्त किया है। बताते चले की जिला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब एक ट्रक में भारी मात्रा में चावल के साथ डोडा भेजा जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने विशेष दल का गठन कर रांची से पंजाब जा रहे चावल लदे मालवाहक ट्रक को लोहरदगा के कुडू से छापेमारी पकड़ा है पुलिस ने लगभग 75 बोरा डोडा (अफीम)जब्त किए हैं। जब्त डोडा की कीमत लगभग तीस लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मालवाहक ट्रक के चालक और सह मालिक और खालासी को हिरासत में ले लिया है।

### हिस्ट्रीशीटर की गला रेतकर हत्या, शव खेत में मिला

**बागपत :** गंगनोली गांव में हिस्ट्रीशीटर पंकज राठी का शव शनिवार को खेत में पड़ा मिला है। उसकी गला रेतकर हत्या की गई। परिवार ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांगनौली गांव में रहने वाले पंकज राठी उर्फ गोटा दोघट थाना का हिस्टीशीटर है। उस पर लूट, हत्या और हत्या के प्रयास सहित 15 मामलों में मुकदमा विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घरवालों ने बताया कि शुक्रवार की रात को खबर मिली कि खेतों में आवारा जानवर घूस गए हैं। उन्हें भगाने के लिए पंकज रात में ही खेत गया और वापस नहीं लौटा। शनिवार की सुबह खून से सनी हुई उसकी लाश खेत में मिली है। अपने खेत जा रहे किसान रोशनपाल ने शव को देख कर परिवार को खबर दी।सूचना मिलने पर दोघट थानाध्यक्ष सोनवीर सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। खेत पर परिवार के जितेंद्र राठी पहुंचे और शव की पहचान की। छानबीन के दौरान डॉग स्क्वायड की टीम को शव के नीचे एक चाकू पड़ा मिला। इस पर परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### झांसी में ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर तीन लोगों की मौत

**झांसी :** मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात को अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटने उसके नीचे दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वाले रहने वाले एक ही परिवार के थे।मध्य प्रदेश के कुडयाला थाना बम्होरी कला के रहने वाले कुछ लोग मूंगफली की फसल बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से मऊरानीपुर आए थे। देर रात को वे सभी ट्रैक्टर पर लोहे के सरिया लेकर वापस लौट रहे थे। मऊरानीपुर टीकमगढ़ मार्ग के ग्राम कुआगांव के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। उसके नीचे पुष्पेंद्र, रामबख्त और लखनलाल नीचे दब गए। मौजूद राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सक ऊदल श्रीवास ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मऊरानीपुर थाना प्रभारी का कहना है कि हादसे में जिन लोगों की मृत्यु हुई वे सभी एक ही परिवार के थे। घटना के संबंध में परिवार को जानकारी देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आजादी के बाद पहली बार 10 महिला सरपंचों ने संसद की चौखट में रखे कदम

**हमीरपुर :** वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के सपने को साकार करने के लिए हमीरपुर समेत समूचे उत्तर प्रदेश से सौ गांव की महिला सरपंचों ने संसद भवन की चौखट में कदम रखे। आजादी के 76 साल बाद पहली बार यहां की गांव की कई महिला सरपंच सवैधानिक प्रावधानों की समझ और संसदीय प्रक्रिया विषयक कार्यक्रम का हिस्सा बनी।उत्तर प्रदेश के हमीरपुर, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा, बागपत, बाराबंकी से सौ महिला ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विका संस्थान लखनऊ की ओर से पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम का मकसद महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण करना है। ये गांव की सरपंचें वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प के सपने को पूरा करेगी।

### हाईजैक शिप से क्रू को बचाने के बाद अब लुटेरों की तलाश में नौसेना

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना की सूझबूझ और बहादूरी की हर तरफ तारीफ हो रही है। शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए जहाज में फंसे सभी 21 लोगों को बचाने के बाद अब नौसेना लुटेरों की तलाश में जुटी है। इसके लिए वह संदिग्ध जहाजों की जांच कर रही है। गौरतलब है, नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया था कि उन्हें सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज की तलाश कर आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3-15 बजे अरब सागर में सोमालिया के तट के पास अगवा पोत को घेर लिया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## चंद्रयान-3 के बाद भारत ने रचा एक और इतिहास

# अपनी मंजिल पर पहुंचा आदित्य एल-1

## इसरो द्वारा हासिल की गई एक और बड़ी उपलब्धि : राष्ट्रपति

**1.5** मिलियन किलोमीटर पृथ्वी से लगभग दूर अपनी अंतिम गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया आदित्य-एल 1

**एल1** बिंदु पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है, जहां इसे स्थापित किया गया है



### क्या है एल-1 प्वाइंट

एल-1 प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच मौजूद पांच स्थानों में से एक है, जहां दोनों पिंडों का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के बीच साम्यता है। मोटे तौर पर ये वे स्थान हैं, जहां दोनों पिंडों की गुरुत्व शक्ति एक दूसरे के प्रति संतुलन बनाती है। पृथ्वी और सूर्य के बीच इन पांच स्थानों पर स्थिरता मिलती है, जिससे यहां मौजूद वस्तु सूर्य या पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में नहीं फंसती है। एल-1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चांद पर उतरने के बाद भारत ने एक और इतिहास रच दिया है। सूर्य मिशन पर निकले इसरो के आदित्य एल-1 ने अपनी मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) पर पहुंच कर एक कीर्तिमान हासिल किया है। इसी के साथ आदित्य-एल 1 अंतिम कक्षा में भी स्थापित हो गया। यहां आदित्य दो वर्षों तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने 2 सितंबर को लॉन्च किया था।

**18 सितंबर से शुरू कर दिया काम**

शुक्रवार को आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में सफर करते हुए 126 दिन पूरे हो गए। अपनी यात्रा शुरू करने के 16 दिन बाद यानी 18 सितंबर से आदित्य ने वैज्ञानिक डाटा एकत्र करना और सूर्य की इमेजिंग शुरू कर दी थी। वैज्ञानिकों को अब तक एल-1 से सौर ज्वालाओं के हाई-एनर्जी एक्स-रे, फुल सोलर डिस्क इमेज मिल चुके हैं। पीएपीए और एएसपीईएक्स के सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर सहित चार उपकरण फिलहाल सक्रिय हैं और अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। हेलो आर्बिट में पहुंचने के बाद सूईट पेलोड सबसे पहले सक्रिय होगा।

### उत्सकुता से देख रही दुनिया

इसरो के इस अभियान को पूरी दुनिया में उत्सुकता से देखा जा रहा है, क्योंकि इसके सात पेलोड सौर घटनाओं का व्यापक अध्ययन करेंगे और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय को डाटा मुहैया कराएंगे, जिससे सभी सूर्य के विकिरण, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का अध्ययन कर पाएंगे। अंतरिक्ष यान में एक कोरोनोग्राफ है, जो वैज्ञानिकों को सूर्य की सतह के बहुत करीब देखने और नासा व यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सौर और हेलिओस्फेरिक वेधशाला मिशन के डाटा को पूरक डाटा मुहैया कराएगा। क्योंकि, आदित्य एल-1 अपनी स्थिति में स्थित एकमात्र वेधशाला है।

### भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया : पीएम मोदी

इसरो की इस सफलता पर पीएम मोदी ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर इसरो की सराहना करते हुए लिखा कि भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल 1 अपने गंतव्य तक पहुंच गई। सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। यह असाधारण उपलब्धि सराहना योग्य है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में देश के साथ शामिल हैं।

**5** महीने पहले 2 सितंबर, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सूर्य के अध्ययन के लिए लॉन्च किया गया था।

### यह शाल भारत के लिए शानदार रहा: जितेंद्र

इसके साथ केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को ट्वीट करते हुए कहा कि मून वॉक से लेकर सन डांस तक भारत के लिए यह साल कितना शानदार रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में टीम इसरो ने एक और सफलता की कहानी लिखी है। सूर्य-पृथ्वी कनेक्शन के रहस्यों की खोज के लिए अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है।

### सात पेलोड हैं तैनात

आदित्य पर सात वैज्ञानिक पेलोड तैनात किए गए हैं। इनमें विजिबल एमिशन लाइन कोरोनोग्राफ (वीईएलसी), सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (सूइट), सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (सोलेक्सस), हाई-एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (हेल1ओएस) शामिल हैं, जो सीधे तौर पर सूर्य को ट्रैक करें। वहीं, तीन इन-सीटू (मौके पर) मापने वाले उपकरण हैं, जिनमें आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स), प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए), और एडवांस थ्री डाइमेंशनल हाई रिजोल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर (एटीएचआरडीएम) शामिल हैं।

### ईडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार, साहिबगंज डीसी सहित तीन को भेजा समन

**रांची :** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार जांच कर रही है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सहित तीन लोगों को समन किया है। इनमें 16 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। जबकि 11 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और 15 जनवरी को विनोद सिंह को पूछताछ के लिए समन किया गया है। इससे पूर्व ईडी की टीम ने तीन जनवरी को साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया था। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

## रक्षा मंत्री ने हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम का किया शिलान्यास



**विश्व का सबसे बड़ा गुरुकुल होगा हरिद्वार का गुरुकुलम बाबा रामदेव**

एजेंसी

**हरिद्वार :** उत्तराखंड के हरिद्वार में 500 करोड़ की लागत से बनने वाले पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् का महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सिख धर्म है, शिष्य शब्द से ही निर्मित है। भारत में कई सारे ऐसे धर्म और संप्रदाय हैं, जो गुरुवाणी के आधार पर ही कायम हैं। यदि भारतीय संस्कृति जीवित है और यह सनातन बनी हुई है, तो इसकी जीवंतता को बनाए रखने में इस देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि गुरुकुल परंपरा ने भारत को पूरे विश्व में स्थान दिलाया है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करने की भी बात कही। नई शिक्षा नीति पर रक्षा मंत्री ने कहा कि कई राज्यों ने नई शिक्षा नीति के तहत अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें अचानक परिवर्तन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मैकाले शिक्षा पद्धति ने देश को राजनीतिक और मानसिक रूप से गुलाम बनाया।बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि का यह गुरुकुलम विश्व का सबसे बड़ा गुरुकुल होगा।

आगामी 5 वर्षों में पतंजलि योगपीठ 5000 करोड़ रुपये के निवेश से भारतीय शिक्षा में बड़ी क्रांति लाएगा। उन्होंने कहा कि योग, स्वदेशी के बाद पतंजलि की ओर से शिक्षा जगत की यह तीसरी बड़ी क्रांति होगी। उन्होंने कहा कि अब हरिद्वार दुनिया में शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेगा।

## एक देश-एक चुनाव पर जनता से मांगे गए सुझाव

*** रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने जारी किया नोटिस**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गठित समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव को लेकर जनता से सुझाव मांगे हैं. उच्चस्तरीय समिति ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा. नोटिस में कहा गया है कि सुझाव समिति की वेबसाइट पर दिए जा सकते हैं या ईमेल के जरिए भेजे जा सकते हैं. समिति का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था और तब से दो बैठकें की गई हैं. हाल में समिति में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनके विचार मांगे थे. यह पत्र छह राष्ट्रीय दलों, 22 क्षेत्रीय दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को भेजे गए थे. समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने. विधि आयोग को इस मुद्दे पर दोबारा बुलाया जा सकता है.विचारार्थ विषय के अनुसार, समिति का उद्देश्य भारत के संविधान और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के लिए सिफारिशें करना है. इस उद्देश्य के लिए संविधान, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 और नियमों और अन्य कानूनों में विशेष संशोधनों की सिफारिश करना है, जो एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक होंगी.

## भारतीय महिला हॉकी टीम का हुआ स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वालिफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार को खूंटी पहुंची। इस दौरान पारंपरिक रूप से टीम का स्वागत किया गया। खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच का अभ्यास भी किया। टीम में खूंटी जिले की निक्की प्रधान सहित भारतीय टीम के सभी हॉकी खिलाड़ी शामिल थीं।

इस दौरान डीसी लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आईटीडीए सहित जिले के हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बिरसा कॉलेज परिसर के एस्ट्रोटर्फ मैदान में अभ्यास मैच खेलते देखा।अभ्यास के पश्चात लोकेश मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों एवं टीम के कोच को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खूंटी में टीम के अभ्यास से जिले में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा। खूंटी के लिए हर्ष की बात है कि यहां भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची है। उन्होंने सभी



खिलाड़ियों को मैच के लिए शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।इस दौरान निक्की प्रधान ने बताया कि हमारी टीम प्रेरित है, विशेष कर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारियां पूरी हैं। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उचित तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए हर्ष का विषय है कि वो अपने जिले में आकर मैच का अभ्यास कर रही हैं।उल्लेखनीय है कि रांची के मोरहाबादी स्थित मोरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक हुआ लॉन्च

# देश के बुनियादी मुद्दों पर केंद्रित होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा : खड़गे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है, क्योंकि सरकार ने उसे संसद में मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया. राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा 14 जनवरी से शुरू होगी और यह 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. इसमें शामिल लोग बसों से और पैदल यात्रा भी करेंगे. मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के बुनियादी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित होगी. उन्होंने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के नेताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को भी मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है.खरगे ने कहा,कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है,क्योंकि सरकार ने हमें संसद में अपने मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया. इस मंच के जरिए हम लोगों की बात सुनेंगे.उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनाव से पहले आयोजित






की जा रही यात्रा 66 दिनों में 110 जिलों, 100 लोकसभा क्षेत्रों और 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जिसकी शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी. उन्होंने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि वह विपक्षी नेताओं को धमकाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है.खड़गे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक भी लॉन्च किया।

### न्याय की ललकार लेकर हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर यात्रा के लोगो और टैगलाइन के साथ एक वीडियो पोस्ट किया. अपने पोस्ट के कैप्शन में राहुल ने लिखा, हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध- न्याय की ललकार लेकर. सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक. राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 67 दिनों में 6700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी.

### न्याय यात्रा में शामिल होंगे हेमंत सोरेन



रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति दे दी है। संभव है कि संथाल के किसी जिले में न्याय यात्रा के सहभागी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बनेंगे।राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के 13 जिलों से उनके नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी। ये यात्रा किस किस जिले से होकर गुजरेगी इसका रूट चार्ट अभी दिल्ली से नहीं आया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट चार्ट मिलने के बाद राजद, जदयू, आप, लेफ्ट एवं अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की जाएगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के कुसुवा गांव में फरार अभियुक्त नीतीश कुमार मेहता के घर स्थानीय दो गवाहों के मौजूदगी में इस्तेहार चिपकाया गया, इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया की नीतीश कुमार मेहता के खिलाफ देवरी ओपी में केस नंबर 99/23 के तहत पोस्को एक्ट समेत आइपीसी की धारा के तहत आरोपी है, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था, माननीय न्यायालय पालामु द्वारा उसे न्यायालय में 5 फरवरी 2024 को हाजिर होने को लेकर इश्तेहार चिपकाने का आदेश निर्गत किया है।

# हरिहरगंज के पिपरघाट मुसहर टोला में कार्यपालक पदाधिकारी ने किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज सीओ सह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास ने कड़ाके कि ठंड को देखते हुए शनिवार की सुबह शहर के पिपरघाट मुसहर टोला में जाकर बच्चे, बूढ़े, महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यपालक पदाधिकारी के प्रभार ग्रहण करने के एक दिन बाद यामुन रविदास सबसे पहले मुसहर टोला पहुंचकर उनका हाल जाना करीब दो घंटा तक उनके साथ समय भी बिताया इस दौरान बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। साथही सरकार से मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी भी लिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सभी काफी गरीब परिवार हैं जिनको राशन नहीं मिलता है उनका राशन भी मुहैया कराया जाएगा। ठंड को देखते हुए मुसहर परिवार के सभी घरों में कंबल दिया गया है अलाव की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके पहले शुक्रवार की रात में शहर के न्यू बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई के साथ सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जाएगा। मौके पर सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, विचित्रा कुमारी, संजय राणा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सगमा गांव में असहाय एवं जरूरतमंदों के घर-घर जाकर किया कंबल वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सगमा एवं धुरकी प्रखंड के शारदा, लोलकी, सगमा गांव में असहाय एवं जरूरतमंदों के घर-घर जाकर कंबल वितरण किया।मौके पर उपस्थित सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के द्वारा ठंड से निजात दिलाने हेतु जरूरतमंदों एवं असहायों के बीच चरणबद्ध तरीके से कमल वितरण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सगमा एवं धुरकी के लोलकी , शारदा गांव में पूर्व से चयनित लोगों को घर-घर जाकर कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कपिल देव सिंह, शिव पहरिया, कुंवारी कुवर, मानिक सिंह, लक्ष्मण सिंह, मोरी देवी, सोहनी देवी, भानुमति देवी, तुलसी पहर्रिया, विद्यावती कुँवर, पकौड़ी प्रसाद, पलटन परहरिया, कुंदन राम, लक्ष्मण राम, मैत्री देवी, सहित अन्य लोगों को घर-घर जाकर कंबल दिया गया है। उक्त अवसर पर कटहर गढ़ के मनोज प्रताप देव, श्रीकांत सिन्हा, राजीव सिन्हा, अजय प्रसाद गुप्ता, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने वृद्धा आश्रम में किया बेडशीट व तिलकुट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के सदस्यों द्वारा शनिवार को वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध लोगों के बीच बेडशीट व तिलकुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप द्वारा हमेशा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों की सहायता करना हम सबों का कर्तव्य है.वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध बेडशीट और तिलकुट पाकर खुश थे। मौके पर डॉ. धर्मचन्द लाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार,हृदया नंद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, धीरज कुमार, सुजीत कुमार, शुभम सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्व. रामकेश्वर साव का मनाया गया पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** स्व. रामकेश्वर साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर 24 घंटा का श्री सीताराम नाम जाप का अखंड कीर्तन कार्यक्रम आयोजित की गई। श्री राम नाम के जाप से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। भक्ति भाव की रास में डूब गया। यह आयोजन नहर मोड़ छत्तरपुर रोड के समीप स्व. रामकेश्वर साहू की प्रतिमा स्थल परिसर में भाजपा हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता द्वारा आयोजित की गई। इसके पूर्व स्व. रामकेश्वर साहू के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। दीप प्रज्वलित कर 24 घंटा का श्री सीताराम नाम जाप का अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। अजय गुप्ता ने बताया कि अखंड कीर्तन के समापन के बाद भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया है। उन्होंने अयोजिय भंडारा में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है। आचार्य द्रोणाचार्य तिवारी, रामप्रवेश सिंह, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, बद्रीनरायण सिंह, संतोष सिंह, श्रवण अग्रवाल, भृगुनन्दन सिंह, महंत चंद्रदीप सिंह, जाकिर अली, जयश्री बैठा, शंकर विश्वकर्मा, रवि गुप्ता, लालधन ठाकुर, शिवपूजन गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, डबल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# पूजित कलश अक्षत का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हरीनगर खंड के बिलासपुर मंडल अंतर्गत ग्राम लपेया में श्रीराम भक्तों के द्वारा अयोध्या से आए हुए पूजित कलश, अक्षत और पत्रक का वितरण हेतु भव्य जनजागरण सोभायत्रा निकाला गया।साथ ही सनातनी भाई बधुओं से आग्रह किया गया की आने वाले 22 जनवरी के दिन श्री राम प्रभु जी का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ होने वाला है। इसलिए इस दिन कम से कम प्रत्येक घरों में पांच दीपक प्रज्वलित जरूर होनी चाहिए। साथ ही लोगों के बीच में मिठाईयां बाटकर भजन कीर्तन करके खुशियां मनाना है। इस शोभायात्रा में उपस्थित देवदत्त सिंह, शिव कुमार जी, बबलू सिंह मुखिया राजकुमार राम जी, अन्य लपेया गांव के सैकड़ों श्रीराम भक्त ने इस शोभायात्रा में शामिल होकर लोगों को जन जागृत किए।

# विकसित भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का किया गया सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पंचायत सचिवालय पिपरडीह में विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया उषा देवी ने किया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के आगमन पर मां जेएसएलपीएस की महिला दीदी लोगों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचल अधिकारी सुनील कुमार, मुखिया उषा देवी,उप मुखिया असगर अली, बीडीसी कृष्णा राम ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए गए योजनाओं के लाभुक योजनाओं के लाभ प्रकार किस तरह अपनी समस्या का निदान करेंगे, इसकी विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जैसे कई योजनाओं का त्वरित लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस धनंजय कुमार, सीसी भरत कुमार, बीटीएम विजय यादव, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केसरी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतरी को लेकर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोप्पो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का समीक्षा किया गया। साथ ही साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंदवा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य कार्यक्रम को आमजनों के लिये बेहतर बनाने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिया गया है। भ्रमण एवं निरीक्षण के क्रम में यक्ष्मा कार्यक्रम, लेप्रोसी कार्यक्रम, एनसीडी एवं आयुष्मान कार्ड समेत अन्य कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गई है एवं 30 जनवरी 2024 से शुरुआत हो रहे हैं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान के द्वितीय चक्र के सफल क्रियान्वयन के लिये आवश्यक दिशा निर्देश भी दि गई है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंदवा डॉक्टर राजेश कुमार, डीडीएम अखिलेश्वर सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# वन पट्टा को लेकर जिप सदस्य ने किया अनुशंसा, विभिन्न खेल मैदान की होगी जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** जिला कल्याण पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा अंचल पदाधिकारी केतार को पत्र प्रेषित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अंचल के विभिन्न पंचायतो में खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने को लेकर दवा पत्र के उपरांत अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। उक्त कल्याण पदाधिकारी ने प्रेषित पत्र में यह उल्लेख किया है कि केतार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद के द्वारा 25 दिसंबर 2023 को निम्नवत अनुशंसा की गई है। जिसमें पंचायत परती कुशवानी के ग्राम बतो कला स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण एवं खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा, पंचायत केतार ग्राम केतरी स्थित शीतला धाम के प्रांगण एवं खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा, पंचायत मुकुंदपुर ग्राम मुकुंदपुर स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण एवं खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा, पंचायत मुकुंदपुर ग्राम ताली स्थित अमराही दह सूर्य मंदिर के प्रांगण एवं खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा, पंचायत परसोडीह ग्राम बांसडीह कला में बुढ़ी खोह स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण एवं खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा को लेकर उक्त जिला परिषद ने अनुशंसा किया है।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के जागरूकता नगर भ्रमण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत क्षेत्र में महावीर मंडल, खाटीन के द्वारा रामनाम-संकीर्तन के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम के प्राण प्रतिष्ठा के नियमित जागरूकता अभियान नगर-भ्रमण की शुरुआत की गई है। छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी मंदिरों में 22 जनवरी 2024 दिन-सोमवार को संकीर्तन, श्री हनुमान चालीसा पाठ, रामायण पाठ, विजय महामंत्र का सामूहिक जाप व आरती, प्रसाद वितरण हो इसी उद्देश्य की पूर्णता के लिए। आज दिनांक- 06 जनवरी 2024 शनिवार की सुबह पंचमुखी श्रीहनुमान मंदिर से खाटीन देवी मंडप होते डाक-बंगला शिव मंदिर, सरईडीह मोड़ श्री हनुमान मंदिर, छतरपुर बाजार शिव मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, सोनार मुहल्ला शिव मंदिर होते पुनः पंचमुखी मंदिर परिसर तक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मौसम खराब होनें के बावजूद भी श्रद्धालुओं की काफी संख्या में उपस्थिति रही जिसमे रामवृक्ष प्रसाद, नन्दू साव, रविंदर प्रसाद, विश्वनाथ साव, निर्मल साव, सुबोध पासवान, संतोष प्रसाद, गुरु प्रसाद साहू सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# गरीबों को ठंड से बचाने हेतु नगर प्रशासन यथाशीघ्र करे उपाय : ऋषि पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋ षि पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहरी से यहां के गरीब परिवार काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा ठंढ से बचाव हेतु यथाशीघ्र उपाय करे। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के बीच जो कंबल वितरित किया गया था, वह नाकाफी है। कई वास्तविक जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को कंबल नहीं मिल पाया है। नप द्वारा अलाव की व्यवस्था भी आधी अधूरी ही की गई है। श्री पांडेय ने नगर प्रशासन से अपील किया कि जरूरतमंदों के बीच तत्काल कंबल का वितरण किया जाए। इसके अलावा नप क्षेत्र के सभी वार्डो के चौक चौराहों पर अलाव की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने क्षेत्र के साधन संपन्न व्यक्तियों से भी जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आने का आग्रह किया।

# हरिहरगंज में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर में सैकड़ों मरीजों ने जांच कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी मार्केट में शनिवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के पिपरघाट, डेमा, अंबा, कोसडीहरा सहित ग्रामीण क्षेत्र के कोल्वुवाडा, सुल्तानी, ढाब सहित कई गांव के सैकड़ो लोगों ने मोतियाबिंद का जांच कराया। जमुआर अस्पताल से आये चिकित्सकों ने सभी का जांच किया। आयोजक राकांपा नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि सभी मरीजों को आपरेशन के लिए दस जनवरी को सुरक्षित बस से जमुहार भेजा जाएगा, किसी भी मरीज़ एवं उनके परिजनों को आने जाने में कोई खर्च नही होगा, उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है, जीवन में आंखो कि रोशनी सबसे महत्वपूर्ण है। हर वर्ष शिविर लगाकर मोतियाबिंद मरीजों का इलाज कराते आ रहे है और आगे भी करते रहेंगे। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही है। डाक्टर रश्मि कुमारी ने सभी मरीजों का जांच किया। मौके पर अनिष्का कुमारी, सुनिल सिंह, रामवृक्ष मस्ताना सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डॉ. राजेश मालवा ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण, लोगों को सर्दी से मिलेगी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को डॉक्टर राजेश मालवा ने प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया।मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि मानव सेवा पुण्य का काम है गरीबों का सेवा इंसान को जरूर करना चाहिए जिससे की गरीब का भला हो सके ऐसे लोगो का सेवा करने में आशीर्वाद प्राप्त होता हैं। डॉ0 राजेश मालवा ने कहा कि झरिवा पंचायत मेरा जन्म भूमि है और कर्म भूमि हैं हम इन्ही चाचा, भईया, दादा के बीच पले बढ़े हैं इसी मोहोल से होकर इनलोगो के आशीर्वाद से आज हम हड्डी शल्य चिकित्सक है हमको पता है कि भविष्य में दुःख सुख सबों के साथ आता जाता रहता हैं गरीब दुःखी असहाय लोगो का सहायता करना पुण्य का काम हैं मानव जीवन में दुःख सुख बाटकर इंसान को चलना चाहिए। स्त्री रोग चिकित्सक डॉक्टर पूर्णिमा गोंड ने कहा कि भविष्य में इंसान के साथ सुख दुःख लगा रहता हैं सब समय एक जैसा नहीं रहता है इसलिए इंसान को मानव सेवा जरूर करना चाहिए जिससे की गरीब असहाय इंसान कोई छोटी से छोटी सहायता मिल जाता है तो वैसे लोग सुख दुःख में मदद करने वाले व्यक्ति को आशीर्वाद जरूर देता हैं। मौके पर मुखिया बबिता देवी, पंचायत समिति चंचला देवी, वार्ड सदस्य शोभा देवी, जेम्स मालवा, सहित दर्जनों ग्रामीण जनता कंबल वितरण में शामिल थें।

# बालूमाथ में राजद ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ राजद प्रखंड कमिटी द्वारा शनिवार को होटल लोट्स हार्ट में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव के अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जिला प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजित श्रीवास्तव समेत कई लोगों ने भाग लिया ।कार्यक्रम में प्रखंड नवनिर्वाचित प्रखंड कमिटी के सदस्यो को प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए उसे अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य दलों को छोड़कर राजद में शामिल हुए कई लोगों को गमछा व माला पहना कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ही एक देश में ऐसा नेता है जो गरीब दलित पिछड़ों की आवाज बनकर लोगों की बात को रखते हैं। राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय की पार्टी है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को संगठित एवं मजबूत करने की आवश्यकता है। ताकि आने वाला लोकसभा चुनाव में विरोधियों को सबक सिखाया जा सके। वही मंच को प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी,प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश राम समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए राजद कार्यकर्ताओं को गांव-गांव एवं घर-घर तक जाकर संगठन को मजबूती करने पर बल दिया । इससे पूर्व राजद कार्यकर्ताओ ने बालूमाथ के शहीद चौक से जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए पैदल होटल लोट्स हार्ट पहुंचे ।मंच संचालन बीरेंद्र यादव ने किया।

### संक्षिप्त खबरें

## टीएसपीसी का पैसा नहीं लौटाने के कारण अभिषेक की हुई हत्या

**रांची।** शनिवार को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव के हत्या की जिम्मेदारी टीएसपीसी संगठन ने ली। टीएसपीसी संगठन की ओर से उत्तरी दक्षिणी सीमांत जोनल कमिटी के कामरेड अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की पूरी बातें कही। पत्र के जरिये कहा कि बालूमाथ के राजेंद्र साव की तर्ज पर हत्या को अंजाम दिया गया। कामरेड अभिषेक ने कहा कि अभिषेक श्रीवास्तव संगठन का पैसा रखा हुआ था। कई बार संगठन का पैसा मांगने के बावजूद लौटा नहीं रहा था। बता दें कि गुरुवार की सुबह के समय स्कॉर्पियो सवार उग्रवादियों ने घर के पास कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल पर 108 शिकायतें लंबित, 29 को आईजी करेंगे समीक्षा

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल (लोक शिकायत) प्रशाखा में 108 शिकायतें बीते छह माह से अधिक समय से निष्पादन के लिए लंबित हैं। यह शिकायतें आम लोगों ने झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल पर दर्ज कराई है। हालांकि, बीते एक माह में 35 शिकायतों का निष्पादन किया गया है। इसमें सबसे अधिक 45 शिकायत रांची जिले में लंबित हैं। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल प्रशाखा में लंबित शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये आईजी मुख्यालय 29 जनवरी को राज्य के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। रांची से 45, धनबाद से 21, गिरिडीह से तीन, साहिबगंज से 12, चतरा से छह, बोकारो से तीन, गढ़वा से एक, कोडरमा एक, जमशेदपुर से तीन, हजारीबाग से एक, लोहरदगा से एक, पाकुड़ से दो, पलामू से पांच, गोड्डा से एक, सरायकेला से एक, सिमडेगा से दो शिकायतें लंबित हैं।

# दो दिवसीय श्री राम महोत्सव का आयोजन मेन रोड में होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अपने स्थापना साल 1971 से आकस्मिक कारणों को छोड़कर रांची शहर के हृदयस्थली के समीप चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति लगातार शहर वासियों को दुर्गा उत्सव के दौरान हर संभव प्रयास कर आकर्षक और मनोरम दुर्गा पूजा की प्रस्तुति करता आ रहा है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति आगामी 21 और 22 जनवरी को अपने पूजा स्थल के समीप एवं शहर के मुख्य मार्ग के पास अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रांची वासियो के लिए दो दिवसीय राम महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है । इसी के तहत चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से अपने संस्थापक सदस्यों पदाधिकारी एवं सदस्यों की मौजूदगी में भूमि पूजन किया गया। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा



पूजा समिति इस दो दिवसीय राम उत्सव में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का नैना विराम प्रारूप के साथ भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम से जुड़े कई झांकियां साथ में श्री राम जन्मभूमि से जुड़े कई इतिहासों को जीवंतता के साथ प्रस्तुत करने जा रहा है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी की ओर से स हृदय आग्रह है कि इस राम उत्सव में सम्मिलित होकर श्री राम लाल के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस आयोजन को बेहद ही खास बनाते हुए आयोजकों के मनोबल को और भी ऊंचा करें । चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर , जैनेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजू वर्मा , उपाध्यक्ष बबलू वर्मा ,पदाधिकारी विकास वर्मा दीपक वर्मा ओम वर्मा विक्की वर्मा ,रमेश कुमार, पूजा प्रभारी प्रदीप बर्मन, संदीप कुमार सोनू दुबे , सबलू मुंडा, मुन्ना चौरसिया, विक्की वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक का ले मज़ा, टीम रांची पहुंची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 13 से 19 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक का आयोजन। वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक का आयोजन झारखंड में होगा। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर स्पर्धा के लिए रांची तैयार है। 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होने जा रहा है। इसके लिए झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी के लिए तैयार है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर के अपने अपने मैच में भाग लेने के लिए इंडिया, इटली और यूएसए की महिला हॉकी टीम रांची पहले ही पहुंच चुकी है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर का पहला मैच 13 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच खेला जाएगा। 14 जनवरी



को अमेरिका और इटली के बीच एवं 16 जनवरी को भारत और इटली के बीच होगा। टीमों के प्रदर्शन के आधार पर पूल ए और पूल बी के टीमें विनर मैच खेलेंगी। पूल ए में जापान, चिली,जर्मनी, चेक गणराज्य एवं पूल बी में इंडिया, यूएसए , न्यूजीलैंड,और इटली की टीम हैं। झारखंड के अतिरिक्त ओमान मस्कट,(पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) में इसका आयोजन होने जा रहा है। बता दें कि पिछले हॉकी मैच में दर्शकों की भीड़ देखने लायक थी। स्टेडियम में जगह तक नहीं थी दर्शक बाहर मोराहबादी मैदान में लगे एलसीडी में मैच देखने पर मजबूर थे।

**चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम राँची पहुंची:** ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम शनिवार सुबह राँची पहुंची।बिरसा मुंडा हवाईअड्डा पहुंचने पर महिला खिलाड़ियों का पारंपरिक नृत्य और ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया।

## सीसीएल तकनीकी निदेशक ने उपायुक्त से मिलकर आभार व्यक्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त,रांची, राहुल कुमार सिन्हा से निदेशक सी.सी.एल (तकनीक), महाप्रबंधक (असैनिक विभाग), महाराणा एवं मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) शंकर कुमार झा बी. साई राम एवं बाबा साहब अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट, नासिक के अधिकारियों एवं डाक्टर की टीम ने मिल कर उपायुक्त रांची और जिला प्रशासन के द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। जानकारी हो की रांची में 200 बिस्तर वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी) की स्थापना के लिए सीसीएल द्वारा खुली निविदा के माध्यम से डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैदिक प्रतिष्ठान (बीएवीपी), औरंगाबाद (एक ट्रस्ट आधारित गैर-लाभकारी संगठन) का चयन किया गया है। वे अस्पताल का संचालन करेगी। समझौता के तहत 25 वर्ष की अवधि के लिए अपनी सेवा देगी। आज सी.सी.एल. के सहयोग से निर्माण होने वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साइट का भ्रमण किया गया एवं रांची जिला प्रशासन के सहयोग से अगले 2 वर्षो में काम पूरा कर लेगी।

## अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल के छात्रों के बीच किया स्वेटर वितरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के दरमियान स्वेटर वितरित किया गया। शर्दियों के मौसम में बच्चे स्कूल यूनिफार्म के तौर स्वेटर नहीं रहने के कारण स्कूल से गैरहाजिर रहते है। जिससे ड्रॉप आउट का खतरा बना रहता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी, रांची के वार्ड 11 के कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में करीब 50 से अधिक छात्र छात्राओं के बीच स्वेटर का वितरण किया । इस दौरान स्कूल के छात्रों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। इस मौके पर




फ्रेंड्स ऑफ सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद, सचिव सोहेल अख्तर, सदस्य इम्तियाज अहमद और सोहेल सहित जमीअतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू , महासचिव परवेज कुरैशी, गुलाम जावेद ,ताजमुल कुरैशी, आफताब कुरेशी, फरहाद कुरैशी एवं अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल की प्रिंसिपल अमीना कच्छी, जेसिंटा कुल्लू , सबीहा, नगमा, सादिया, मुस्कान ,अनम, तन्वी सभी शिक्षाएं उपस्थित थी।

## चार दिनों से लापता युवक का शव बड़ा तालाब से हुआ बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बड़ा तालाब से एक युवक का शव तैरता हुआ मिला है। शव मिलने की सूचना पर तालाब के आस-पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद कोतवाली थाना को जानकारी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छानबीन में पुलिस को यह। जानकारी हुई कि मृतक व्यक्ति का नाम आसिफ है और वह चार दिनों से लापता था। आसिफ सुखदेवनगर का रहने वाला था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश ने इस संबंध में बताया कि फिलहाल शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पोस्टमार्टम



रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के मूल कारणों का पता चल सकेगा। हालांकि पुलिस परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ के अलावा हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं परिजनों का कहना था कि पुलिस यदि गंभीरता से खोजबीन करती तो इस हालत में शायद आसिफ नहीं मिलता।

## रांची विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना : दुर्गेश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदेश मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत सिन्हा आईआईटी रुड़की जैसे शिक्षण संस्थानों के तर्ज पर रांची विवि के पास सभी प्रकार के भवन, कर्मचारी एवं सुविधाएं रहने के बावजूद भी आखिर क्यों कुलपति विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को बाहरी स्त्रोतों के हाथों में सौंपकर विश्वविद्यालय के विधि व्यवस्था को चौपट करने का कार्य कर रहे हैं। यादव शनिवार को रांची विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं और आउटसोर्सिंग कंपनी को हटाने को लेकर प्रान्त कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग का विरोध शुरू से ही विद्यार्थी परिषद करती आई है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अविलंब छात्र हित में जल्द से जल्द फैसला ले अन्यथा परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदेश सह-मंत्री दिशा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय पूर्णतः भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है आये दिन छात्र छात्राओं को प्रवेश परीक्षा एवं परिणाम को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी नये नये टेंडर करने में व्यस्त रहते हैं। परीक्षा संबंधी कार्यों का आउटसोर्सिंग करना और भारी गड़बड़ी के बावजूद भी उस निजी कंपनी को संरक्षण देना यह बताता है कि दाल में कुछ काला है। रांची महानगर जिला संयोजक अमर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय आये दिन सभी विभागों को प्राइवेट कंपनी को सौंपता जा रहा है। परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय की विधि व्यवस्था पूर्णतः ठप हो चुकी है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार के लिए नहीं, बल्कि अपने व्यक्तिगत एजेंडे के साथ काम कर रहे है।

## राष्ट्रीय पुस्तक मेला के अंतिम दिन पुस्तक प्रेमियों से रहा गुलजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राष्ट्रीय पुस्तक मेला 29 दिसंबर से 7 जनवरी 2024 तक रांची के जिला स्कूल में लगाया गया है । यहां पर पुस्तक प्रेमियों की भीड़ देखी जा रही है। सभी तरह के पुस्तकें यहां पर उपलब्ध है । शायरों की शायरी, गजल, हिंदी , उर्दू , सभी धार्मिक पुस्तकें , रंगमंच से शेक्सपियर , प्रेमचंद, शायर जौक, मजाज़, साहिर लुधियानवी , कवि हरिवंश राय बच्चन, इसके अलावा फिल्म अभिनेता के अजित की जीवनी , पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल



कलाम की जीवनी, शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी, हिटलर,मैक्सिम गोरकी, पलामू, मुस्लिम विभूतियां, झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावना एवं चुनौतियां, डिक्शनरी, आईएएस, आईपीएस से संबंधित पुस्तकें पूरे पुस्तक मेरे परिसर में देखने को मिल रहा है । वहीं शाम होते ही गोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। शाम ढलते ही पुस्तक प्रेमियों की भीड़ उमड़ रही है। जैसे-जैसे समय गुजर वैसे वैसे पुस्तक प्रेमियों की दिल की धड़कनें भी बढ़ रही है। क्योंकि उन्हें बहुत सारी किताबें खरीदनी थी ,देखनी थी, कुछ पुस्तक प्रेमियों ने किताबें खरीद पाए, कुछ लोग किताबें नहीं खरीद पाए, पुस्तक प्रेमियों का कहना था कि लंबे समय बाद पुस्तक मेला लगा है तो किताबों में डिस्काउंट और अधिक होना चाहिए । हालांकि सभी लोगों ने किताबों को खरीदा ,पसंद किया और कहा कि आगे भी इसी तरह का पुस्तक मेला लगते रहे।

## बिना डायलिसिस के किडनी एवं हार्ट फेल का हुआ सफल इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोडरमा निवासी एक 33 वर्षीय पुरुष, जिसकी संवेदना शून्य थी और पिछले 1 दिन से सांस की तकलीफ बढ़ने की शिकायत के साथ पारस एचईसी अस्पताल आया, क्योंकि बाहर के अस्पताल में उसे अविलंब डायलिसिस करने की सलाह दी गई थी। अस्पताल में जाँच करने पर उक्त व्यक्ति के अंडकोश एवं किडनी में गंभीर इन्फेक्शन पाया गया। पल्स - 128/मिनट्,बीपी160/20 पाया गया । मरीज़ को गंभीर मेटाबोलिक एसिडोसिस था। मरीज़ को खराब जीसीएस के कारण आपातकालीन स्थिति में तुरंत इंटुबैट किया गया। छाती का एक्स रे करने पर पल्मोनरी एडिमा पाया गया, जिसके कारण तत्काल हृदय रोग विशेषज्ञ की राय ली गई। मरीज़ के तीव्र हृदय विफलता को देखते हुए पारस एचईसी अस्पताल के चिक्त्सकों ने इलाज शुरू किया। इन्फेक्शन की पुष्टि होने के बाद मरीज़ को शुरुआत में एंटीबायोटिक्स दिया गया और अन्य सहायक उपायों के साथ अस्पताल में इलाज चलने लगा। जल्द ही मरीज़ के जीसीएस में सुधार पाया गया और रोगी की हालत में सुधार होने लगा। धीरे धीरे किडनी ठीक होने लगा और साथ ही इन्फेक्शन भी कम होने लगा। मरीज की हालत में सुधार होने पर उसे आईसीयू से बाहर शिफ्ट किया गया। मरीज़ के अंडकोश की सूजन भी कम हो गई। जिसके फलस्वरूप हृदय के पम्प करने की क्षमता में काफ़ी सुधार आया।

पारस एचईसी अस्पताल के चिकित्सक डॉ अशोक कुमार बैद्य ने बताया कि अंडकोष में इन्फेक्शन के कारण हृदय के पंप करने की क्षमता धीमी हो गई थी जिसे सेप्टिक कार्डियोमायोपैथी कहते हैं।

## अंजय श्रीवास्तव को होटवार जेल का नया जेलर बनाया गया

**रांची।** जेलर अंजय श्रीवास्तव को होटवार जेल का नया जेलर बनाया गया है। अंजय श्रीवास्तव को गढ़वा जेल से शनिवार को विरमित कर दिया गया है। इसके पहले अंजय श्रीवास्तव जमशेदपुर के साकची जेल के बड़ा बाबू थे। उसके बाद घाघडीह जेल के असिस्टेंट जेलर और जेलर भी रहे। इसके अलावा वह गिरिडीह और खूंटी जेल के भी जेलर रहे हैं। बता दे की एक स्थानीय अखबार के संपादक को अपराधी द्वारा जेल से धमकी देने के बाद जेलर सहित दो पुलिसकर्मी को पटवारी जेल से निलंबित कर दिया गया।

## पृथ्वी पर जब जब पाप बढता है, तब तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं : गुरु महाराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गुरु महाराज हवाई मार्ग से विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन रांची पहुंचे जहां उनके शिष्यों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शनिवार 06 जनवरी 2024 को मंगलाचरण के साथ कथा प्रारंभ कथा का समय अपराहन 2ः00 से 5ः00 तक श्रीमद् भागवत कथा के यजमान अमिता विशाल, मनीषा मनीष, नम्रता मिलन जालान एवं जालान परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने बड़े प्रेम से श्रीमद् भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की। श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ कथा की अमृत वर्षा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने किस श्रवन किया। पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ दिवसीय श्री कृष्ण कथा के व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण कथा मधुर रस युक्त है बालक युवा एवं वृष सभी को प्रिय लगती है भगवान श्री कृष्ण के यस का श्रवण और कीर्तन दोनों पवित्र करने वाला है वे अपने कथा सुनने वालों के हृदय में आकर विराजमान हो जाते हैं एवं उनके अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते हैं जब अशुभ वासना नष्ट हो जाती है तब पवित्र कृष्ण भगवान श्री कृष्ण के प्रति अस्थाई प्रेम की प्राप्ति होती है

**श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ कथा की अमृत वर्षा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने किस श्रवन किया।**

हृदय में आप स्वरूप भगवान का साक्षात्कार होते ही हृदय की ग्रंथि टूट जाती है और सारे संदेश स्वयं मिट जाते हैं और कर्म बंधन सुन हो जाता है।

## 7 से 12 जनवरी तक लगेगा राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 7 जनवरी से 12 जनवरी तक रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में एक बार फिर राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल होंगे। इसके साथ ही राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी, रांची सांसद संजय सेठ और रांची विधायक सिपी सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। बता दें की खादी एवं सरस महोत्सव में कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। साथ ही विभिन्न राज्यों से भी स्टॉल धारक आएंगे जो अपने-अपने राज्य के खूबसूरत डिजाइनदार परिधान , बंडी, कोट,कंबल, वस्त्र ,कालीन, झूला,खिलौने, लजीज व्यंजन,झूला सहित अन्य वस्तुओं एवं सामग्रियों का स्टॉल यहां पर लगाए जाएंगे । राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव व खादी बोर्ड के सीओ रखालचंद्र



बेसरा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस बार 7 से 14 जनवरी तक राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जाना था ,लेकिन ओलंपिक हॉकी को देखते हुए 7 जनवरी से 12 जनवरी तक ही इसका आयोजन किया जा रहा है। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा , साथी स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा । व्यंजन के भी व्यवस्था की गई है और झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों से भी स्टालधारक आ चुके हैं इन सभी के स्टाल लगाए जाएंगे । इस बार तीन बड़े स्टॉल हैंगर होंगे और 120 सरस महोत्सव के अपने स्टाल लगाए जाएंगे। वहीं 32 बड़े और स्टाल लगाए जाएंगे और इस बार भगवान बिरसा मुंडा के नाम से मंडप तैयार किया गया है। वही सेल्फी प्वाइंट दांडी यात्रा कॉन्सेप्ट पर तैयार की गई है। 10 टिकट रखा गया है। साथ ही हैंगर के जो नाम होंगे झारखंड के 8 फैब्रिक के नाम से होगा और इस बार 2 करोड रुपए का बजट रखा गया है।

## सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के समक्ष ठेका मजदूरों का आक्रोश प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में 15 , 16 वर्षो से कार्यरत ठेका मजदूर को केंद्र सरकार के न्यूनतम मजदूरी 628 रुपया भुगतान करने की मांग को लेकर हजारों मजदूरों में आक्रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। रांची सीसीएल दरभंगा हाउस के समक्ष ठेका मजदूरों ने गगन भेदी नारों के साथ प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी की जिसका नेतृत्व एटक के महासचिव अशोक यादव, भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह कर रहे थे । लोगों को संबोधित करते हुए एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि दरभंगा हाउस के पदाधिकारी एवं ठेकेदारों के मिली भगत से केंद्र सरकार के निर्धारित न्यूनतम मजदूरी को भी मजदूरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी मांगे जाने पर 20 मजदूरों को काम से हटा दिया गया । जिससे मजदूरों में काफी आक्रोश है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पूरे सीसीएल क्षेत्र में भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है । जरूरत पड़ने पर सीसीएल मुख्यालय में तालाबंदी किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक , एटक के महासचिव अशोक यादव ,जिला सचिव अजय सिंह, विनोद मिश्रा, लखविंदर राय ,कुणाल नाथ ,रवि, अजीत सहित हजारों की संख्या में सीसीएल मुख्यालय पर आक्रोष पूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# प्रधानमंत्री उज्जवला के गैस कनेक्शन व चूल्हा का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के खुखरा गांव के रतन टोली चौक स्थित अश्वनी इंडियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी द्वार शनिवार को प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना के तहत 16महिला लाभुको में गैस वितरण किया गया। वितरण गैस ऐजेन्सी के प्रबंधक श्याम सिंह की देख रेख में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर द्वारा किया गया। मौके पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत इंडियन गैस के 16 गैस कनेक्शन, सलेन्डर व चूल्हा का लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर उन्होन कहा कि हम्मारे प्रधानमंत्री भाई नरेन्द्र मोदी के पहल पर गरीब बहनो को निःशुल्क गैस कनेक्सन सेट के साथ दिया जा रहा है। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, भाजपा ग्रामीण जिला रांची एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, राजेश साहू, महामंत्री बलराम सिंह, प्रकाश साहू, खुखरा पंचायत मुखिया जतरू उरांव, उपमुखिया ज्ञानधर सिंह, सुखदेव उरांव, रामचंदर साहू,आदित्य ताम्रकार, रामजीत मुंडा, संजय लाल एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही ऐजेन्सी के रुपेश कुमार व बुधवा उरांव सहित कई लोग थे।

# फुटबॉल के फाइनल में बैलकट ने जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के राजाउलातु पंचायतअनतर्गत सुदूरवर्ति क्षेत्र हेसाबेड़ा में हो रहे एक दिवसीय फूटबॉल मैच फाइनल में पलानन्टी सूट मे बैलकट के खिलाड़ीयों ने हेसाबेड़ा के खिलाड़ीयों को 1-0 से पराजित किया। (माने बुरू मेला) तथा फूटबॉल खेल के मुख्य अतिथि के रूप में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन माननीय श्री रामजी यादव ने अपने संबोधन में कहा फुटबॉल खेल से खिलाड़ीयों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होती है खिलाड़ी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं, साथ हीं फूटबॉल खेल से भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर उचाईयों तक जा सकते हैं तथा रोजगार सुनिश्चित कर सकते है।आगे ये भी कहा कि जो बच्चे मैट्रिक एवं इंटर पढ़ाई कर पढ़ाई छोड़ दिएं हैं वैसे गरीब विद्यार्थी को मै अपने वाईबीएन यूनिवर्सिटी में निशुल्क शिक्षा मुहैया कराने का भी व्यवस्था कराएगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,आजसू पार्टी राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा,खेल आयोजक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य हजारों की संख्या में दर्शक तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# नीलांबर पीतांबर जयंती समारोह की तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** नीलांबर पीतांबर जन कल्याण समिति की बैठक बड़की टाँड़ में विश्वनाथ गंझु की अध्यक्षता में हुयी.बैठक में 10 जनवरी को बड़कीटाँड़ में आयोजित वीर शहीद नीलांबर पीतांबर जयंती समारोह की तैयारी की समीक्षा की गयी.साथ ही कार्यक्रम को लेकर सभी गांव से आये लोगो को जयंती समारोह के दिन अपनी पारंपरिक वेश भूषा तथा सांस्कृतिक टीम के साथ भारी संख्या में आने की अपील की गयी.जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि जयंती समारोह की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है.जयंती समारोह को लेकर गांव गांव में प्रचार प्रसार किया जा रहा है.इस जयंती समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है .इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा तथा विशिष्ट अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी एव सामाजिक कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया है.बैठक का संचालन अमृत भोगता ने किया.बैठक में नरेश गंझु, बुल्ला गंझु, धनराज भोगता, मनोज गंझू,प्रभाकर गंझु, कीनू गंझू, अरविंद सिंह,भरत गंझु, शिवदयाल गंझु, सोहराय गंझू, भोला गंझू, महेंद्र गंझू,बिगना भोगता, राहुल गंझू, राहुल गंझू,गोविंद भोगता,बालेश्वर गंझु, नान्हू गंझू, प्रकाश गंझू,सूरज भोगता, रविन्द्र उरांव, बिरला उरांव सहित कई लोग मौजूद थे.

## टीएसपीसी ने लिया अभिषेक श्रीवास्तव के हत्या की जिम्मेवारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातू के आस्थापुरम में कोयला व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव को गोली मारकर हत्या करने की जिम्मेवारी प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी ने लिया है. इस संबंध में टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिण सीमांत जोनल कमेटी की ओर से कामरेड अभिषेक जी द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है. टीएसपीसी द्वारा आरोप लगाया गया है कि अभिषेक श्रीवास्तव संगठन का पैसा रखे हुए था, उसे वापस करने के लिए उसे चेतावनी दिया जा रहा था . वहीं क्षेत्र में उसके द्वारा जो कोयला का काम किया जा रहा था, उसे बंद करने बोला गया था. परंतु अभिषेक ने न तो काम बंद किया न ही संगठन का पैसा वापस किया. इसी कारण से अभिषेक के खिलाफ फौजी कार्रवाई की गई.विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ माह पूर्व लातेहार के बालूमाथ में राजेन्द्रप्रसाद साहू के खिलाफ संगठन द्वारा फौजी कारवाई किया गया था और कहा गया था कि क्षेत्र में जितने भी लोग टीएसपीसी संगठन का पैसा दबाए बैठे हैं, वे सभी संगठन का पैसा वापस कर दें. रामगढ़, रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार क्षेत्र में बिना संगठन के इजाजत के काम कर रहे हैं वे संगठन से बात करके ही काम करें. चेतावनी दिया गया है कि बात नहीं करने पर राजेन्द्रप्रसाद साहू और अभिषेक श्रीवास्तव के ही जैसा हाल होगा. क्षेत्र के सभी ट्रांस्पोर्टर, डीओ होल्डर, सभी तरह की कंपनियां, छोटे-बड़े लिफ्टर, सभी तरह के ठीकेदार को कड़ी चेतावनी है कि जल्द से जल्द संगठन से बात करके ही काम करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें.

## चान्हो मे विकास हित को देखते हुए योजनाओं का शिलान्यास किया : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँवो मे विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पारम्परिक तरीके से माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। यह योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात गांव मे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिलेगा।। आज जो योजना का शिलान्यास किया गया। विधायक कार्यक्रम स्थल मे कहा कि आज धार्मिक स्थल को जीवंत रखने से आने वाले पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत मिलेगा। आने वाले समाज अपने पूर्वजो के बारे विस्तार से बतला पाएंगे की कैसे पूर्वज लोग इस धार्मिक जगह को संरक्षित किया। जिसका लाभ आज उठा पा रहे है। विधायक रोड के विषय मे भी ग्रामीणों से कहा कि यह ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग थी, लेकिन इसे गंभीरता से लेते हुए आज रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास कर रहा हूं ताकि ग्रामीणों की समस्या का जल्द निदान हो सके। विधायक कार्यक्रम मे झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी विस्तार से जानकारी दिया। और उसका लाभ ले कर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, मुखिया शिव उरांव, अजित सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कार-स्कूटी भिडंत में एक गंभीर रुप से घायल जेबीकेएसएस केन्द्रीय सदस्य सुमित ने बचाई जान

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे खेल गांव रोड़ में खेलगांव चौक पास एक स्कूटी सवार 25 वर्षीय रिषभ वर्मा शुक्रवार देर शाम,तेज रफ्तार कार न• *JH01EX* - 0018 से भिडंत में गंभीर रूप घायल अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जिसे देख राह से गुजर रहे जेबीकेएसएस के केन्द्रीय सदस्य सुमित कुमार महतो ने अपने साथी राहुल कुमार, जय मेहता, रविन्द्र कुमार दीपक , संजीव एवं ओरियंट क्राफ्ट कम्पनी के एचज़ आरज़ हेड चिता राजन की कार के सहयोग से रीम्स पहुंचाया एवं परिजनों के आगमन तक रूके रहे और ईलाज में हर सम्भव डाक्टरों का सहयोग किया। घायल के जांच के क्रम में उसकी जेब से चौतीस हजार पांच सौ रूपये की बड़ी राशि मिली जिस पीसीआर वाल सिपाही ने कब्जे में लिया और परिजनों से थाना आकर पैसा ले जाने की बात कही। इसपर सुमित ने मरीज के भाई को अस्पताल में ही पैसा लौटाने पर बाध्य किया।

## 61 वर्षीय युवक को हाथी ने कुचल कर मार डाला

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना क्षेत्र के ग्राम बंसिया, टोला हुसीरबेड़ा निवासी मलराय मुंडा उम्र 61वर्ष को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दिया। जानकारी के अनुसार मलराय मुंडा शनिवार की सुबह 8 बजे के लगभग अपने घर से एक किलोमीटर दुर झाड़ी काटने के लिए जंगल गया था। वहीं झूंड से बिछड़ा हाथी से उसका सामना हो गया। और हाथी ने उसे मार डाला।ग्रामीणो द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया।वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को , मुआवजा के तौर पर 50000 रूपए दिए गए। वहीं सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।जानकारी के अनुसार तीन दिन मे ये दुसरा घटना है।

## नकटा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर जिला योजना समिति ने किया दौरा

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के नकटा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर शनिवार को जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार व जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम ने नकटा पहाड़ का दौरा कर भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी ली इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की असीम संभावनाएं हैं उसी को लेकर इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में कैसे बेहतर विकसित किया जाए इसी को लेकर आज हम लोगों ने यहां का दौरा कर यहां का जायजा लिया है और कौन-कौन सी विकास योजनाओं को धरातल पर उतरना हो इसके लिए पूरी टीम के साथ आगे की योजना बनाकर यहां विकसित करने को की पहल की जाएगी इस मौके पर अंचल अधिकारी चान्हो व अंचल अधिकारी खलारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संत माईकल +2 स्कूल मूरी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल +2 स्कूल, मूरी में कक्षा सातवीं से कक्षा ग्यारहवी तक के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चो ने बहुत उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिए। विद्यार्थियों को चार समुह में बाँटा गया जैसे डॉ. बी. आर. अंबेडकर ग्रुप, डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ग्रुप , स्वामी विवेकानंद ग्रुप एवम् भगत सिंह ग्रुप । प्रत्येक ग्रुप में छः छः विद्यार्थी भाग लिए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विषयो जैसे मैथोलॉजी , करेंट अफेयर्स, साइंस एंड टेक्नोलॉजी,गेम एंड स्पोर्ट्स एवम् रैपिड फायर से प्रश्न पूछे गए। सभी प्रतिभागियों के बीच काफी उत्साह का माहोल था एवम् सभी ने शत प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर देने की कौशिश किए।



## कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, गुमला

### (खास-सूचना)

एतद् इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संबंधित वाहनों के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपके वाहन का निम्नअंकित अवधि का जमा की गई टैक्स की राशि में से तत्कालीन ई–पेमेंट गेटवे साफ्टवेयर में आयी तकनीकि खामियों के कारण अर्थदण्ड प्रदर्श नही हो पाया, जिसके कारण अर्थदण्ड का भुगतान आपके द्वारा नही किया गया है। अन्तर राशि की वसूली हेतु महालेखाकार अंकेक्षण दल के द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है। अतः संबंधित वाहनों के वाहन स्वामी अपने निम्नअंकित अवधि का पथकर में परिलक्षित अर्थदण्ड की राशि जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में जमा करना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा अंतर राशि की वसूली हेतु लोक मांग वसूली (पब्लिक डिमांड रिकवरी) अधिनियम के तहत् वसूली व अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

Audit Para No. 1 (Non/Short levy of penalty on transport Vehicles)

| Sl N0 | Registration No. | Registration Date | Vehicle Class | Tax From | Tax Upto | Fine_short or Payable Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH07B2190 | 9/21/2005 | Goods Carrier | 5/21/2022 | 5/20/2023 | 5200 |
| 2 | JH07B8150 | 5/11/2007 | Goods Carrier | 5/11/2022 | 5/10/2023 | 3200 |
| 3 | JH07C1153 | 3/19/2008 | Goods Carrier | 6/19/2022 | 6/18/2023 | 1400 |
| 4 | JH07C1154 | 3/19/2008 | Goods Carrier | 6/19/2022 | 6/18/2023 | 2200 |
| 5 | JH07C1696 | 6/7/2008 | Goods Carrier | 9/7/2021 | 12/6/2021 | 2400 |
| 6 | JH07C6862 | 3/30/2010 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 6/29/2023 | 1700 |
| 7 | JH07C6863 | 3/30/2010 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 6/29/2023 | 1100 |
| 8 | JH07C7033 | 4/12/2010 | Goods Carrier | 10/12/2021 | 1/11/2022 | 1700 |
| 9 | JH07C8451 | 9/17/2010 | Goods Carrier | 9/17/2021 | 12/16/2021 | 10000 |
| 10 | JH07C9153 | 11/23/2010 | Goods Carrier | 5/23/2021 | 5/22/2023 | 12000 |
| 11 | JH07C9155 | 11/23/2010 | Goods Carrier | 5/23/2022 | 5/22/2023 | 2800 |
| 12 | JH07D2533 | 10/24/2011 | Goods Carrier | 1/24/2022 | 4/23/2022 | 850 |
| 13 | JH07D3358 | 1/5/2012 | Goods Carrier | 4/5/2022 | 4/4/2023 | 3000 |
| 14 | JH07D3359 | 1/5/2012 | Goods Carrier | 4/5/2022 | 4/4/2023 | 3000 |
| 15 | JH07D4313 | 4/2/2012 | Goods Carrier | 7/2/2022 | 10/1/2022 | 3600 |
| 16 | JH07D4886 | 5/24/2012 | Goods Carrier | 8/24/2022 | 8/23/2023 | 450 |
| 17 | JH07D9415 | 11/11/2005 | Goods Carrier | 6/1/2022 | 8/31/2022 | 1250 |
| 18 | JH07E8101 | 10/7/2013 | Goods Carrier | 4/7/2022 | 7/6/2022 | 400 |
| 19 | JH07E8547 | 6/6/2014 | Goods Carrier | 9/6/2021 | 12/5/2021 | 1000 |
| 20 | JH07F0743 | 5/22/2008 | Goods Carrier | 4/1/2022 | 6/30/2022 | 850 |
| 21 | JH07F2907 | 6/4/2016 | Goods Carrier | 8/20/2022 | 11/19/2022 | 1250 |
| 22 | JH07F6788 | 8/26/2011 | Goods Carrier | 8/7/2021 | 11/6/2022 | 49600 |
| 23 | JH07F8425 | 4/21/2005 | Goods Carrier | 11/16/2022 | 2/15/2023 | 850 |
| 24 | JH07F8756 | 11/7/2005 | Goods Carrier | 11/1/2021 | 1/31/2022 | 850 |
| 25 | JH07F9931 | 4/17/2013 | Goods Carrier | 3/1/2021 | 2/28/2022 | 40000 |
| 26 | JH07G1920 | 12/16/2016 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 1550 |
| 27 | JH07G2647 | 6/9/2017 | Articulated Vehicle | 8/18/2022 | 11/17/2022 | 1100 |
| 28 | JH07G3176 | 12/16/2016 | Goods Carrier | 8/23/2022 | 11/22/2022 | 1250 |
| 29 | JH07G3396 | 4/27/2017 | Goods Carrier | 12/7/2021 | 3/6/2022 | 3200 |
| 30 | JH07G3510 | 5/2/2017 | Goods Carrier | 10/17/2021 | 1/16/2022 | 1250 |
| 31 | JH07G7517 | 5/29/2017 | Goods Carrier | 11/17/2021 | 2/16/2022 | 750 |
| 32 | JH07H3174 | 8/29/2018 | Goods Carrier | 11/24/2021 | 11/23/2022 | 6300 |
| 33 | JH07H4264 | 1/22/2005 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 1900 |
| 34 | JH07H6268 | 3/15/2018 | Goods Carrier | 6/8/2022 | 9/7/2022 | 1250 |
| 35 | JH07H6638 | 6/17/2006 | Goods Carrier | 1/1/2022 | 3/31/2022 | 950 |
| 36 | JH07J0285 | 5/16/2019 | Goods Carrier | 2/7/2022 | 5/6/2022 | 2500 |
| 37 | JH07J0414 | 5/31/2019 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 5000 |
| 38 | JH07J1110 | 9/12/2019 | Goods Carrier | 9/22/2020 | 9/21/2022 | 24000 |
| 39 | JH07J2330 | 5/27/2019 | Goods Carrier | 10/14/2022 | 1/13/2023 | 1700 |
| 40 | JH07J3681 | 9/13/2019 | Goods Carrier | 7/20/2022 | 7/19/2023 | 500 |
| 41 | JH07J5658 | 5/16/2019 | Goods Carrier | 2/7/2022 | 5/6/2022 | 2500 |
| 42 | JH07J7637 | 9/13/2019 | Goods Carrier | 7/20/2022 | 7/19/2023 | 500 |
| 43 | JH07K0739 | 2/15/2018 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 44 | JH07K1478 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 45 | JH07K4482 | 4/6/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 5/27/2022 | 1900 |
| 46 | JH07K4889 | 7/2/2015 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 3500 |
| 47 | JH07K5536 | 7/2/2015 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 3500 |
| 48 | JH07K5553 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 49 | JH07K5671 | 6/13/2005 | Goods Carrier | 11/29/2021 | 2/27/2022 | 1700 |
| 50 | JH07K5778 | 5/9/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 500 |
| 51 | JH07K6341 | 4/6/2022 | Goods Carrier | 3/16/2022 | 6/15/2022 | 850 |
| 52 | JH07K6651 | 8/28/2012 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 1550 |
| 53 | JH07K6983 | 2/22/2022 | Goods Carrier | 1/30/2022 | 4/29/2022 | 850 |
| 54 | JH07K7925 | 4/4/2005 | Goods Carrier | 3/16/2022 | 6/15/2022 | 1700 |
| 55 | JH07K8224 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/31/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 56 | JH07K9205 | 11/16/2021 | Goods Carrier | 10/13/2021 | 1/12/2022 | 1700 |
| 57 | JH07K9498 | 9/27/2021 | Goods Carrier | 8/31/2021 | 11/29/2021 | 850 |
| 58 | JH07L0256 | 10/13/2016 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 2300 |
| 59 | JH07L0551 | 2/7/2017 | Goods Carrier | 2/19/2022 | 8/18/2022 | 4800 |
| 60 | JH07L0869 | 4/26/2018 | Goods Carrier | 12/5/2022 | 3/4/2023 | 3600 |
| 61 | JH07L0875 | 11/17/2016 | Goods Carrier | 9/8/2022 | 12/7/2022 | 400 |
| 62 | JH07L0905 | 9/17/2015 | Goods Carrier | 2/26/2023 | 5/25/2023 | 3600 |
| 63 | JH07L0928 | 7/15/2016 | Goods Carrier | 9/16/2022 | 12/15/2022 | 3500 |
| 64 | JH07L0956 | 12/10/2008 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 850 |
| 65 | JH07L1205 | 9/23/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 1400 |
| 66 | JH07L1226 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 12/19/2022 | 3/18/2023 | 1400 |
| 67 | JH07L1311 | 8/5/2018 | Goods Carrier | 4/7/2022 | 1/6/2023 | 16150 |
| 68 | JH07L1925 | 8/16/2022 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 10/20/2022 | 400 |
| 69 | JH07L2269 | 7/26/2014 | Goods Carrier | 9/14/2022 | 12/13/2022 | 3600 |
| 70 | JH07L2368 | 11/30/2022 | Goods Carrier | 10/30/2022 | 1/29/2023 | 1700 |
| 71 | JH07L2553 | 12/26/2022 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 1700 |
| 72 | JH07L2983 | 9/25/2017 | Goods Carrier | 2/19/2022 | 8/18/2022 | 20700 |
| 73 | JH07L3097 | 4/18/2018 | Goods Carrier | 6/2/2022 | 9/1/2022 | 1400 |
| 74 | JH07L3177 | 9/22/2022 | Goods Carrier | 7/31/2022 | 10/30/2022 | 1700 |
| 75 | JH07L3233 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 76 | JH07L3291 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 9/14/2022 | 12/13/2022 | 3600 |
| 77 | JH07L3308 | 2/18/2016 | Goods Carrier | 6/17/2022 | 9/16/2022 | 850 |
| 78 | JH07L3398 | 9/14/2016 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1750 |
| 79 | JH07L3611 | 7/18/2016 | Goods Carrier | 1/6/2022 | 7/5/2022 | 16800 |
| 80 | JH07L3872 | 7/23/2014 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 1/20/2023 | 18400 |
| 81 | JH07L3974 | 3/24/2017 | Goods Carrier | 3/29/2022 | 12/28/2022 | 25200 |
| 82 | JH07L4057 | 1/13/2005 | Goods Carrier | 6/7/2022 | 9/6/2022 | 950 |
| 83 | JH07L4272 | 8/26/2016 | Goods Carrier | 2/11/2022 | 8/10/2022 | 27600 |
| 84 | JH07L4320 | 6/23/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 8/27/2022 | 7650 |
| 85 | JH07L4654 | 6/1/2010 | Goods Carrier | 5/21/2022 | 2/20/2023 | 25200 |
| 86 | JH07L4683 | 8/22/2022 | Goods Carrier | 7/30/2022 | 10/29/2022 | 850 |
| 87 | JH07L4770 | 7/18/2014 | Goods Carrier | 3/24/2022 | 9/23/2022 | 16200 |
| 88 | JH07L4896 | 3/2/2017 | Goods Carrier | 11/14/2022 | 2/13/2023 | 1450 |
| 89 | JH07L5049 | 1/3/2023 | Goods Carrier | 11/30/2022 | 2/27/2023 | 1800 |
| 90 | JH07L5089 | 8/28/2015 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 1/20/2023 | 15750 |
| 91 | JH07L5166 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 92 | JH07L5198 | 1/10/2023 | Goods Carrier | 11/30/2022 | 2/27/2023 | 900 |
| 93 | JH07L5217 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 4/29/2023 | 9500 |
| 94 | JH07L5330 | 12/20/2016 | Goods Carrier | 8/30/2022 | 11/29/2022 | 1000 |
| 95 | JH07L5354 | 10/9/2018 | Goods Carrier | 9/13/2022 | 12/12/2022 | 8800 |
| 96 | JH07L5461 | 8/12/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 97 | JH07L5870 | 6/15/2022 | Goods Carrier | 3/31/2022 | 6/29/2022 | 3400 |
| 98 | JH07L5936 | 9/12/2016 | Goods Carrier | 4/21/2022 | 7/20/2022 | 5600 |
| 99 | JH07L6095 | 4/8/2010 | Goods Carrier | 3/8/2023 | 6/7/2023 | 1400 |
| 100 | JH07L6585 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 1/21/2023 | 4/20/2023 | 1750 |
| 101 | JH07L6642 | 10/19/2022 | Goods Carrier | 9/17/2022 | 9/16/2023 | 500 |
| 102 | JH07L6900 | 6/27/2017 | Goods Carrier | 8/9/2022 | 2/8/2023 | 20700 |
| 103 | JH07L7556 | 9/15/2016 | Goods Carrier | 8/12/2022 | 11/11/2022 | 1450 |
| 104 | JH07L7680 | 3/6/2017 | Goods Carrier | 1/21/2023 | 4/20/2023 | 2300 |
| 105 | JH07L7727 | 2/22/2023 | Goods Carrier | 12/31/2022 | 3/30/2023 | 500 |
| 106 | JH07L7820 | 7/26/2022 | Goods Carrier | 6/9/2022 | 9/8/2022 | 1200 |
| 107 | JH07L8390 | 11/2/2016 | Goods Carrier | 11/24/2022 | 2/23/2023 | 3600 |
| 108 | JH07L8706 | 3/21/2019 | Goods Carrier | 1/12/2023 | 4/11/2023 | 2100 |
| 109 | JH07L8747 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 12/16/2022 | 3/15/2023 | 3600 |
| 110 | JH07L8911 | 4/9/2015 | Goods Carrier | 7/24/2021 | 1/23/2023 | 51250 |
| 111 | JH07L9006 | 7/22/2015 | Goods Carrier | 12/16/2022 | 3/15/2023 | 1900 |
| 112 | JH07L9227 | 9/20/2016 | Goods Carrier | 8/3/2022 | 2/2/2023 | 14500 |
| 113 | JH07L9248 | 4/15/2013 | Goods Carrier | 7/19/2022 | 4/18/2023 | 23800 |
| 114 | JH07L9472 | 10/18/2018 | Goods Carrier | 12/28/2021 | 9/27/2022 | 22400 |
| 115 | JH07L9529 | 11/7/2022 | Goods Carrier | 7/31/2022 | 1/30/2023 | 6800 |
| 116 | JH07L9650 | 11/22/2018 | Goods Carrier | 11/23/2022 | 2/22/2023 | 1400 |
| 117 | JH07L9871 | 2/28/2023 | Goods Carrier | 2/9/2023 | 5/8/2023 | 450 |
| 118 | OR14S8545 | 8/5/2008 | Goods Carrier | 12/30/2021 | 3/29/2022 | 1700 |
| 119 | JH07A1094 | 11/3/2001 | Bus | 8/3/2022 | 8/2/2023 | 2072 |
| 120 | JH07A2636 | 7/18/2002 | Bus | 5/18/2022 | 5/17/2023 | 8250 |
| 121 | JH07A2637 | 7/18/2002 | Bus | 7/18/2022 | 7/17/2023 | 2063 |
| 122 | JH07B4070 | 3/10/2006 | Bus | 3/10/2019 | 9/9/2022 | 153576 |
| 123 | JH07C0530 | 1/10/2008 | Bus | 1/10/2022 | 4/9/2022 | 1066 |
| 124 | JH07C4083 | 5/18/2009 | Bus | 11/18/2019 | 11/17/2022 | 139436 |
| 125 | JH07C7745 | 6/17/2010 | Bus | 7/17/2022 | 7/16/2023 | 4144 |
| 126 | JH07C9127 | 11/19/2010 | Bus | 10/26/2021 | 1/25/2022 | 1999 |
| 127 | JH07D8359 | 3/30/2013 | Bus | 12/6/2021 | 3/5/2022 | 2072 |
| 128 | JH07D8360 | 3/30/2013 | Bus | 9/7/2022 | 12/6/2022 | 2072 |
| 129 | JH07D9085 | 4/19/2005 | Bus | 3/9/2021 | 9/8/2022 | 91168 |
| 130 | JH07D9475 | 6/21/2013 | Bus | 1/12/2021 | 10/11/2022 | 67813 |
| 131 | JH07E0870 | 7/28/2014 | Bus | 10/28/2021 | 1/27/2022 | 1950 |
| 132 | JH07G0155 | 11/9/2017 | Bus | 3/21/2020 | 9/20/2022 | 204795 |
| 133 | JH07G8406 | 11/9/2017 | Bus | 9/21/2020 | 9/20/2022 | 160515 |
| 134 | JH07H2432 | 3/5/2015 | Bus | 3/10/2019 | 9/9/2022 | 175500 |
| 135 | JH07H2740 | 10/15/2018 | Bus | 11/22/2020 | 8/21/2022 | 138580 |
| 136 | JH07H4700 | 3/5/2015 | Bus | 1/12/2021 | 10/11/2022 | 81250 |
| 137 | JH07H7598 | 5/16/2018 | Bus | 5/14/2019 | 11/13/2022 | 136500 |
| 138 | JH07H7755 | 8/22/2014 | Bus | 5/13/2021 | 11/12/2022 | 81250 |
| 139 | JH07H9291 | 8/22/2014 | Bus | 10/28/2020 | 10/27/2022 | 115781 |
| 140 | JH07H9910 | 4/19/2018 | Bus | 10/19/2020 | 10/18/2022 | 81047 |
| 141 | JH07J3231 | 7/16/2019 | Bus | 10/18/2022 | 1/17/2023 | 2665 |
| 142 | JH07K0503 | 7/18/2019 | Bus | 3/2/2022 | 6/1/2022 | 4125 |
| 143 | JH07K1309 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 144 | JH07K5909 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 145 | JH07K6745 | 10/27/2017 | Bus | 2/4/2021 | 2/3/2022 | 39613 |
| 146 | JH07K7704 | 5/21/2017 | Bus | 4/9/2021 | 10/8/2021 | 30750 |
| 147 | JH07K8357 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 148 | JH07K8532 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 149 | JH07K9725 | 5/16/2017 | Bus | 3/14/2022 | 6/13/2022 | 4203 |
| 150 | JH07L4213 | 12/6/2022 | Bus | 10/28/2022 | 1/27/2023 | 3998 |
| 151 | JH07L4471 | 2/27/2019 | Bus | 8/12/2022 | 11/11/2022 | 2072 |
| 152 | JH07L4591 | 2/1/2018 | Bus | 3/2/2022 | 9/1/2022 | 4219 |
| 153 | JH07L5500 | 7/21/2022 | Bus | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 2031 |
| 154 | JH07L6182 | 9/16/2015 | Bus | 12/9/2022 | 3/8/2023 | 2438 |
| 155 | JH07L8164 | 3/27/2017 | Bus | 12/9/2022 | 3/8/2023 | 1666 |
| 156 | JH07L9626 | 2/23/2017 | Bus | 7/21/2022 | 10/20/2022 | 4125 |
| 157 | JH07J6346 | 7/6/2019 | Goods Carrier | 12/9/2021 | 3/8/2022 | 11200 |
| 158 | JH07L8972 | 10/10/2018 | Goods Carrier | 9/1/2022 | 11/30/2022 | 8800 |
| 159 | JH07K2942 | 1/19/2022 | Goods Carrier | 11/30/2021 | 2/27/2022 | 1700 |
| 160 | JH07K3219 | 2/8/2022 | Goods Carrier | 1/17/2022 | 4/16/2022 | 850 |
| 161 | JH07K7052 | 3/26/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 5/27/2022 | 850 |
| 162 | JH07K7422 | 1/28/2022 | Goods Carrier | 12/16/2021 | 3/15/2022 | 1700 |
| 163 | JH07K7560 | 4/17/2017 | Goods Carrier | 1/24/2022 | 4/23/2022 | 4200 |
| 164 | JH07K7798 | 3/30/2022 | Goods Carrier | 1/20/2022 | 4/19/2022 | 1600 |
| 165 | JH07K9858 | 4/17/2017 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 166 | JH07L0311 | 11/12/2022 | Goods Carrier | 10/26/2022 | 1/25/2023 | 850 |
| 167 | JH07L0660 | 3/23/2017 | Goods Carrier | 7/5/2022 | 1/4/2023 | 14000 |
| 168 | JH07L2023 | 3/14/2017 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1750 |
| 169 | JH07L2143 | 10/20/2016 | Goods Carrier | 10/26/2022 | 1/25/2023 | 2300 |
| 170 | JH07L2160 | 2/15/2023 | Goods Carrier | 1/30/2023 | 4/29/2023 | 900 |
| 171 | JH07L2843 | 11/28/2022 | Goods Carrier | 10/15/2022 | 1/14/2023 | 1700 |
| 172 | JH07L3271 | 3/28/2017 | Goods Carrier | 2/3/2023 | 5/2/2023 | 4600 |
| 173 | JH07L3329 | 10/20/2016 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 2300 |
| 174 | JH07L3817 | 10/14/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 2750 |
| 175 | JH07L4164 | 11/23/2011 | Goods Carrier | 12/7/2022 | 3/6/2023 | 4600 |
| 176 | JH07L4525 | 10/12/2022 | Goods Carrier | 9/17/2022 | 12/16/2022 | 850 |
| 177 | JH07L4602 | 11/7/2022 | Goods Carrier | 9/30/2022 | 12/29/2022 | 1700 |
| 178 | JH07L5010 | 12/9/2013 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1800 |
| 179 | JH07L5286 | 5/29/2018 | Goods Carrier | 11/25/2021 | 8/24/2022 | 31450 |
| 180 | JH07L5639 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 1450 |
| 181 | JH07L5942 | 3/26/2019 | Goods Carrier | 10/12/2022 | 1/11/2023 | 2100 |
| 182 | JH07L6038 | 11/28/2022 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 850 |
| 183 | JH07L6676 | 11/2/2022 | Goods Carrier | 9/30/2022 | 12/29/2022 | 1700 |
| 184 | JH07L7020 | 12/6/2022 | Goods Carrier | 11/16/2022 | 2/15/2023 | 850 |
| 185 | JH07L7126 | 9/14/2016 | Goods Carrier | 11/4/2022 | 2/3/2023 | 1800 |
| 186 | JH07L7595 | 1/22/2019 | Goods Carrier | 12/19/2022 | 3/18/2023 | 2750 |
| 187 | JH07L8156 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 188 | JH07L8725 | 1/27/2023 | Goods Carrier | 1/5/2023 | 4/4/2023 | 900 |
| 189 | JH07L9216 | 12/12/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 2750 |
| 190 | JH07L9239 | 11/29/2018 | Goods Carrier | 6/8/2022 | 12/7/2022 | 25200 |
| 191 | JH07L9315 | 11/15/2018 | Goods Carrier | 9/13/2022 | 12/12/2022 | 2400 |
| 192 | JH07L9657 | 9/24/2018 | Goods Carrier | 7/29/2022 | 1/28/2023 | 6800 |
| 193 | JH07L2046 | 10/9/2014 | Bus | 8/6/2022 | 11/5/2022 | 719 |
| 194 | JH07L0605 | 4/28/2016 | Goods Carrier | 11/3/2022 | 2/2/2023 | 2300 |
| 195 | JH07K1920 | 9/22/2016 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 1750 |
| 196 | JH07L2563 | 8/18/2018 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 12/29/2022 | 21000 |
| 197 | JH07L6312 | 11/22/2016 | Goods Carrier | 2/22/2022 | 8/21/2022 | 16650 |
| 198 | JH07L9219 | 3/20/2019 | Goods Carrier | 1/12/2023 | 4/11/2023 | 2100 |
| 199 | JH07L9241 | 8/29/2019 | Bus | 6/11/2021 | 9/10/2022 | 48348 |
| 200 | JH07K2185 | 2/15/2018 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 201 | JH07D4313 | 4/2/2012 | Goods Carrier | 4/2/2022 | 7/1/2022 | 1800 |
| 202 | JH07D9415 | 11/11/2005 | Goods Carrier | 12/1/2021 | 2/28/2022 | 1250 |
| 203 | JH07G2647 | 6/9/2017 | Articulated Vehicle | 8/18/2021 | 11/17/2021 | 2200 |
| 204 | JH07J0414 | 5/31/2019 | Goods Carrier | 8/17/2021 | 11/16/2021 | 10000 |
| 205 | JH07J3231 | 7/16/2019 | Bus | 4/18/2020 | 10/17/2022 | 194545 |
| Total: | | | | | | 2888040 |

PR 315285 Transport (23-24)_D

जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## वीएलसीसी बिस्टुपुर ने धूमधाम से मनाई ग्यारहवीं वर्षगांठ



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को वीएलसीसी बिस्टुपुर ने अपनी ग्यारहवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संस्थान की संरक्षक उषा झा एवं पूनम देवी ने संयुक्त रूप से फीता एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर पर डर्मेट ,हाइड्रा ,पीआरपी एवं अन्य लाभकारी सेवाओं को लांच किया गया। संस्थान के संचालक धनंजय कुमार ने बताया कि अब हम अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ा रहे हैं। अब वीएलसीसी में कूलस्कल्प्टिंग और लिपोलेसर की सेवाएं भी दिया जा रहा है। वर्षगांठ के अवसर पर इसमें भारी छूट भी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि वीएलसीसी अपने सेगमेंट में दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी कंपनी है जिसकी शाखाएं पूरे विश्व में फैली हैं।

## करीम सिटी कॉलेज के स्पार्क ने किया एनिग्मा क्विज का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग आर्ट एंड कल्चर) ने शनिवार को कॉलेज कैंपस में एनिग्मा क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना एवं छात्रों का सामान्य ज्ञान का परीक्षण करना था। कुल छः टीम चयनित हो कर मेंस में पहुंची। विभिन्न राउंड के बाद प्रीति यादव और मनीषा नायक की टीम ने शीर्ष स्थान हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर गौरव कुमार और अभिनव शर्मा की टीम रही। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भर चढ़ कर हिस्सा लिया।

## हेंसल में 13 जनवरी से शुरु होगा बाबा धवलेस्वर क्रिकेट प्रीमियम लीग



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड के हेंसल स्तिथ बाबा धवलेस्वर मैदान में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय क्रिकेट प्रीमियम लीग मैच का शुभारंभ आगामी 13 जनवरी से किया जाएगा। कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए कहा कि इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री चम्पई सोरेन उपस्थित होंगे। कहा कि प्रतिवर्ष नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है लेकिन इस वर्ष इसका स्वरूप बदल कर बाबा धवलेस्वर प्रीमियम लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 8 फ्रैंचाइसी टीम भाग लेंगी। इस बार आईपीएल की तरह टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता विष्णु पद गोप,सुभाष गोप,सुशिल गोप,अमरनाथ गोप, भोलानाथ गोप,बबलू गोप तथा हेंसल गांव के कई युवा सदस्य है।

## रैपिडो की सफलता में कैप्टन्स ने अपने योगदान को दर्शाया



**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख कम्यूटर ऐप रैपिडो ने रांची में रिवॉर्ड्स एण्ड रिकॉग्निशन सेरेमनी के साथ अपने कैप्टन्स के समर्पण के लिए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कंपनी के विकास में कैप्टन्स के योगदान को सराहा गया। रांची में आयोजित रिवॉर्ड्स एण्ड रिकॉग्निशन सेरेमनी में 200 कैप्टन्स ने हिस्सा लिया और रैपिडो की सफलता में अपने योगदान को दर्शाया। कार्यक्रम की शुरूआत पुरस्कार प्रस्तुति के साथ हुई, जिसके बाद रोचक गेम एक्टिविटीज़ आयोजित की गई। कैप्टन्स ने बताया कि उन्हें किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा और कैसे रैपिडो ने उन्हें आर्थिक नुकसान एवं कम कमाई से उबरने में मदद की।

## नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने झारखंड टीम कर्नाटक के लिए हुई रवाना



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय साइकिलिंग चैम्पियनशिप में शामिल होने झारखंड राज्य की टीम रवाना हुए। जिसमें सरायकेला जिला से सीनियर वर्ग में सुंदर मुर्मू, सब जूनियर मुकेश केवट शामिल है। सरायकेला जिला साइकलिंग संघ के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि सरायकेला खरसावां जिला के दो बच्चे नेशनल के लिए चयनित हुए हैं कल आने वाला दिन में हो सकता है कि 20 बच्चे चयनित हो सकते हैं। मौके पर सरायकेला खरसावां जिला डीएसए के सचिव दिलदार अंसारी, साइकिलिंग संघ महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष निरंजन महतो, खेल पदाधिकारी अमित कुमार, विष्णु उरांव, ओलंपिक संघ के सचिन सिकंदर महतो ने खिलाड़ी को बधाई देकर रवाना किया।

## कुशवाहा कल्याण परिषद् ने डिमना लेक में किया वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कुशवाहा कल्याण परिषद् का पिकनिक अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में डिमना लेक मनाया गया। वनभोज में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं व सभी सदस्यों के साथ मैं दिनेश कुमार कुशवाहा कुशवाहा (मीडिया सेल ) भी उपस्थित रहा। इस पिकनिक प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू अधिवक्ता विक्रम सिंह तथा मीडिया सह समाजसेवी व जन प्रतिनिधि अन्नी अमृता (पत्रकार) उपस्थित रही। सभी ने कुशवाहा कल्याण परिषद् जमशेदपुर के सभी कार्यकर्ताओं और सदस्यों का मार्गदर्शन किया।



# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक हुई। उपायुक्त ने गणतंत्रत दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर किए जा रहे तैयारियों पर चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। नगर क्षेत्र के चौक चौराहों, विभिन्न महापुरुषों के मूर्तियों की तथा झंडोत्तोलन स्थलों एवं मुख्य समारोह स्थल की साफ सफाई, मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल एवं चलन्त शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री झारखण्ड चम्पाई सोरेन उपस्थित होंगे। विभिन्न विभागों द्वारा 14-15 झांकियां सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के थीम पर प्रस्तुत किए जाएंगे। दो प्लाटून पुलिस बल, एक होम गॉर्ड, एक सीआरपीएफ तथा चार विद्यालय के प्लाटून परेड़ में शामिल होंगे। परेड का पूर्वाभ्यास 21,22 एवं 23 जनवरी को भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला मे किया जाएगा, जिसका निरीक्षण 24 जनवरी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक करेंगे। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बाजार में मांस मछ्ली एवं मदिरा सेवन नहीं करने हेतु आम जनता को जागरूक किया जाएगा।

**मुख्य स्थानों पर झंडोत्तोलन का समय इस प्रकार है:** उपायुक्त आवास - प्रातः 8:15 बजे, पुलिस अधीक्षक आवास - प्रातः 8:30 बजे, मुख्य कार्यक्रम स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम - प्रातः 9:10 बजे, जिला समाहरणालय - प्रातः 10:15 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय - प्रातः 10:30 बजे, पुलिस लाइन पूर्वाह्न 11:00 बजे। बैठक मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सरायकेला चन्दन कुमार वत्स सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कार्यक्रम से संबंधित अन्य उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर को मिला बेस्ट वर्क अवार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के पिलाई हॉल में बीते शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर को कायाकल्प के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन किए जाने पर सम्मानित किया गया. वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर के डॉक्टर एवं कर्मचारियों में खुशियां है. मालूम हो कि चाईबासा के पिलाई हॉल में कोल्हान प्रमंडल के 32 प्रखंड के डॉक्टर व पदाधिकारी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे. जिसमें सरायकेला खरसावां के नौ प्रखंड, पश्चिमी सिंहभूम जिला के 15 प्रखंड एवं पुर्वी सिंहभूम जिला के 8 प्रखंड डॉक्टर व पदाधिकारी उपस्थित थे. आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रखंड डेलीवरी, इम्युनिजेशन, साफ सफाई आदि की समीक्षा की गई. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्जुन सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. इससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं.

## बांगुड़दा प्रीमियर लीग में बीएसए व दिघी क्रिकेट टीम ने अपना-अपना मैच जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा क्रिकेट मैदान में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बीएसएनएल क्रिकेट टीम बांगुड़दा की ओर से किया जा रहा है जिसका शुभारंभ कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ओझा ने किया। शनिवार को प्रतियोगिता का पहला मैच बीएसए क्रिकेट टीम भुला और गोपालपुर किंग्स के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसए क्रिकेट टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट पर 90 रन बनाया। 91रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोपालपुर किंग्स क्रिकेट टीम निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट पर 88 रन ही बना सकी इस तरह बीएसए क्रिकेट टीम भुला 2 रन मैच जीत लिया। बीएसए क्रिकेट टीम के गेंदबाज विष्णु कर्मकार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच दिघी क्रिकेट टीम और नाइन एक्सएम भीगी बिल्ली के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सुकदेव के अर्धशतक 50 रन की पारी की मदद से दिघी क्रिकेट टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट पर 145 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नाइन एक्सएम की पुरी टीम 11.1 ओवर 10 विकेट खो कर 75 रन ही बना सकी। इस तरह दिघी क्रिकेट टीम 75 रन से मैच जीत लिया। दिघी क्रिकेट टीम के बल्लेबाज सुकदेव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस बीच बीएसएनएल क्रिकेट टीम के दीपक गोराई, सुमित सिंह, सुदीप लोहार, प्रदीप सिंह, रवि सिंह, अमित सिंह, सुजीत गोराई, लालमोहन महतो, अरविंद मिश्रा, इंद्रजीत दत्ता, दिगंबर सिंह, राजेश सिंह, सुजीत गोराई, सोनू गोराई, मृणाल गोराई, राकेश महतो आदि उपस्थित थे।

## कुणाल षाड़ंगी ने अयोध्या से आए पावन अक्षत का घाटशिला में किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** अयोध्या से आए हुए पावन अक्षत, पत्रक एवं दीया का वितरण घाटशिला राम मंदिर से गोपालपुर फाटक तक घाटशिला समाजसेवी माला दे एवं अन्य सनातनियों के नेतृत्व में शनिवार को किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे वनवास के बाद प्रभु श्री राम जी अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। इसलिए अपने अपने घरों में अवश्य कम से कम 5 दीया जलाएं और महा दिवाली मनाएं। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, लक्ष्मण टुडू, सुनीता देवदूत सोरेन, शिवरतन अग्रवाल, कमल किशोर प्रसाद, माला दे, साकेत अग्रवाल, हिमांशु मिश्र, हीरा सिंह, संजय तिवारी, सुरेश महाली, पोल्टू सरदार, निर्मला शुक्ला, कौशीक कुमार, विक्रम साव, विक्रम सिंह, विनय बेरा, स्वपन दास, सुनीता त्यागी, रेणु देवी, नीमा रजक, अजय राज समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मकर मेला का डाक 9 जनवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** लोक प्रसिद्ध देवगाँव मकर संक्रान्ति मेला का डाक आगामी 9 जनवरी मंगलवार को किया जाएगा. इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जगन्नाथपुर कार्यालय से प्राप्त हुआ है. इस संबध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा है उक्त मेला का डाक का सरकारी राशि कुल 96520 रूपये है. बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा है कि इस सम्बन्ध में अपर उपायुक्त चाईबासा, अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व संबंन्धित प्रमुख उप प्रमुख बीससुत्री अध्यक्ष व मुंडा-मानकी को भी सूचित कर दिया गया है.

## सांसद ने जुनबनी में जरुरतमंदों के बीच बांटे 1053 कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** जमशेदपुर सांसद विद्युत बरण महतो ने शनिवार को धालभूमगढ़ प्रखंड के जुनबनी पंचायत में उप मुखिया सूजन मन्ना के अध्यक्षता में जरूरतमंदों के बीच 1053 कंबल का वितरण किया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, जिला परिषद देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव, जिला महामंत्री हारधन सिंह, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ बेहरा, मंडल अध्यक्ष विमल कालिंद्री, मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, उपमुखिया सुजन मन्ना, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा देवी, वासुदेव सिंह, पिंटू गुप्ता समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## 37वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट में टाटा स्टील यूआईएसएल की दो टीमें हुई विजयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री रामदेवबाबा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और प्रबंधन, नागपुर में आयोजित 37वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट 2023 (एनसीक्यूसी - 2023) में टाटा स्टील यूआईएसएल की डीईटीपी की टीम प्रारूप और वाटर एंड वेस्टवाटर की टीम क्रांति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक्सीलेंस अवार्ड हासिल कर विजयी भी हुई, जो इस आयोजन में मान्यता की सर्वोच्च श्रेणी है। कार्यक्रम 5 जनवरी, 2024 को आयोजित की



गयी थी। इसमें भारत के 580 संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाली 2200 टीमों की भागीदारी के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। टीम प्रारूप और टीम क्रांति का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित पार एक्सीलेंस पुरस्कार मिला और गुणवत्ता और नवाचार में उत्कृष्टता के प्रति टाटा स्टील यूआईएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

## भारत सेवाश्रम संघ प्रणवानंद उच्च विद्यालय का बुरुडीह डैम में वनभोज आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला अंतर्गत बड़ाजुड़ी स्थित भारत सेवाश्रम संघ प्रणवानंद उच्च विद्यालय परिवार का शनिवार को प्रधानाध्यापक राम किशोर मुर्मू के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज बुरुडीह डैम में आयोजित हुई। इस मौके पर ज़िला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, प्रमुख सुशीला टुडू, पंसस छायारानी साव, मुखिया रायश्री सामाद, फागु सोरेन, वैद्यनाथ मुर्मू, साइबु चरण महतो, जितराय टुडू, बेबी टुडू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजकुमार सिंह ने सैकड़ों सबर बच्चों में बांटे गर्म कपड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने शनिवार को दलमा की तराई क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड की बेलडीह पंचायत के हरियाकोचा एवं पाकोटोड़ा सबर टोला में आदिम जनजाति समुदाय के सैकड़ों बच्चे - बच्चियों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। पारा लीगल वॉलेंटियर निताई चंद्र गोराई की पहल पर भाजपा नेता ने शीतलहरी के इस मौसम में ठंड से ठिठुरने वाले लोगों को निजात दिलाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस संबंध में राजकुमार सिंह ने कहा कि दीपावली के मौके पर आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच दीया और मिठाई का वितरण करते हुए उनसे वादा किया था कि जाड़े के मौसम में दुबारा आकर गर्म कपड़ों का वितरण किया जाएगा। गांव के पकलू सबर ने बताया कि हर साल उनके बीच जमशेदपुर से आकर मदद करते हैं जो काफी अच्छा लगता है।

## विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के पूरनिया पंचायत अंतर्गत कुस्तुईया गांव में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद के तहत नाइकी गोप के घर से मारकंडे पूर्ति के घर तक 620 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जीप सदस्य जमुना तियु, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़िया एवं बीस सूत्री अध्यक्ष राहुल गोप ने फीता काट कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस सड़क की निर्माण हेतु ग्रामीणों का काफी पुराना मांग था। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार जन-जन तक सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष डींबु तियु, संवेदक दिनेश महतो, अर्जुन हेमरम, ज्योती बोदरा सहित गांव के पुरुष एवं महिला उपस्थित थे।

# डीसी ने किया एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क का निरीक्षण 31 तक कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल ने शनिवार को कुचाई प्रखंड मुख्यालय एवं कुचाई के सुरसी में संचालित 5 करोड़ की एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क योजना की अचक निरीक्षण किया। डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कुचाई प्रखंड कार्यालय में अंचल व के सभी कर्मियों का रजिस्टर पंजीयन व विभिन्न दस्तावेज की जांच किया। मौके पर



डीसी रवि शंकर शुक्ला ने के कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की साथ ही कार्य को सुचारू रूप से चलाने का दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क के संवेदक एवं सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 31 जनवरी तक एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क की कार्य को हर हाल में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी लीबनुस हेंब्रम, बीटीएम राजेश कुमार आत्मा के विजय सिंह उपस्थित थे।

## 20 जनवरी से कांड्रा स्टेशन पर आहूत आमरण अनशन में शामिल होगी सांसद गीता कोड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा स्टेशन पर विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव व अन्य सुविधाओं को लेकर आगामी शनिवार, 20 जनवरी को आहूत आमरण अनशन में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी प्रकाश कुमार राजू सांसद गीता कोड़ा से मिले। उन्होंने सांसद से उंक्त अनशन में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने सांसद को जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना से पूर्व कांड्रा स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव होता था जिसे कोरोना काल मे बन्द कर दिया गया। उसके बाद अबतक उन ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर प्रारम्भ नहीं किया गया है। इससे आसपास के यात्रियों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बावत चक्रधरपुर के डीआरएम समेत अन्य रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। किन्तु, उसपर अबतक कोई कार्यवाही नहीं कि गई। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा आमरण अनशन का निर्णय लिया गया है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि के आग्रह पर सांसद गीता कोड़ा ने उंक्त अनशन कार्यक्रम में निश्चित रूप से शामिल होने का आश्वासन दिया है।

# दिल्ली की सियासत में भूचाल के संकेत

**दिल्ली** की सियासत 2024 की शुरुआत से ही गर्माने लगी है. केजरीवाल साल के आखिरी दिनों में विपाश्यना से लौटे तो ईडी का एक समन उनका इंतज़ार कर रहा था. प्रवर्तन निदेशालय ने 3 जनवरी को पेश होने के लिए कहा, लेकिन केजरीवाल नहीं गए. एक तरफ केजरीवाल ने कहा कि वो तब तक ईडी की जांच में शामिल नहीं होंगे, जब तक एजेंसी उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं देती.ईडी द्वारा पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा गया था, दूसरा समन 18 दिसंबर 2023 को भेजा गया था और तीसरा समन 3 जनवरी 2024 को भेजा गया था। केजरीवाल ने तीनों बार समन को खारिज कर दिया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल ईडी समन से बच रहे हैं वह साफ दर्शाता है कि उन्हें देश की प्रशासनिक एवं न्याय व्यवस्था पर विश्वास नहीं है और उसके बाद एक सवाल खड़ा होता है। क्या अब उन्हे मुख्यमंत्री बने रहने का नैतिक आधार बचा है? इससे पहले बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने केजरीवाल को भगौड़ा तक कह डाला। आम आदमी पार्टी अब इस मामले में कानूनी रुख अख्तियार करने की बात कर रही है। चूंकि कोई भी शख्स 3 बार ही ईडी का समन इग्नोर कर सकता है ऐसे में अब केजरीवाल के लिए मुश्किल बढ़ने वाली है। ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाने को कोर्ट का रुख कर सकती है। उससे पहले ही केजरीवाल को अपने बचाव के लिए कानूनी रास्ता अपनाना होगा। कोई भी शख्स ईडी के समन को तीन बार इग्नोर कर सकता है। यानी अब केजरीवाल ने उस सीमा को पार कर लिया है। ईडी अब आगे कोर्ट में जाकर केजरीवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करा सकती है। अगर गैर जमानती वारंट के बाद भी अगर केजरीवाल पेश नहीं होते हैं तो कोर्ट की प्रक्रिया के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इधर दूसरी खबर आ गई कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिकों में जांच के नाम पर घोटाला हुआ है. मामले की जांच सीबीआई करे ये, अनुशंसा उपराज्यपाल ने कर दी है.दिल्ली का उपराज्यपाल सचिवालय भी लगातार सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने का काम कर रहा है और अब तक आधा दर्जन से भी ज्यादा मामले ऐसे हैं, जिन पर सीबीआई जांच या तो चल रही है या उसकी अनुशंसा कर दी गई है. ऐसे ही नकली दवाओं के एक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को जांच शुरु कर दी. जिसका खुलासा दो हफ्ते पहले ही दिल्ली के विजिलेंस विभाग ने अपनी एक रिपोर्ट में किया था. बात सिर्फ नकली दवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नकली नाम और फोन नंबर दर्ज करवा कर मोहल्ला क्लीनिक में हो रही गड़बड़ी का मामला भी सीबीआई को सुपुर्द करने की तैयारी है।19 जनवरी को राज्यसभा के चुनाव होने हैं. आम आदमी पार्टी ने इसके लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. दिल्ली से राज्यसभा में तीन सांसद होते हैं. आम आदमी पार्टी ने 2 मौजूदा सांसदों संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा राज्यसभा भेजने का फैसला किया है, तो सुशील गुप्ता की जगह अब स्वाति मालीवाल राज्यसभा जाएंगी. सुशील गुप्ता को हरियाणा की जिम्मेदारी दी गई है, जहां लोकसभा चुनावों के अलावा इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं.स्वाति मालीवाल के लिए ये चुनावी राजनीति में पहला कदम है. इससे पहले भी स्वाति आम आदमी पार्टी की सियासी गतिविधियों में भी सक्रिय नहीं रहीं थीं. इसलिए लोकसभा चुनावों से ठीक पहले स्वाति मालीवाल का एक्टिव सियासत में कदम रखना भी आम आदमी पार्टी की अंदरूनी राजनीति में बदलाव के संकेत हो सकते हैं. खास तौर पर उस समय जिस समय केजरीवाल खुद जांच के दायरे में हैं और उनपर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक सकती है.इस बीच बीजेपी में भी कयासों का दौर गर्म है कि आखिरकार दिल्ली के सातों सांसदों में से कितनों को लोकसभा चुनाव में टिकट मिलेगा और कितनों को नहीं. बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को हुई तो उसमें युवाओं को जोड़ने से लेकर राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई. लेकिन इस मीटिंग में सांसदों को नहीं बुलाया गया. हो सकता है कि पार्टी मौजूदा सांसदों में से सभी के नहीं, तो कुछ के टिकट काटने पर विचार तो कर ही रही है.इसी हफ्ते कांग्रेस की गठबंधन पर बनी कमेटी ने भी दिल्ली के कांग्रेस अध्यक्ष को आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर बुलाया. दिल्ली में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी की तुलना में ज्यादा सीटों की डिमांड कर रही है. कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वो 5 सीटें मांगेंगे और 4 से कम सीटों पर लड़ना मंजूर नहीं होगा. गठबंधन की संभावना दिल्ली में बन तो रही है, लेकिन तय ये होना है कि 4 सीटों पर कौन सी पार्टी लड़ती है और 3 सीटें कौन?

जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की

# पूर्वोत्तरः नवाचार के माध्यम से विकास को गति

किशन रेड्डी

> प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है।इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी।

**एक** दशक पहले विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं। कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा



है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं। यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा। हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दर्शायी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निर्माताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

दृष्टि कोण

# पाकिस्तान में बलूचों का सत्याग्रह

**पाकिस्तान** में क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़ा प्रांत बलूचिस्तान है और सबसे ज्यादा अशांति व विद्रोह इसी बलूचिस्तान में है। बलूचिस्तान के इस विद्रोह को पाकिस्तान के खिलाफ राष्ट्रवादी विद्रोह के नाम से पुकारा जाता है। पाकिस्तान में रहने वाले एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल मंगोल) का बलूचों पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि वे कट्टर मुसलमान नहीं हैं। उन्होंने सदियों पहले तुर्कों से पराजित हो जाने के बाद इस्लाम पंथ या शिया पंथ को स्वीकार तो कर लिया लेकिन अपनी पुरानी परम्परा, रीति रिवाजों और इतिहास को भी अपनाए रखा । या कम से कम उन्हें अपनी विरासत में से त्यागने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान के विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे बलूची छात्रों को मोटे तौर पर इस्लाम विरोधी ही मान लिया जाता है। बलूचों की पाकिस्तान के खिलाफ यह लड़ाई पाकिस्तान के गठन से ही शुरू हो गई थी। दरअसल आज के बलूचिस्तान का बहुत सा हिस्सा 1947 से पहले कलात रियासत कहलाता था। अंग्रेजों के भारत छोड़ कर जाने से कुछ वर्ष पहले से ही यह सुगबुगाहट शुरू हो गई थी कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद कलात रियासत



का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कलात रियासत को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, इसके बारे में उसने उस समय के जाने माने वकील मोहम्मद अली जिन्ना से बात की। जिन्ना की दृष्टि में इसका एक ही तरीका था कि किसी तरह यह सिद्ध किया जाए कि कलात हिंदुस्तान का हिस्सा ही नहीं है। कलात के महाराजा ने इसको लेकर न्यायालय में मुकद्दमा दायर कर दिया और जिन्ना को ही अपना वकील बनाया। लेकिन जिन्ना मुकद्दमा जीत नहीं सके। तब तक पाकिस्तान बन गया। कलात के महाराजा का कहना था कि भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947, जिसके तहत रियासतों को भारत या पाकिस्तान में रहना था, उस पर लागू नहीं होता। लेकिन ब्रिटिश सरकार ने इसे नहीं माना। अब कलात के महाराजा के आगे बड़ा प्रश्न था कि वह भारत में रहे या पाकिस्तान में जाए? कलात के महाराजा ने यह अंदाजा लगा लिया था कि पाकिस्तान मोटे तौर पर इस्लामी राज्य बनेगा, जो बलूचों को रास नहीं आएगा। जिन्ना ने कलात के महाराजा को यह आश्वासन भी दिया कि यदि वह पाकिस्तान में शामिल हो जाता है तो उसकी सत्ता को बरकरार रखा जाएगा। लेकिन उसने जिन्ना को नकार कर पंडित नेहरु को खत लिखा कि कलात रियासत भारत में शामिल होना चाहती है। लेकिन नेहरु ने उसकी इस प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। तब जिन्ना ने बलपूर्वक कलात को पाकिस्तान में मिला कर कलात नरेश को अपदस्थ कर दिया। और उसी दिन से बलोच सरदारों ने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी। पाकिस्तान सरकार ने उस विद्रोह को कुचला। लेकिन उसी दौर में बंगालियों ने पाकिस्तान के एटीएम को चुनौती देते हुए बंगला संस्कृति व भाषा की रक्षा के लिए लड़ते हुए पाकिस्तान से अलग होकर बंगला देश का निर्माण कर लिया। उससे बलूचों को नई ऊर्जा व प्रेरणा मिली। लेकिन अब तक बलूच सामाजिक संरचना में सरदारों का प्रभुत्व भी कम हो चुका था। तब दूसरे दौर की लड़ाई बलूचों की युवा पीढ़ी ने संभाली। इस नई पीढ़ी के लड़ाई में युवकों के साथ लड़कियां भी बहुत बड़ी संख्या में शामिल होने लगीं। पाकिस्तान ने इसका उत्तर अपने तरीके से दिया। जिस युवक या युवती पर थोड़ा सा भी संदेह हो जाता था कि वह बलूच समर्थक है और अभी भी बलोच संस्कृति या बलोच भाषा की बात करता है, उस पर बाकायदा नजर रखी जाती थी। इस अपशकुनि नजर के थोड़े दिनों बाद ही वह कालेज, विश्वविद्यालय या घर से गायब मिलता था। कुछ दिन बाद या तो उसकी लाश मिलती है या फिर वह सदा कि लिए गायब ही रहता है, यानी उसकी लाश भी नहीं मिलती। पाकिस्तान सरकार ने एक सीटीडी महकमा बना रखा है, जिसका शाब्दिक तर्जुमा तो 'आतंकवाद से लडने वाला विभाग' बनता है, लेकिन असल में इसका काम बलोच संस्कृति व भाषा के समर्थन में बात करने वाले युवक-युवतियों को गायब करना व उनको खत्म करना ही रह गया है। अब तक यह विभाग हजारों बलोचों को गायब कर चुका है।

कुछ अलग

# भूकम्प के खतरे के साए में हिमालयी लोग

**हाल** ही में जापान में आए विनाशकारी भूकम्प ने भारतीय हिमालय में बसे लोगों को भी डरा दिया है। डरना भी स्वाभाविक ही है, क्योंकि विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला हिमालय भी भूगर्वीय हलचलों के कारण भूकम्प की दृष्टि से कोई कम संवेदनशील नहीं है। भूवैज्ञानिकों का यहां तक मानना है कि हिमालय के गर्भ में इतनी भूगर्वीय ऊर्जा जमा है कि अगर वह अचानक एक साथ बाहर निकल गई तो उसका विनाशकारी प्रभाव कई परमाणु बमों के विस्फोटों से भी अधिक हो सकता है। डराने वाली बात तो यह है कि भूगर्वीय ऊर्जा या साइस्मिक एनर्जी न तो छोटे मोटे भूकम्पों से खाली या कम हो सकती है और ना ही सीमा से अधिक समय तक भूगर्व में जमा रह सकती है। भूगर्वीय चट्टानों के टकराव और घर्षण से यह ऊर्जा निरन्तर बढ़ती जाती है। चूंकि जापान के लोग भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ जीना सीख चुके हैं, इसलिए वहां बड़े भूकम्प में भी जन और धन की बहुत कम हानि होती है। जबकि भारत में मध्यम परिमाण का भूकम्प भी भारी तबाही मचा देता है। कारण प्रकृति के साथ सामंजस्य और जन जागरूकता की कमी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के भूकम्प के चार्ट पर नजर डालें तो 15 दिसम्बर 2023 से लेकर 1 जनवरी 2024 की 15 दिन की अवधि में भारत में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक रिक्टर पैमाने पर 1.8 से लेकर 6 परिमाण तक के कुल 74 भूकम्प दर्ज हैं, और इनमें से सर्वाधिक 64 भूकम्प नेपाल और हिमालयी राज्यों में आए हैं। क्योंकि नेपाल उत्तराखण्ड जैसे हिमालयी राज्यों से जुड़ा है और इसकी साइस्मिक स्थिति इन्हीं राज्यों के समान है, इसलिए हम नेपाल की गिनती हिमालयी राज्यों से कर रहे हैं। हिमालयी राज्यों में भी सर्वाधिक 24 भूकम्प जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख में दर्ज हुए हैं। इनमें भी सर्वाधिक 11 भूकम्पों का केन्द्र किस्तवाड़ रहा है। इनके अलावा उत्तराखण्ड में 6 और हिमाचल में 5 भूकम्प दर्ज हुए हैं। इसी तरह पूर्वोत्तर में ईस्ट और वेस्ट गारोहिल्स, मणिपुर, अरुणाचल, मीजोरम और नागालैंड में भूकम्पों की आवृत्ति दर्ज हुई है। नेपाल में 4 नवम्बर से लेकर 8 नवम्बर 2023 तक 2.8 से लेकर 5.6 परिमाण के 17 भूकम्प दर्ज किए गए। वहां एक ही दिन 4 नवम्बर को 2.8 से लेकर 3.7 परिमाण के 8 भूकम्प दर्ज किए गए। भारत की संपूर्ण हिमालयी बेल्ट 8.0 से अधिक तीव्रता वाले बड़े भूकंपों के लिए अतिसंवेदनशील मानी जाती है। इसका मुख्य कारण भारतीय प्लेट का यूरेशियन प्लेट की ओर लगभग 50 मिमी प्रति वर्ष की दर से खिसकना है। हिमालय क्षेत्र और सिंधु-गंगा के मैदानों के अलावा, यहां तक कि प्रायद्वीपीय भारत में भी विनाशकारी भूकंपों का खतरा है। देश के वर्तमान भूकंपीय जोनेशन मैप के अनुसार भारतीय भूभाग का 59 प्रतिशत हिस्सा सामान्य से बहुत बड़े भूकम्पों के खतरे की जद में हैं। भारत में भी संपूर्ण हिमालय क्षेत्र को रिक्टर पैमाने पर 8.0 अंक की तीव्रता वाले बड़े भूकंपों के प्रति प्रवृति माना गया है। इस क्षेत्र में सन् 1897 शिलांग (तीव्रता 8.7), 1905 में कांगड़ा (तीव्रता 8.0), 1934 बिहार-नेपाल (तीव्रता 8.3) और 1950 असम-तिब्बत (तीव्रता 8.6) के बड़े भूकम्प आ चुके हैं। नेपाल में 25 अप्रैल 2015 का 8.1 परिमाण का अब तक का सबसे भयंकर भूकम्प था जिसके कारण 8,649 लोग मारे गए थे और 2,952 घायल हुए थे।

देश दुनीया से

# आपकी सेहत की दवा



> खाना खाने के एक से डेढ़ घंटे के बाद या खाना खाने के चालीस मिनट पहले जी भर के पानी पीयें।जो खाना आपने खाया, उसका पोषण शरीर को मिले, इसके लिए जरूरी है कि भोजन के साथ पानी न लें।इससे भोजन में शामिल पोषक तत्वों को शरीर में जज्ब होने का समय मिल जाएगा।उसके बाद खुल कर पानी पीयें।पानी पीने का भी एक नियम है, उसे याद रखें।जब भी पानी पीयें, हमेशा बैठ कर पीयें, खड़े रहकर पानी पीने से घुटनों के दर्द की शिकायत हो सकती है।दूसरी बात, पानी कभी भी गटागट न पीयें, हमेशा घूंट-घूंट करके पीयें।घूंट-घूंट करके पानी पीने से हमारी लार पानी में शामिल हो जाती है और यह पानी हमारे लिए दवाई का काम करता है।

**अगर** आदमी स्वस्थ हो तो खुशियों का मजा बढ़ जाता है क्योंकि अगर हम स्वस्थ हों तो हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जो कोई बीमार व्यक्ति नहीं कर सकता। यूं भी अब इलाज इतना महंगा हो गया है कि कई बार किसी बड़ी बीमारी में लोगों के घर भी बिक जाते हैं। एक बार मेरे एक मित्र ने मजाक में कहा था कि डॉक्टर का धंधा बहुत अच्छा है, पहले वो इंजेक्शन से खून निकाल लेते हैं और फिर पैसे मांग लेते हैं। मजाक छोड़ दें तो भी यह जरूरी है कि हम स्वस्थ रहें और खुशियों का मजा, खुश होकर ले सकें। मोटापा एक बीमारी है और स्लिम होना अच्छा है, लेकिन एक फर्क यह भी समझ लीजिए कि यह जरूरी नहीं है कि जो स्लिम हो, वो सेहतमंद भी हो। स्लिम होना एक बात है और सेहतमंद होना दूसरी बात। स्लिम होने के लिए आपको किसी स्लिमिंग सेंटर पर जाने की जरूरत नहीं है। नियम यह है कि उठते ही पंद्रह-बीस मिनट के अंदर कोई फल खाइए। आप जितना जल्दी फल खाएं, उतना ही अच्छा। उसके बाद छक कर नाश्ता कीजिए। परांठा खाइए, पूड़ियां खाइए, हलवा लीजिए। जो भी दिल करे, खाइए और मजा लीजिए। बड़ा सीधा-सा तर्क है इसके पीछे। हम लोग लगभग 16 घंटे जागते हैं और सारा दिन भागदौड़ लगी रहती है। नाश्ता करने के बाद भी आपके शरीर के पास 12 से 14 घंटे का समय होता है नाश्ता पचाने के लिए, इसलिए आप जो भी खाएंगे वह पच जाएगा। आपका नाश्ता अगर नौ, साढ़े नौ बजे तक हो जाए तो बहुत ही अच्छा। इसके बाद दोपहर बारह बजे के आसपास कोई मौसमी फल खाइए, और दो बजे के आसपास दोपहर का भोजन। भोजन के वक्त आपको कोई फल नहीं लेना है। भोजन के समय लिया गया फल शरीर में जहर का-सा काम करता है, इसलिए भोजन के साथ या भोजन के तुरंत बाद किसी भी हालत में फल नहीं खाना चाहिए। फल भोजन से कम से कम 40 मिनट पहले खाइए। मैंने इसीलिए कहा कि फल 12 बजे के आसपास लें और दोपहर का भोजन 2 बजे के आसपास करें। एक छोटा-सा बदलाव और करें। भोजन में दाल-सब्जी की मात्रा दुगनी कर दीजिए और सलाद की मात्रा चार गुनी कर दीजिए। आप जितनी दाल-सब्जी ज्यादा खाएंगे, जितना सलाद ज्यादा लेंगे, उतनी ही चपाती या चावल कम कर दीजिए, यानी आपको डाइटिंग नहीं करनी है, सिर्फ भोजन में दाल-सब्जी और सलाद का अनुपात बढ़ा देना है और चपाती या चावल की मात्रा उसी अनुपात में घटा देनी है। भूखे नहीं रहना है। उपवास के समय भोजन न करना एक अलग बात है। भोजन में दाल-सब्जी और सलाद की मात्रा बढ़ाने से पोषण भी मिलता है और मोटापा भी नहीं आता। अच्छी सेहत के इस मंत्र का लाभ उठाइए। यह आपका घरेलू स्लिमिंग सेंटर है और बहुत असरदार भी है। भोजन के साथ या भोजन के तुरंत बाद पानी न पीयें। बहुत गला सूख रहा हो तो एक-दो घूंट ले लें, पर ज्यादा पानी न पीयें। खाना खाने के एक से डेढ़ घंटे के बाद या खाना खाने के चालीस मिनट पहले जी भर के पानी पीयें। जो खाना आपने खाया, उसका पोषण शरीर को मिले, इसके लिए जरूरी है कि भोजन के साथ पानी न लें। इससे भोजन में शामिल पोषक तत्वों को शरीर में जज्ब होने का समय मिल जाएगा। उसके बाद खुल कर पानी पीयें। पानी पीने का भी एक नियम है, उसे याद रखें। जब भी पानी पीयें, हमेशा बैठ कर पीयें, खड़े रहकर पानी पीने से घुटनों के दर्द की शिकायत हो सकती है। दूसरी बात, पानी कभी भी गटागट न पीयें, हमेशा घूंट-घूंट करके पीयें। घूंट-घूंट करके पानी पीने से हमारी लार पानी में शामिल हो जाती है और यह पानी हमारे लिए दवाई का काम करता है। दिन भर में हम मल-मूत्र के रूप में दो-अढ़ाई लीटर पानी शरीर से बाहर निकाल देते हैं। उसकी भरपाई होना जरूरी है, इसलिए आपको थोड़ा-थोड़ा करके दिन भर में पानी पीते रहना चाहिए ताकि शाम होने तक आप पानी की कमी पूरी कर सकें। अपनी शाम को खुशनुमा बनाइये और चाय या कॉफी के साथ कुछ हल्का-फुल्का लीजिए। उसके एक घंटे बाद कोई फल या ड्राई फ्रूट लेना लाभकारी होता है। याद रखें कि ड्राई फ्रूट देर से पचते हैं, इसलिए शाम 5 या 6 बजे के बाद ड्राई फ्रूट न लें। रात का भोजन सोने से कम से कम दो घंटे पहले अवश्य कर लें। डिनर जितना हल्का हो उतना ही अच्छा। बेहतर हो कि रात के भोजन में आप सलाद, दाल-सब्जी या सूप आदि की मात्रा इतनी बढ़ा लें कि चपाती और चावल की जरूरत कम से कम हो। सोने से दो-तीन घंटे पहले भोजन करने का लाभ यह है कि आपका भोजन सोने से पहले ही पच जाता है और नींद के समय आपका शरीर अपनी मरम्मत करने के लिए स्वतंत्र होता है। यह समझना बहुत जरूरी है कि हमारा शरीर या तो खाना पचाएगा या खुद की मरम्मत करेगा, और अगर आपने सोने से कुछ ही पहले खाना खाया या गरिष्ठ भोजन लिया तो शरीर का सिस्टम भोजन पचाने में व्यस्त रहेगा और दिन भर की भागदौड़ में शरीर के अंदर जो टूट-फूट हुई है, शरीर को उसकी मरम्मत का समय नहीं मिलेगा। सोने से एक घंटा पहले हल्दी वाला गुनगुना दूध लें। इससे नींद बढिया आएगी और त्वचा में चमक बढ़ेगी, खूबसूरती बढ़ेगी।

आप का नजरीया

# निवेश की नींव से सियासी सौदेबाजी

**अभी** पालमपुर के व्यापारी निशांत शर्मा के मामले की सुर्खियां सूखी भी नहीं कि पुनः कांगड़ा के एक निजी विश्वविद्यालय की बर्बादी का सियासी मुहावरा खड़ा हो गया है। इंदौरा की अरनी यूनिवर्सिटी के चांसलर विवेक सिंह पर दूसरी बार हमला बोलने का इरादा कितना घातक रहा, यह तो जांच का विषय है, लेकिन जिस तरीके से उन्हें एक प्रशासनिक अधिकारी समझा रहा है वह न केवल अशोभनीय, बल्कि निंदनीय भी है। एसडीएम स्तर का अधिकारी अगर चांसलर से स्थानीय विधायक की इच्छाओं की पैरवी करते हुए धमकाने के सुर बोल रहा है, तो सरकार को भी मालूम हो जाना चाहिए कि निजी निवेशक की आफत में कैसा माहौल है। इससे पहले दो व्यापारियों के निजी व कानूनी मामले में पुलिस की अदालत लगाकर डीजीपी स्तर के अधिकारी को अपने पद से हटना पड़ा, तो अब ऐसा ही दुर्योग इंदौरा के एसडीएम साहब की नीयत और प्रशासनिक दक्षता दर्शा रहा है। यह एसडीएम स्थानीय विधायक के इशारे पर निवेशक को यह समझाने से भी गुरेज नहीं कर रहा कि अगर विश्वविद्यालय ठीक से चलाना है तो नेताओं का प्रश्रय और आशीर्वाद जरूरी है। दरअसल विश्वविद्यालय प्रशासन ने सात कर्मचारियों को अपने-अपने कारणों से निकाला था और इन्हें पुनः सेवा में लेने का दबाव श्रीमन एसडीएम साहब डाल रहे हैं। प्रशासनिक तौर पर निजी निवेश के जरिए रोजगार की पैरवी करना अपराध नहीं, लेकिन यहां तो सियासी परिभाषा में एक अधिकारी 'गुंडा प्रवृत्तियों' की वकालत कर रहा था। यानी एक हाथ दो और दूसरे से काम की छूट ले लो। कभी ऐसी राजनीति महाराष्ट्र जैसे राज्यों की राजनीतिक पार्टियां करती थीं, लेकिन अब हिमाचल में काम धंधा चलाने के लिए नेताओं, उनके प्यादों तथा नतमस्तक अधिकारियों की अंगुली पकड़ कर ही चलना पड़ेगा। आश्चर्य यह कि विश्वविद्यालय की नींव से सौदा करती सियासत को यह भी शर्म नहीं कि ऐसे संस्थान पीढियों के लिए वरदान हो सकते हैं। जिस परिसर में अठारह सौ के करीब छात्र होंगे, वहां इसके आर्थिक व व्यापारिक पहलू नजरअंदाज नहीं किए जा सकते। बावजूद इसके विश्वविद्यालय के सिफर होने की दुआओं में प्रशासनिक अधिकारी अपने पद की गरिमा भूल गया। इससे पहले डीजीपी जैसे कार्यालय पर माननीय उच्च न्यायालय का कड़ा संज्ञान पूरी व्यवस्था को खबरदार कर रहा है। जांच की निष्पक्षता के लिए डीजीपी को कहीं अन्यत्र रवाना किया गया जबकि कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक के लिए भी ऐसे आदेशों का इंतजार है। पालमपुर के व्यापारी के बाद इंदौरा यूनिवर्सिटी के चांसलर को डराने की घटना का तात्पर्य एक समान है। इन घटनाओं में कानून व्यवस्था को हथियाने की कोशिश हो रही है। अदालतों के काम राजनीतिक, प्रशासनिक या पुलिसिया रौब करने पर उतारू हैं। सत्ता के दम पर निवेशक को लूटने का एक बहाना यह भी कि विधायक महोदय के घोड़ों पर प्रशासनिक अधिकारी वसूली पर उतर आए। यह न तो सुशासन की निशानी है और न ही निवेश मैत्री माहौल की कहानी है। एक चांसलर पर दो बार हमला होने के बावजूद नूरपुर पुलिस का संयम भी गजब का है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कमाल में अज्ञात चोरों ने मध्यान भोजन की सामग्री पर किया हाथ साफ

**कुन्दा :** प्रखंड के उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय कमाल में अज्ञात चोरों के द्वारा दरवाजा के ताला तोड़ कर विद्यालय के सामान की चोरी कर लिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललन यादव और सहायक अध्यापक अरुण यादव ने बताया कि जब सुबह विद्यालय खोलने के लिए पहुँचे तो देखे की विद्यालय के भंडार रूम में ताला टूटा और गेट खुला है।जब भंडार रूम मुआयना किया तो 1 क्विंटल चावल, 10 किलो दाल,10 किलो आलू,3 किलो तेल,सहित खाने पीने के कई सामान और रजिस्टर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक का कहना है कि बच्चों के मध्यान भोजन के सामान चोरी हो जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के शिक्षकों ने अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय में चोरी की घटना को पुलिस प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# राज्य सरकार के पहल से खेल के क्षेत्र में जिले को मिली बहुत बड़ी उपलब्धी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य सरकार व उपायुक्त चतरा-सह-अध्यक्ष जिला खेल संचालन समिति अबु इमरान के अथक निरंतर पर्यास से खेल के क्षेत्र में जिले को बड़ी उपलब्धी हासिल हुई है। बताते चले कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा चतरा जिले को दो आवासीय एवं 10 डे- बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। चतरा जिलेवासियों को यह पहला अवसर होगा की एक साथ कुल 12 (बारह) क्रीड़ा प्रशिक्षक तथा अन्य को रोजगार का अवसर बहुत जल्द मिलने जा रहा है। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा द्वारा बताया गया कि निम्नवत् क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र अधिष्ठापन करने की स्वीकृति विभाग से प्राप्त है। जिसमें चतरा जिले के सिमरिया प्रखण्ड में फुटबॉल (बालक) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण



केन्द्र, सिमरिया स्टेडयम, सिमरिया जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या एवं चतरा सदर फुटबॉल (बालिका) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू स्टेडयम, चतरा जिसमें 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी। वहीं डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु चतरा जिला के टण्डवा प्रखण्ड में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, बचरा, टण्डवा जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी वहीं प्रतापपुर प्रखण्ड में फुटबॉल (बालिका) हेतु राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय, प्रतापपुर जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, हंटगरंज प्रखण्ड में खो-खो (बालक/ बालिका) हेतु रामनारायण राजकीयकृत +2 विद्यालय, हंटरगंज जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, गिद्धौर प्रखण्ड में वॉलीबॉल (बालक) हेतु उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिंडारकोण, गिद्धौर जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, चतरा सदर में बैडमिंटन (बालक/ बालिका) हेतु इंडोर स्टेडियम, चतरा जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, चतरा सदर में वॉलीबॉल (बालक) हेतु राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय, चतरा जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, सिमरिया प्रखण्ड में हॉकी (बालक/बालिका) हेतु उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, लेपो, सिमरिया जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, गिद्धौर प्रखण्ड में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु जवाहल लाल नेहरू स्टेडियम, गिद्धौर जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, गिद्धौर प्रखण्ड में हॉकी (बालक/बालिका) हेतु जवाहल लाल नेहरू स्टेडियम, गिद्धौर जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, हंटरगंज प्रखण्ड में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, हंटरगंज जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी की जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी के द्वारा दी गई।

# 10 दिवसीय पशु मेला संचालन को लेकर प्रबंधन समिति ने किया बैंठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला अति प्राचीन बलबल मंदिर परिसर मेला प्रबंधन समिति के लोगों ने शनिवार को बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के सचिव निर्मल गोप ने किया।जिसका संचालन प्रेम यादव ने किया। बैठक में मेला को सफल संचालन एवं मेला को सुरक्षा की दृष्टिकोण में कैसे सुरक्षित रखा जाय इस पर विशेष चर्चा किया गया। प्रबंधन समिति की ओर से बलबल मेला क्षेत्र को सीसी टीवी कैमरा से लैस रखा जाएगा। और सुरक्षा समिति का भी गठन किया गया है।मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को स समय पर स्क्वायर फीट के हिसाब से अपना दुकान लगाएंगे। मंदिर परिसर में रात्रि लाइट पेय जल इत्यादि का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। बैठक में उपस्थित बलबल मेला ठेकेदार सह मंदिर पुजारी बासुदेव पांडेय दुवारी मुखिया जगदीश यादव समाजसेवी सुरेश यादव जवाहर अग्रवाल सेवानिर्वित शिक्षक देवचरण दांगी जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव युनुष मिया आसीन अंसारी उपेंद्र पांडेय देवेंद्र यादव गंदोरी यादव अर्जुन यादव सुरेश यादव त्रिलोकी रविदास व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना प्रभारी गुलाम सरवर के कड़ी मेहनत से सदर थाना के लूटू टोला मसूरिया तरी गांव से एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त संतोष गंझु उम्र 35 वर्ष पिता जगन गंझु को इसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। जिसका मामला गिद्धौर थाना कांड संख्या 34/2021 में 15 जून को मामला दर्ज है। छापामारी दल में थाना प्रभारी को साथ दे रहे पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सुनील सुनील कुमार व थाना के सशस्त्र बल सम्मिलित हैं।

## हंटरगंज प्रमुख ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख ममता कुमारी ने प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका और बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका कार्यालय प्रधान सहित अन्य कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को लेकर समीक्षा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाले सुविधाओं के बारे में बाल विकास परियोजना विभाग से जानकारी प्राप्त किया गया। प्रमुख ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से केंद्र के संचालन से संबंधित पूछताछ की। समीक्षा बैठक के दौरान ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सभी गांव की सेविका को आवश्यक विषय पर निर्देश देते हुए नियमित रूप से केद्रों का संचालन करने का सख्ती से निर्देश दिया गया। प्रमुख ममता कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी केद्रो का संचालन निर्धारित समय अवधि तक करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित बाल विकास परियोजना कर्मियों को आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन की मॉनिटरिंग करने का निर्देश विधि केंद्र के संचालन अवधि में केंद्र बंद पाए जाने पर सेविकाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

## जोरी पुलिस ने दो फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के निर्देशाअनुसार एनडीपीएस के दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फरार अभियुक्तों में वसिष्ठ नगर थाना जोरी करैलीबार पंचायत के ढोल टंगवा निवासी प्रवील गंझू तथा घटदारी निवासी परमेश्वर महतो उर्फ टुपाली महतो का नाम शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि परमेश्वर के विरुद्ध वशिष्ठ नगर थाना में प्राथमिकी संख्या 8/21 तथा प्रवील के विरुद्ध प्राथमिकी संख्या 11/19 एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज है। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर दोनों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्ते की खेती गैर कानूनी है इस के रोक थाम के लिए पुलिस गांव गांव कर लगातार जागरूक कर रही है। लोगों को ऐसे कामों से बाज आना चाहिए।

## बीएलओ के साथ हुई बैठक दिए गए कई दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी के अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक रखी गई। बैठक में कई दिशा निर्देश दिया गया जिसमें फार्म 6,7,8 के साथ डोर टू डोर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की जाएगीद्य व मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों का नाम विलोपित करने, एक ही व्यक्ति का दो जगह पर नाम होने पर उसे चिन्हित कर एक जगह से नाम काटने व नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर सहित कई आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ में प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया गया। सभी अवाम को ट्रेनिंग का रूट चार्ट रिसीव कराया गया पोस्ट मास्टर के साथ पीएससी डीएससी की भी समीक्षा की गई।

# लातेहार की खबरें

### बिना जांच किए हुए योग्य व्यक्ति को अबुवा आवास दिए जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के जाला ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने बालूमाथ बीडीओ को आवेदन देकर अबूवा आवास के लिए बनाए गए लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायत की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि जाला ग्राम में बिना जांच किए हुए अयोग्य व्यक्ति को सूची में शामिल नहीं कर सरकारी नौकरी ,ट्रक मालिक समेत कई संपन्न लोगों को चिन्हित कर सूची बना ली गई है। ग्रामीणों ने बीडीओ से जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि जाला ग्राम में 62 लोगों का चयन किया गया है। जिसमें शांति कुमारी पति उमेश उरांव जो नर्स का नौकरी करती है वही उषा बाड़ा सीआरपीएफ जवान की पत्नी है। जबकि प्रमिला देवी पति विष्णु यादव,सनम देवी पति अशोक कुमार यादव,अजमेरी खातून पति मुख्तार अंसारी, खुलसुम खातून पति अकरम अंसारी ट्रक का मालिक है।

# हेरहंज में हुआ विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** पंचायत के श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण मे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपस्थित ग्रामीणों से कहा की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनावो का आप लाभ उठाये। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताया। और लोगो को इससे जुड़कर इसका भरपुर लाभ उठाने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र ने लोगो को



सम्बोधित करते हुए कहा की आज देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे पुरा देश बदल रहा है। आज पूरे विश्व मे देश की छवि उच्च स्थान पर है। 500 वर्षो का सपना माननीय प्रधान मंत्री के नेतृत्व मे पूर्ण हो रहा है। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने घर मे 500 वर्षो के बाद पधारेंगे। यह सब देश के प्रधान मंत्री जी के कारण पूर्ण हो रहा है।भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने कहा की केंद्र सरकार किसानो के हित के लिए हर वर्ष खाते मे 6000 रुपये भेज रही है जिससे किसान् उसका लाभ उठा रहे है। उन्होंने यह भी कहा की देश के प्रधान मंत्री के कारण गरीबो का सपना साकार हो रहा है। लोगो को कई योजनाओ का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही सलैया पंचायत मे भी हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही उजवाला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश राम जी ने अन्नाप्रशन कराया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक शनिवार को बालूमाथ होटल देव इन में जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी एव विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाअध्यक्ष निशांत कुमार शामिल हुवे। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के हेरहंज प्रखंड सचिव पिंटू यादव को प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा पट्टा पहनाकर भारतीय जनता युवा मोर्चा में शामिल किया गया व कार्यक्रम के लिए मनिका विधानसभा के संयोजक अजय प्रसाद एवं प्रशांत सिंह एवं लातेहार विधानसभा के संयोजक सूरज शाह एवं अश्वनी सिंह को बनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि सिंह, मुकेश पांडे, आशुतोष सिंह चेरो, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, सूरज शाह, अश्वनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुमन यादव, रोहित सहदेव, अजय प्रसाद, पवन राजा, राजेंद्र प्रसाद, यशराज गुप्ता, अशोक यादव, धीरज राणा, गंगेश्वर यादव, रिकी वर्मा, संदीप केसरी, अवधेश यादव, अंकित राज, एवं सभी मंडल के भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम ग्रामीण व पुलिस में समन्वय स्थापित करने का जरिया : नीरज कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शनिवार को प्रखंड अंतर्गत मोरवाईकला सीआरपीएफ पिकेट के 11 वीं बटालियन कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत के सम्मानित मुखिया आशीष कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में गांव के दर्जनों वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल और त्रिपाल का वितरण किया गया। वही स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच स्पोर्ट किट्स स्कूल बैग, पठन-पाठन की सामग्री समेत अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर ने कहा कि सिविक एक्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और पुलिस के बीच समन्वय स्थापित कर मधुर संबंध बनाना है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों के गरीब पिछड़े जरूरतमंदों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही क्षेत्र के बच्चों के बीच बेहतर शिक्षा और प्रतिभा निखारने को लेकर भी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के भटकते युवा को सही दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## राजद युवा जिला अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ जिले के प्रखण्ड अध्यक्षों ने खोला मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय जनता दल के लातेहार युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव की कार्यप्रणाली और मनमाने रवये से अक्रोशित जिले के सभी युवा प्रखंड अध्यक्षों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को जिले के पांच युवा प्रखण्ड अध्यक्षों ने राजधानी रांची स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच कर दिलेश्वर यादव को पद से हटाने की मांग को लेकर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव को मांगपत्र सौंपा है। मांगपत्र में युवा अध्यक्षों ने बताया है कि जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव सिर्फ कागजों में पार्टी चलाते हैं, धरातल पर आज तक उन्होंने किसी प्रखण्ड में बैठक नहीं किया है। दिलेश्वर यादव ने मनमाने तरीके से जब चाहा कागजों में किसी को पद दे दिया और जन मन किया कागजों पर ही हटा दिया। लातेहार के सभी प्रखण्ड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं में उनके इस रवये के प्रति खासा आक्रोश है। प्रखण्ड अध्यक्षों ने संगठन हित को देखते हुए



जिला अध्यक्ष पर उचित कारवाई करने की मांग की है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के युवा अध्यक्ष, युवा जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के नेतृत्व में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि दो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव (बालूमाथ) और मोहित कुमार (बरवाडीह) जो दिलेश्वर यादव द्वारा पद मुक्त किए गए थे। वह अपने पद में बने रहेंगे एवं युवा जिला अध्यक्ष जिला में युवा प्रखण्ड अध्यक्षों को कोई दिशा निर्देश नहीं देंगे और उनके कार्यक्रमों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उधर पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्षों के द्वारा लिए गए इस फैसले का समर्थन किया है। मांगपत्र देने वालों में बरवाडीह राजद के युवा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहित कुमार के साथ-साथ दीपक यादव बालूमाथ, रूपेश यादव मनिका, विनय यादव चंदवा, महेंद्र यादव हेरहंज, अर्जुन उरांव बरियातू, शंकर यादव महुआडांड और विश्वनाथ उरांव हेरहंज राजद मेन कमेटी के अध्यक्ष समेत अन्य का नाम शामिल है।

## अमरवाडीह के समाजसेवी रोहण प्रजापति के निधन पर जिप सदस्य ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखण्ड क्षेत्र के अमरवाडीह ग्राम निवासी, झारखंड प्रजापति महासंघ के प्रखण्ड सदस्य रोहण प्रजापति 50 वर्ष का बीते शुक्रवार की रात्रि आवास पर आकस्मिक निधन हो गई। निधन पर जिप सदसय रमेश राम, झारखंड माटी कला बोर्ड अजित प्रजापति, महेंद्र गंझु, सोमनाथ गंझु, महेंद्र उरांव, युगल किशोर, प्रदीप गंझु, विकास पाण्डेय, लखन पाण्डेय, आशीष ठाकुर, बब्लू गंझु, मुखिया शुशीला देवी, सहित कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त कर शनिवार को अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने सीसीएल उदासीन रवैया को लेकर जीप सदस्य रमेश राम से शिकायत किया। जिप सदसया राम ने सीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से इस संबन्ध में फोन पर वार्ता कर ग्रामीणों को हर सुविधा बहाल करने के साथ साथ अमरवाडीह शमशान घाट में शेड, चापाकल, सडक का तत्काल निर्माण कराने की बात कहा। मौके पर अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ ने जरुरतमंदों के बीच कई सामानों का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड के मोर्रवाई पंचायत के 11 बटालियन के सीआरपीएफ कैंप परिसर में शनिवार को सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर जरूरतमंद लोगों के बीच कई सामानों का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ कैंप परिसर में मोर्रवाई पंचायत के सभी गांव के असहाय, वृद्ध, निर्धन छात्र-छात्राएं एवं अन्य ग्रामीणों के बीच कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कंपनी कमांडर नीरज कुमार सोनकर द्वारा पंचायत के मुखिया सेवानिवृत जवान आशीष कुमार सिंह एवं सीआरपीएफ के अन्य अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के बीच बारी-बारी से ठंड से बचाव हेतु कंबल, दरी, तिरपाल व स्कूली बच्चों के बीच स्कूली बैग, नोट बुक, ज्योमेट्री बॉक्स समेत अन्य



पठन-पाठन की सामग्री बारी बारी से वितरण किया गया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कंपनी कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर ने कहा सामुदायिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पुलिस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। सीआरपीएफ ग्रामीणों को सुरक्षा ही प्रदान नहीं करती बल्कि आपके सुख-दुख में हमेशा तत्पर रहने के लिए खड़ी है। ग्रामीणों का सहयोग का प्रतिफल है कि क्षेत्र से उग्रवादियों का शामूल नाश किया जा रहा है। मौके पर इंस्पेक्टर एसएन पांडे, वार्ड सदस्य प्रेमा देवी, कई जनप्रतिनिधि एवं सीआरपीएफ के कई जवान व अधिकारी उपस्थित थे।

# अबुआ आवास को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखण्ड सभागार में प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना से सम्बंधित बैठक हुई। बैठक में उपप्रमुख, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद रहे। बैठक में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने पंचायत प्रतिनिधियों व पंचायत सेवक को निर्देश दिया कि हर हाल में आहर्ता रखने वाले लाभार्थी को अबुआ आवास का लाभ मिलना चाहिए।आवास के लिए जो आवेदन करेंगे उनसे जिन दस्तावेजों की मांग की जाएगी उनमें से मोबाईल नंबर, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता



का विवरण शामिल है। बैठक में प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मलकोको मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, बरही पश्चिमी समशेर आलम, रसोईया धमना मुखिया गोविंद प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रानीचुआ मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, डपोक मुखिया इंदिरा देवी, करसो मुखिया उषा रानी, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम, गौरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुकेश राम, धनवार पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, बरसोत पंचायत के पंचायत समिति बसंती देवी, बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, केदारूत पंचायत समिति विकास सिंह, धमना पंसस मो तैयब, कोनरा पंचायत समिति मो यूनुस, दुलमहा पंचायत समिति मनोज कुमार यादव, बेंदगी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि झमन यादव, मलकोको पंचायत समिति सदस्य रोहित यादव, मो सागिर, टिंकू आलम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 22 जनवरी को शराब व मांस मछली की बिक्री पर पाबंदी लगाने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**इचाक :** भाजपा युवा नेता निर्मल कुमार मेहता ने क्षेत्र वासियों से अपील किया है कि 22 जनवरी न कि भारत वर्ष की पूरे विश्व के लिए अद्वितीय और अविष्मरनिय दिन होगा। उसी दिन को अयोध्या धाम में राम लला विराजमान होंगे। इसलिये उक्त तिथि को क्षेत्र में मांस, मछली और शराब की सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपील की है। श्री मेहता ने यह भी कहा कि 22 जनवरी 2024 को पूरे विश्व मे दिवाली मनाई जाएगी। उसी दिन से राम राज्य की स्थापना होगी जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री से मांग किया है कि उक्त तिथि को रामराज्य दिवस घोषित किया जाय।

# एक ऐसा ईमानदार गार्ड, जो लोगो के जीवन का रखते है ख्याल



**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक ऐसा व्यक्ति जो कई लोगों का जान बचा चुका है, प्रत्येक दिन अपनी सेवा में तत्पर रहते हैं। बात हो रही है प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव निवासी हदीस अंसारी का, जो पंचमाधव स्थित गड़लाही मोड नेशनल हाईवे पर गार्ड का कार्य करते हैं। हदीस नियमित रूप से अपना कार्य पिछले तीन सालों से करते आ रहे हैं, गर्मी हो या ठंड चाहे हो बरसात का मौसम वें तत्परता से सड़क पर खड़े होकर हर आने-जाने वाले लोगों को सड़क पार करवाते हैं। वही सड़क पर चलने वाले वाहनों को भी कतारबद्ध निकलवाने का कार्य करते हैं ताकि जाम की स्थिति ना बने। वहीं कभी अगर अचानक कोई दुर्घटना घटित हो जाती है, तो तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य करते हैं। हदीस अंसारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है, सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए उनकी सुरक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने लोगों से अपील किया की आप जब भी अपना वाहन चलाएं तो हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग व वाहन नियमित गति से चलाएं। वहीं अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने ना दें, जिससे कि किसी अन्य लोगों को सड़क पर चलने में कोई परेशानी ना हो। हदीस अंसारी के कार्य से जनता बहुत खुश है, उनके इस ईमानदारी पूर्वक कार्य से हदीस क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। मौके पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, बसरिया पंचायत के मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, पूरन राम, तुलसीराम, मोहन प्रजापति, नागेश्वर रजक, प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, नागेश्वर सिंह, नारायण प्रजापति, गुंजन पंडित, गणेश पंडित, रघुनंदन गोप, मनोबर अंसारी, छोटन गोप, बहदुर साव, दीनानाथ कुमार मनोज कुमार दुबे, अरविंद कुमार शर्मा सहित ग्रामीण व समाजसेवियों ने उनके ईमानदारी पूर्वक कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दिया।

# झामुमो ने दिवंगत नेता बबुनी प्रसाद महतो को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** झामुमों युवा नेता गौरव पटेल के नेतृत्व में झारखड आन्दोलनकारी शहीद बबुनी प्रसाद महतो की पुण्यतिथि मनाई गई।मौके पर शहीद की बेदी पर परिजनों एवं झामुमो कार्यकर्ताओ ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का झंडा लगाया। बेदी पर सर्वप्रथम शहीद बबुनी महतो की धर्मपत्नी पुनिया देवी ने माल्यार्पण कर उनके समक्ष शीश नवा कर भावुक हो गई। इसके पश्चात शहीद बबुनी महतो की आदमकद प्रतिमा पर झामुमो कार्यकर्ताओ के द्वारा माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर झामुमों नेता गौरव पटेल ने शहीद बबुनी महतो महाजनी प्रथा के चंगुल से लोगो को बाहर निकालने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसे भुलाया नही जा सकता। अलग झारखंड राज्य के आन्दोलन में भी इन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।ये हमारे दादा जी स्व.टेकलाल बाबू के सलाहकार, मित्र भी थे। इस मौके पर मुख्य रूप से शहीद बबुनी प्रसाद महतो के पुत्र लोचन मंडल, धर्मपत्नी,पुत्र वरुण मंडल, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, उपाध्यक्ष सुनील कुमार अकेला, कोषाध्यक्ष राणा इकबाल खान, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, उप-मुखिया अनुराग बर्मन, रोहित कुमार दास समेत दर्जनों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

# बरही के कजरा में पूजित अक्षत वितरण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र द्वारा पूजित अक्षत वितरण सह आमंत्रण का कार्य प्रखंड संयोजक चंदन केशरी के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर जारी है। जिसमें श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुल एक सौ इकतालीस समिति तन-मन-धन से श्रद्धा पूर्वक कार्य कर रही है। इसी क्रम में खेरौन ग्राम निवासी समाजसेवी सह रामभक्त भोला सिंह का प्रयास दलित बस्ती कजरा में रंग लाया जहां लोगों ने धर्म विशेष के प्रभाव में आकर पूजित अक्षत लेने से मना कर दिया था। श्री भोला सिंह मौके पर पहुंच कर तमाम परिवारों से मिले और प्रभु का समाज के प्रति प्रेम भाव का व्याख्यान किया और उन्हें समझाया कि हमारा धर्म सर्वोपरि है उसमें भी राम का कार्य तो सबसे ऊपर है। केवल राम का नाम लेने से मानव जीवन सफल हो जाता है, इसका प्रमाण तो रामायण में मिलता है, कि पत्थर पर केवल प्रभु का नाम लिख देने से वो पानी के ऊपर तैर गए और हमें भी अपने जीवन की नैया को पार करने के लिए राम नाम ही एकमात्र सहारा है। इसलिए हमसब जिस सनातन परंपरा के वाहक हैं, उसका जीवनपर्यन्त निर्वहन करें और प्रभु के कार्य को आगे बढ़ायें। उनकी इन बातों से प्रभावित हो समस्त ग्रामीणों ने पूजित अक्षत सहर्ष स्वीकार किया और जीवन पर्यंत धर्म ध्वजा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस कार्य में भोला सिंह के साथ शम्भु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, रामफल सिंह, चलितर सिंह, उपाध्याय सिंह , डिलो पासवान, केदार यादव,सहित अन्य रामभक्त उपस्थित थे

# पेलावल विकास मंच ने डॉ.हीरा लाल साहा की 86वीं जयंती मनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** पेलावल दक्षिणी,अंबेडकर टोली स्थित पेलावल विकास मंच के प्रधान कार्यालय परिसर में स्वर्गीय डॉ. हीरा लाल साहा सर को सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम उनकी आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी व्यक्तियों ने एक-एक कर पुष्पांजलि अर्पित किए। समाजसेवी डॉक्टर साहब का पेलावल विकास मंच के साथ घनिष्ठ संबंध रहा। वर्षो तक पीवीएम के मुख्य संरक्षक रहे। इनके मार्गदर्शन पर खासकर रक्तदान शिविर का आयोजन 2022 से किया जाने लगा। उल्लेखनीय है कि वे स्वयं हर शिविर में अपनी उपस्तिथि दर्ज कराते रहे तथा रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करने के ख्याल से प्रशस्ति पत्र वितरण भी किए। पेलावल विकास मंच द्वारा जितने भी बड़े आयोजन हुए लगभग हर आयोजन में इनकी उपस्तिथि तथा मार्गदर्शन मिलता रहा। पीवीएम सदा इन्हें याद करता रहेगा। जयंती समारोह की अध्यक्षता एम.हक भारती ने की। उपस्थित व्यक्तियों में मुख्य रूप से मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, संत लूसेंट पब्लिक स्कूल के निदेशक ऐनुल हक, वरिष्ट सदस्य मो.आरिफ, कुलदीप पासवान, मो.आदिल, विशाल कुमार, करण कुमार, गोलू कुमार, अशोक राम, सूरज कुमार,महेंद्र ठाकुर एवं इंजमामुल हक भारती थे।

# मसरातु पंचायत भवन में हुई चोरी, लैपटॉप सहित कई अहम दस्तावेज गायब

**कटकमदाग (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के मसरातु पंचायत भवन में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संदर्भ में पंचायत सचिव गोकुल महतो ने कटकमदाग थाना में आवेदन दिया है। जिसमे कहा कि जब वे शनिवार को पंचायत भवन पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देखा। अंदर समान बिखरे पड़े थे। जब समानों की टोह ली तो कार्यालय का लैपटॉप, टैबलेट, बैट्री, पानी सप्लाई का मोटर, पंखा सहित कई अहम दस्तावेज गायब थे। घटना की जानकारी होते ही मसरातु पंचायत की मुखिया ज्योति कुमारी व अन्य कर्मी पंचायत भवन पहुंचे। मुखिया ज्योति कुमारी ने बताया कि पंचायत भवन में चोरी की घटना हुई है तथा कई दस्तावेजों के साथ-साथ कई तरह के समान गायब हुए हैं। उन्होंने कटकमदाग पुलिस से शीघ्र कार्रवाई करते हुए चोरों को पड़कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# संजय सिंह झारखंड श्रमिक संघ मजदूर यूनियन के जिला सचिव बने लोगों ने दी बधाई

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह झारखंड श्रमिक संघ मजदूर यूनियन के जिला सचिव बनाए गए। संजय सिंह के जिला सचिव बनाए जाने से लोगों ने अपार खुशी व्यक्त की तथा बधाई दी है। संजय सिंह ने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को लेकर मैं बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा। श्रमिकों को हक व उनके अधिकार को दिलाना मेरा लक्ष्य होगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, किशोर राणा, हेमंत भुईया, विशेश्वर राम, झमन महतो, मोहम्मद सफीउल्लाह अंसारी, संजय करमाली, दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डु, राकेश मिश्रा, संजय भुईया, रेशमी टुडू, मोहन सोरेन, पवन तुरी, नंदकिशोर भुईया, वासुदेव यादव, इंद्रदेव राम, मोहम्मद हुसैन, अशोक गुप्ता, सुरेश यादव, हरिलाल मांझी आदि शामिल है।

# सांसद प्रतिनिधि ने बिरहोर कॉलोनी का दौरा कर योजनाओं का जायजा लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कुंदला पंचायत के चिपीबांधडीह बिरहोर कॉलोनी का दौरा कर विरहोर परिवार की वर्तमान स्थिति की जानकारी लिया। गांव में सड़क, बिजली, पानी,आवास , गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाली राशन सामग्री, रोजगार के साधन, शिक्षा सुविधा, पोषाहार की वर्तमान स्थिति की जानकारी ग्रामीण विरहोर परिवार से मिलकर लिया गया।कई चीजों की जानकारी लेने पर बिरहोर परिवार द्वारा बताया गया कि उन्हें इस माह का राशन नहीं मिला है, पंद्रह दिनों से पानी टंकी के खराब होने से पानी नहीं मिल रहा है। सांसद प्रतिनिधि ने त्वरित कार्रवाई कर खाद्य आपूर्ति एवं पेयजल विभाग से समस्या समाधान कराया। जानकारी हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदिम जनजातियों के लिए महत्वाकांक्षी योजना ÷प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गांव को विकसित बनाने की बात है, जहां हर परिवार को पक्का मकान, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार



इत्यादि से जोड़ने की बात है। इसी निमित्त जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि का बिरहोर कॉलोनी का दौरा खास था। पुंडी बिरहो और सोमरा बिरहोर ने गांव की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि ने बिरहोर परिवार को आश्वस्त किया कि वे जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा को उनके स्थिति की जानकारी देकर उनके समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान चिपीबांधडीह में बन रहे पेयजल टंकी एवं एदेलपीड़ी से बघई तक सड़क निर्माण का भी औचक निरीक्षण किया जहां कई खामियां पाई गई।

# सामाजिक न्याय-जन जागरूकता रथ हुई रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बरवाडीह भोक्ता स्थान मंदिर से लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा सामाजिक न्याय का जागरूकता रथ को मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ बरवाडीह मंदिर से लेकर बड़कागांव दैनिक बाजार व अन्य गली मोहल्ले में निकाला गया। इस दौरान लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, शहीद जगदेव प्रसाद, स्वर्गीय गुरदयाल महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि जागरूकता रथ शुभारंभ किया गया। मौके पर गाजे बाजे के साथ ग्रामीणों ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर सुनील साहू ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोकहित अधिकार पार्टी की अगर सरकार में भागीदारी रही तो मुफ्त में शिक्षा व चिकित्सा देंगे। प्रदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी कुंज बिहारी साव ने कहा कि लोगों को अपने हक व अधिकार के लिए जागरूकता रथ निकली गई है। सामाजिक न्याय के लिए पार्टी का निर्माण किया गया है। रथ पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने लोगों से अपील कि और कहा कि भारतीय राजनीति में एकमात्र लोकहित अधिकार पार्टी विकल्प है जो समुचित विकास कर सकती है। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा लोग इस पार्टी से जुड़ें। मौके पर जिला प्रभारी रामविलास साव, राष्ट्रीय तैलिक साहू महा संगठन जिला अध्यक्ष हजारीबाग नंदलाल साव, राष्ट्रीय तैलिक साहू समाज जिला उपाध्यक्ष अशोक साव,डुभन साव, रोहण साव, धनु प्रसाद निराला, धनेश्वर साव, ढलन साव, शंकर साव, राजेश साव, प्रदीप प्रसाद गुप्ता, लालदेव साव, संतोष कुमार, टिंकू साव,शंकर साव, माथुर साव, निरो देवी, पुष्पा देवी,रीता देवी, वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, रुपवती देवी व अन्य शामिल थे।

# कर्रा के तुनेल में पांच पड़हा पूस जतरा सम्पन्न

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के तुनेल गांव में शनिवार को पांच पड़हा पूस जतरा का आयोजन पांच पड़हा पूस जतरा समिति तुनेल द्वारा किया गया. पांच पड़हा पूस जतरा के अवसर पर बालक व बालिकाओं का एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बालक ग्रुप में फाईनल मैच फुटबॉल क्लब बैरगड़ा बनाम् फुटबॉल क्लब मानपुर के बीच खेला गया जिसमें फुटबॉल क्लब बैरगड़ा पेनाल्टी सूट ऑउट पर 3-5 गोल कि बढ़त बनाकर विजयी रही. एवं बालिका ग्रुप में फाईनल मैच बालिका फुटबॉल क्लब तुनेल बनाम् बालिका फुटबॉल क्लब चुपा टोली के बीच खेला गया. जिसमें बालिका फुटबॉल क्लब तुनेल 3-4 गोल कि बढ़त बनाकर विजयी रही. जतरा में मुख्य अतिथि मेहा पंचायत मुखिया अजय खलखो व विशिष्ठ अतिथि बमरजा मुखिया अनूप कुजूर ने मौजूद रहे. पांच पड़हा पूस जतरा में म्यूजिक लिटिल स्टार ग्रुप सिमडेगा का आर्केस्ट्रा आकर्षण का केन्द्र रहा. जिसका मुख्य अतिथि मुखिया अजय खलखो, मुखिया अनूप कुजूर, मुखिया सुखराम मुंडा व पूर्व मुखिया फागु धान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया. जतरा में आधुनिक, नागपुरी व ठेठ गीत में युवक-युवतीयों को नाचते झूमते देखा गया. जतरा में बच्चों के लिए खिलौने, सिंगार, रंग-बिरंगी मिठाई, फल सब्जी व गन्ने कि दुकानें लगायी गयी जिसका लोगों ने जमकर लुत्स उठाया. रंगारंग आर्केस्ट्रा पर रूपेश बड़ाइक, सुजीत कुमार, अंजली देवी, सूरज कुमार, सुभाष मिली, फुलकुवारी, एंड लिटिल स्टार ग्रुप के कलाकारों ने अपने सुन्दर गीतों से लोगों का मन मोह लिया.पांच पड़हा पूस जतरा को सफल बनाने में बिमल खलखो, दिलेश्वर साहू, चंपा खलखो, अनूज मुंडा के अलावे पांचों पड़हा के सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

# स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में हुआ पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह छात्रों ने यादें ताजा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विभावि के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने की ।दर्शनशास्त्र विभाग में पुराने छात्रों के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में 1992 से लेकर वर्तमान बैच के विद्यार्थी भी पहुंचे थे। मुख्य वक्ता के रूप में मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ मिथिलेश सिंह थे,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र बरई थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अरुण भंडारी थे। मुख्य अतिथि को विभागाध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्त मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा दर्शन के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक ऐसे अनुशासन के विद्यार्थी है जो दुनिया के सारे समस्याओं का समाधान है छात्रों को कहा की कई बार कई प्रयासों में सफलता नहीं मिलती है इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हो गए बल्कि आप अपने प्रयास अच्छे ढंग से नहीं किया । गिर कर आगे बढ़ना ही जीवन है। हमेशा सीखते रहना चाहिए। उन्होंने दर्शन को जीवन में अपनाने की अपील की।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा की यहां से शिक्षा प्राप्त कर निकले छात्र देश ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग अलग हिस्सों में अपनी क्षमता का लोहा मनवा रहे हैं।विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण नारायण भंडारी ने दर्शनशास्त्र विभाग के शोधकर्ताओं और छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया उन्होंने हर वर्ष इस कार्यक्रम के आयोजन पर जोर दिया। संत कोलंबस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जेपी रविदास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पढ़ाई इसी विश्वविद्यालय से की थी और और इसी विश्वविद्यालय के संत कोलंबा कॉलेज में छात्रों को पढ़ा रहे हैं। पुराने छात्रों का मिलन होना आज बहुत जरूरी है ।पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए यहां बिताए पल को याद किया। सभी पूर्ववर्ती छात्रों को दर्शनशास्त्र विभाग की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर विजय कुजूर ने किया। मंच संचालन शोधकर्ता अमित रंजन ने किया। कार्यक्रम के अंतिम में एल्यूमिनी एसोसिएशन की घोषणा की गई। जिसके अध्यक्ष संत कोलंबस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जेपी रविदास को बनाया गया। आगामी दिनों में एल्यूमिनी

# संजीव बेदिया ने नए एसपी से की औपचारिक मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया व बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने हजारीबाग जिला के नए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात कर बुके भेंट कर स्वागत कर अभिनंदन किया। इस दौरान झामुमो नेता ने एसपी से क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से नेताओं ने हजारीबाग से लेकर बड़कागांव के बीच सड़क दुर्घटना, बार-बार हो रही सड़क जाम मामले की समाधान करने की मांग की है, ताकि राहगीरों को समस्याओं से निजात मिल सके।

# एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आई भारतीय महिला हॉकी टीम आज खूंटी पहुंची

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम आज खूंटी पहुंची। इस दौरान पारंपरिक रूप से टीम का स्वागत किया गया। खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच का अभ्यास किया। टीम में खूंटी जिले की निक्की प्रधान सहित भारतीय टीम के सभी हॉकी खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए सहित जिले के हॉकी खिलाड़ी और खेलप्रेमीयों ने उपस्थित होकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बिरसा कॉलेज परिसर के एस्ट्रोटर्फ मैदान में अभ्यास मैच खेलते देखा। अभ्यास के पश्चात उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं टीम के कोच को सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खूंटी में टीम के अभ्यास से जिले में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी के लिए हर्ष की बात है कि यहां भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मैच के लिए शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान निक्की प्रधान ने बताया कि हमारी टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद. उन्होंने कहा, हमारी तैयारियां पूरी हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उचित तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए हर्ष का विषय है कि वो अपने जिले में आकर मैच का अभ्यास कर रही हैं। रांची के मोरहाबादी स्थित मोरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है। भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा, उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

# भाजपा, विष्णुगढ़ ने शहीद बबुनी प्रसाद महतो की मनाई 29 वी पुण्यतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : भारतीय जनता पार्टी, विष्णुगढ़ के द्वारा 6 जनवरी को शहीद बबुनी प्रसाद महतो का 29वां शहादत दिवस उनके पैतृक गांव चलकरी खुर्द में पूरे विधिविधान से मनाया गया।बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी ने शहीद बबुनी प्रसाद महतो के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शरीक होकर उनके आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर, श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया।इस मौके पर ललिता देवी ने कहा कि मेरे ससुर स्व.टेकलाल महतो के परम मित्र और झारखंड आन्दोलन में टेकलाल बाबू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया,इनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इनका व्यक्तित्व ही ऐसा था,कि इनके पास लोग अपनी समस्याओं को रखते और वे उनका समाधान करने तक संघर्ष करते रहते जब तक समस्या का हल ना हो जाय इन्ही खूबियों के कारण टेकलाल बाबू इनको काफी सम्मान देते थे,जैसा मैने अपने परिवार में सुना है। पुण्यतिथि कार्यक्रम में शहीद बबुनी प्रसाद महतो के जयेष्ठ सुपुत्र किशोर कुमार मंडल,पुत्रवधु गायत्री देवी,पौत्र विक्की कुमार,अंकित कुमार,पौत्री खुशबू रानी ने उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पण कर नमन किया ।कार्यक्रम अंत मे ललिता देवी के द्वारा दर्जनों कम्बल का वितरण गरीबो के बीच किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो, मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, अनु.मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव महतो, दिनेश कुमार मंडल, हेमलाल साव, बिनोद प्रसाद गुप्ता, सुरेश राम, सिकंदर मंडल, अर्जुन मंडल, सुखदेव मंडल, रामधन माली, डब्लू सोनी, गोवर्धन महतो, कलीम खान, बासुदेव महतो समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने क्षेत्रवासियो को चूड़ा दही कार्यक्रम में दिया आमंत्रण

टाटीझरिया । बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह पूर्व आवास झारखंड राज्य बोर्ड अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने शनिवार 6 जनवरी को अपने समर्थकों में विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक ,समाज सेवी अरविंद केशरी,गणेश सिंह,ईश्वर महतो,बबल सिंह,हरेंद्र मेहता,संतोष पासवान ,टाटीझरिया विधायक प्रतिनिधि इब्राहिम अंसारी जितेंद्र पासवान ,अशोक कुमार,रोहित कुमार, सरजू राम,राजेश ठाकुर,रोहित कुमार ,समेत अन्य लोगो के साथ विधासभा क्षेत्र के झरपो भाराजो खैरा पंचायत के कई गांवों का भ्रमण किया । और क्षेत्रीय लोगों को मुलाकात के दौरान नव वर्ष कि शुभकामनाएं देते हुए अपने आवास बरकट्ठा में मकर



संक्रान्ति पर्व के अवसर पर हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष14 जनवरी 2024 को भी चूड़ा दही कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आने को लेकर आमंत्रण पत्र देकर आग्रह किया। मौके पर जीप सदस्य रामप्रसाद,टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल ,धानेश्वर पासवान,मनीर मिया,विजय पांडेय,संजय प्रसाद,दशरथ नारायण सिंह,रघुनंदन प्रसाद,राम लखन पांडेय, चंद्र प्रसाद,रामलखन राणा, किशोरी प्रसाद,किशोरी महतो,संजय कुमार, अन्य सैकड़ों लोगों से मुलाकात कर भारी से भारी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आग्रह किया।

## 27वें वार्षिकोत्सव परब बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर रतनपुर टुंडी के 27 वे वार्षिकोत्सव परब 2024 को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार ने शनिवार को कहा कि टुंडी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में 1994 में एकल विद्यालयों के जन्मदाता मदनलाल अग्रवाल द्वारा स्वरूप विद्या मंदिर की स्थापना एक महान कार्य था। तब से लेकर आज तक यह विद्यालय बनवासियों, दलितो तथा पिछड़े वर्गों के बीच शिक्षा की ज्योति जला रहा है। समाज के सबसे पिछले पायदान के बच्चों को शिक्षित कर मुख्य धारा से जोड़ रहा है । एकल के राष्ट्रीय प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान की शुरुआत इसी टुंडी से हुई थी, जो आज पूरे विश्व में एक उदाहरण बन गई है । उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों को सराहा। विद्या विकास समिति के प्रांतीय सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि यहां संस्कार युक्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने प्रांत की ओर से विद्यालय को पूरा सहयोग करने का वादा किया। अतिथियों ने झारक्राफ्ट, विश्वकर्मा उद्योग, हस्तकरघा, सिलाई कक्ष, उद्यान, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि का मुआयना किया। अध्यक्ष शरत दुदानी ने अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया । सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सभी विधाओं में विद्यालय बेहतर कर रहा है। खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। विक्रांत उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन सुफल मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक एवं एकल अभियान के प्रणेता मदनलाल अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण दुदानी की तस्वीर का अनावरण किया गया। अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका वाटिका का विमोचन किया। इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुजूर, मुखिया गरीबन बीवी, लोलिन बास्की, विनोद तुलसियान, शंकर दयाल बुधिया, डीएन सिंह, नंदलाल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, केके हड़ोदिया, प्रदीप जैन, आशीष अग्रवाल, रामप्रसाद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल , रोशन अग्रवाल, दिलीप पांडेय, नील मोहन मिश्रा, केडीएन आजाद, जयप्रकाश मिश्रा, कमल त्रिवेदी, अशोक गिरि, राजेश जायसवाल, नवल किशोर चौधरी, एसएन लाल त्यागी, वासुदेव गोस्वामी, जितेंद्र सिंह, डॉ आरके शर्मा, सतीश सरिया, जितेश जायसवाल, सुनील मंडल भाजपा मंडल अध्यक्ष ,सुनील मंडल भाजपा मंडल अध्यक्ष गोमो, पप्पू विश्वकर्मा, संतोष पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नया पुल रोड बैंक ऑफ इंडिया के नीचे मिली लावारिश बाइक

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह में लगातार कुछ दिनों से अपराधी बाइक चोरी की अंजाम दे रहे थे। बीते शुक्रवार को मुफ़स्सिल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सिहोडीह बैंक ऑफ़ इंडिया ब्रांच के पीछे एक मोटरसाइकिल लावारिस हालत पड़ी हुई है। यह सुचना मिलते ही मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के पुलिस तत्परता दिखाते हुए पहुँची और छानबीन में जुट गयी। छानबीन के क्रम में पुलिस को पता चला की यह मोटरसाइकिल चोरी की है और इसका मालिक यहां कोई नहीं है, पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाने ले गई और आगे की कार्यवाई करते हुए सिहोडीह से दो युवक और पतारी गांव से दो युवको को शक के आधार पर हिरासत मे ले कर पुछ ताछ कर रही है।

## सरिया : राजस्व कर्मचारी का आसामयिक निधन, अंचल कर्मियों ने जताया शोक



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी उमना मुर्मू का असामयिक मौत बीते शुक्रवार को गिरिडीह स्थित उनके आवास मे हो गई, ये लम्बे समय से बीमार चल रहे थे, इसी को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर मे शोक सभा का आयोजन किया गया ! जिसमे अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवम सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल व अनुमंडल के कर्मी मौजूद थे ! सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को सबों ने श्रद्धांजलि दी ! इस बाबत सीओ संतोष कुमार ने कहा की उमना मुर्मू एक अनुभवी कर्मचारी थे लेकिन बीते कई महीनों से बीमार चल रहे थे इसी बिच बीते कल इनकी मौत हो गई जिससे हम सभी अंचलकर्मी शोकग्रस्त हैं, सरिया अंचल कार्यालय के तमाम कर्मचारी उनके परिवार के इस दुःख की घड़ी मे उनके साथ है ! शोक व्यक्त करने वालो मे मनीष मंडल, अभिषेक कुमार, विशाल कुमार शामिल हैं ।

## स्मार्ट क्लास इंस्टीट्यूट के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**सरिया/गिरीडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया बागोडीह के समीप स्थित स्मार्ट क्लास के द्वरा शनिवार को सामान्य ज्ञान, रीजनिंग तथा डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजन किया गया। क्यूज कम्पटीशन के लिए पांच भागों में छात्रों को रखा गया जिसमें क्रमशः आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्ता, रामानुजम, मुनिशर्म तथा शकुंतला की टीमो से सामान्य ज्ञान व रीजनिंग से जुड़े सवाल-जवाब किया गया जिसके बाद इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने भाषण व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मन मोहा।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सांसद पशुपतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान पूर्व हुई दिशा की बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना, निरसा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना (उत्तर एवं दक्षिण), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान सहित अन्य बिंदुओं एवं उसके अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक में सांसद ने कहा कि नए वर्ष में जिले के नए उपयुक्त के साथ नई उम्मीद से दिशा की बैठक संपन्न हुई है। जिले के विकास के लिए उपायुक्त और उप विकास आयुक्त जितनी रुचि ले रहे हैं और गंभीर है, उतना ही गंभीर अन्य विभाग के पदाधिकारियों को बनना पड़ेगा।

सांसद ने कहा कि जिले के लोगों को अच्छी सड़क, सुगम यातायात, स्वच्छ पानी व पर्यावरण, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा तथा विधि व्यवस्था अच्छी चाहिए। दिशा की बैठक का उद्देश्य भी यही है। सांसद ने कहा कि जिले में प्रदूषण को रोकने के लिए बिना तिरपाल ढंके और बिना टायरों को धोकर कोलियरी से कोयला लेकर निकलने वाले भारी वाहनों की धर-पड़क कर जुर्माना करें। बिना तिरपाल ढंके कोयले का परिवहन होने से गोधर, धनसार, राजापुर सहित अन्य स्थानों में बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण हो रहा है। सुगम यातायात व्यवस्था एवं सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए सांसद ने बिजली एवं टेलीफोन के अनुपयोगी पोल को हटाने का सुझाव दिया। सांसद ने बिजली विभाग को जर्जर तार दुरुस्त करने, बिजली बिल में हो रही गड़बड़ी और बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधा को दूर कर निर्बाध बिजली देने का निर्देश दिया। सांसद ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रोटेशन वाइज चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने और उसकी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बैठक में कस्तुरबा आवासीय विद्यालय तोपचांची के इंचार्ज के स्थानांतरण पर चर्चा हुई। इस पर उपायुक्त ने कहा कि इंचार्ज पर विभागीय कार्रवाई करें और उन्हें बच्चियों के स्कूल में नहीं भेजें। बैठक में धनबाद नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में कुछ लाभुकों को अधिक राशि मिलने की चर्चा की गई। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि एक जांच समिति बनाई गई है। जो इस मामले की जांच कर रही है।

## नए एसएसपी का पहला एक्शन : एक थानेदार सस्पेंड, एक लाइन क्लोज्ड, तीन जमादार निलंबित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नए एसएसपी एचपी जनार्दनन के कार्यभार ग्रहण करने के बाद कम से कम दो थानेदारों पर गाज गिरी है। तीन जमादार भी कार्रवाई की जद में आए हैं। तेतुलमारी थाना क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन एवं कोयले का अवैध व्यापार होने की पुष्टि होने के बाद थानेदार को निलंबित कर दिया गया है। वही, मैथन थाना प्रभारी को लाइन हाज़िर कर दिया गया है। जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय - एक ने दिनांक 3 और 4 जनवरी की रात में गश्ती, चेकिंग ड्यूटी के क्रम में पाया कि बरवाअड्डा, गोविंदपुर, निरसा एवं मैथन के कुछ पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह थे। उसके बाद मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव को तत्काल पुलिस केंद्र बुला लिया गया है। वही, गोविंदपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक सरताज खान, बरवाअड्डा थाना के सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार, मैथन ओ.पी के सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार राय और आरक्षी रमेश यादव, निरसा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया है। इसके अलावा यह भी बताया गया है कि 4 जनवरी के रात में गुप्त सूचना मिली कि तेतुलमारी थाना के गंडुआ बस्ती में कुछ व्यक्तियों द्वारा कोयले का अवैध खनन तथा व्यापार किया जा रहा है। उसके सत्यापन के लिए एक विशेष टीम भेजी गई। उक्त स्थल से अवैध कोयला एवं ट्रक बरामद हुआ है। इसके बाद तेतुलमारी थाना प्रभारी रोशन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### एसएसपी ने की सभी डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों के साथ बैठक

## एक साल तक काम करने का बनाया प्लान, लंबित मामलों एवं अपराध पर नियंत्रण करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र सांवददाता

**धनबाद :** धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने एसएसपी कार्यालय सभागार में जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सभी डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर और थाना, ओपी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एसएसपी के रूप में पदस्थापित होने के बाद यह पहली बैठक नए एसएसपी की है। बैठक के दौरान विगत एक साल में किए गए कार्यों और लंबित मामलों की समीक्षा के बाद उचित दिशा निर्देश दिए गए।साथ ही एक साल तक किस तरह से काम करना है उसका प्लान बनाया गया। वही एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कहा कि सभी डीएसपी व थाना प्रभारी के साथ पहली बैठक आज किये है। एक साल तक काम करने का प्लान और विगत साल किये गए कामो का समीक्षा किया गया है। लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अपराध को नियंत्रण करने तथा जेल से छूटे अपराधियों पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है।

## संजीव सिंह को भेजा जाएगा दिल्ली एम्स, जेल आईजी ने दिया आदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को इलाज के लिए दिल्ली एम्स भेजा जाएगा। झारखंड के जेल आईजी ऊमा शंकर सिंह ने इस बाबत धनबाद जेल सुप्रीटेंडेंट को निर्देश दिया गया है। जेल आईजी ने यह निर्देश झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दिया है। पिछली बार अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि अब तक संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स क्यों नहीं भेजा गया है। मामले की सुनवाई फिर से 5 जनवरी को हुई। जिसके बाद अदालत के आदेश पर उन्हें रिम्स भेजने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल उनका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है। मालूम हो कि वे पिछले 6 सालों से जेल में बंद हैं। जबकि 11 जुलाई 2023 को संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ी थी।

**6 सालों से जेल में बंद हैं संजीव सिंह :-** बता दें कि प्रार्थी पूर्व विधायक संजीव सिंह की ओर से जमानत याचिका दायर की गयी है। पूर्व में हाइकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका दो बार खारिज हो चुकी है। झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह पर धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड का आरोप है। नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय, गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# मैत्री महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर महिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा की अध्यक्षता में संगठन सशक्तिकरण व 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं महिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा आगामी 09 जनवरी 2024 को जिला में आयोजित मैत्री महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस के पदाधिकारीयों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में धनबाद जिला महिला कांग्रेस प्रभारी प्रिया ओझा एवं धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद महिला कांग्रेस प्रभारी प्रिया ओझा को सम्मानित करते हुए कहा कि धनबाद महिला कांग्रेस जिला के सभी प्रखंडों एवं नगरों में संगठन सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम कर रही है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस कमेटी अहम भूमिका निभाने का काम करेगी। मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है।लोक आर्थिक संकटों से जूझ रही है लोगों का मोदी सरकार से मोहभंग हुआ है और कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास जगा है निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। आगे उन्होंने धनबाद जिला में आगामी 9 जनवरी 2024 को आयोजित महिला कांग्रेस का मैत्री महासम्मेलन में महिला कांग्रेस के पदाधिकारीयों से भारी संख्या में पहुंचकर महिला कांग्रेस के उक्त कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

## गौतम का राजद में स्वागत, पार्टी को मिलेगी मजबूती : सत्येंद्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को सत्येंद्र कुमार, प्रदेश महासचिव ओबीसी प्रकोष्ठ झारखंड ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी की विधायक और वरिष्ठ समाजवादी नेता गौतम सागर राणा राजद में शामिल हो गए हैं। ज्ञात हो गौतम सागर राणा पहले भी राजद के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व विधायक और झारखंड के समाजवादी नेताओं में से एक गौतम सागर राणा ने फिर एक बार राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। शुक्रवार को पटना में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गौतम सागर राणा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से गौतम सागर राणा को फिर से पार्टी में शामिल कराने को घर वापसी की संज्ञा दी जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल के ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे गौतम सागर राणा की घर वापसी से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी और इसका लाभ चुनाव में इंडिया दलों को मिलेगा।

## श्रद्धा सुमन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक को तोता ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत हेसला पंचायत के गेंदोड़ीह निवासी भाजपा कार्यकर्ता रोहित महतो की मां की पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गई थी । उनके श्राद्ध कर्म में बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मिथलेश यादव, राजेन्द्र महतो, फुलचंद महतो, मोहन महतो, प्रभू महतो, रामेश्वर महतो, करण महतो, बिक्की महतो, रूपलाल महतो, बासुदेव महतो, सागर कुमार,जितेन्द्र महतो सहित अन्य लोग मौजुद रहें। वहीं इस दौरान तब लोग अची भीत हो गए जब लोगों के बीच पूर्व विधायक कुछ बात कर रहे थे तब अचानक उनके कंधे पर एक तोत आकर बैठ गया । और तब तक बैठा रहा की जब तक रोहित के घर के गेट से बाहर नही हुए । ज्योंहि गेट के बाहर पूर्व विधायक निकले की तोता फिर अपना एशियाना की निकल गया । इसे लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है की पूर्व विधायक का स्वागत करने पक्षी भी पहुंचते है।

## सीटू का दूसरा जिला सम्मेलन जेलगोरा गेस्ट हाउस में संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सीटू का दूसरा जिला सम्मेलन जेलगोरा गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित सीटू के जिला अध्यक्ष एवं सिंदरी विधानसभा के पूर्व विधायक आनंद महतो सीटू के झंडात्तोलन के बाद शहीद वेदी पर माल्या अर्पण किया। उपस्थित सीटू के झारखंड राज्य अध्यक्ष मिथिलेश सिंह एवं झारखंड राज्य सचिव विश्वनाथ देव ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित किए। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि बारी-बारी से शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित किया।कमाने वाला खाएगा लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा, दुनिया के मजदूर एक हो, सीआईटीयू जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद आदि गगनचुंबी नारों के साथ विधिवत तरीके से जिला सम्मेलन का आगाज किया गया। सीटू जिला अध्यक्ष कामरेड आनंद महतो ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बीसीसीएल के अंदर किसानों का जमीन जबरन हड़प कर उसे पर निजी कंपनियां का आउटसोर्सिंग चलाया जा रहा है और किसानों का जो अधिकार है नियोजन और मुआवजा से साजिश के तहत वंचित किया जा रहा है।

# बिजली बिल के बहाने पहले गांव की लाइन काटी, फिर धमकी देकर दलालों ने वसूल लिए 5-5 सौ रुपए : राजेश यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बकाया बिजली बिल के बहाने विभाग के दलालों ने लोकल मिस्त्री से सांठ-गांठ कर बेंगाबाद प्रखंड के भलकुदर गांव में पहले तो सभी घरों की लाइन काट दी, और फिर बरगलाकर महिलाओं से लाइन जोड़ने के नाम पर प्रति घर 500 रुपया करके नाजायज तरीके से वसूल लिया। फिर जिन्होंने पैसा नहीं दिया उनका लाइन कटा हुआ छोड़ पैसा देनेवाले घरों की लाइन जोड़ दी गई। यह मामला बेंगाबाद प्रखंड के भलकुदर गांव में, 16 जनवरी शहादत दिवस की तैयारी को लेकर आज आयोजित पार्टी की एक बैठक के दौरान सामने आई। इस बाबत ग्रामीणों की पूरी बात सुनने के बाद माले नेता सह सिद्धो-कान्हू जन संघर्ष मंच के संरक्षक राजेश यादव ने कहा कि, एक तरफ केंद्र मोदी राज में अमीरों को सब तरह से कर्ज माफी का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन गरीबों के ऊपर बोझ बना बिजली बिल माफ नहीं की जा रहा। कहा कि, यद्यपि झारखंड सरकार ने पिछले वर्ष बकाया बिजली बिल में शामिल ब्याज की एक हद तक माफी का लाभ दिया, लेकिन बात इतने से नहीं बन रही। गरीबों की मौजूदा दयनीय स्थिति को देखते हुए सम्पूर्ण बकाया बिजली का बिल माफ करना ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने गांव में नल-जल योजना के नाम पर भारी लूट और कोताही बरतने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि, भलकुदर में इसकी एक भी योजना सफल नहीं। बिना बोरिंग सिर्फ पानी टंकी बनाकर छोड़ दिया गया है। मीटिंग में उठे सारे सवालों को चिन्हित किया गया और लोगों से अपने इन्हीं सवालो पर संघर्ष शुरू करने की अपील की गई।

# केंद्रीय मंत्री को दिए आवेदन पर हुई कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ का प्रयास रंग लाया है, मुखिया संघ ने अक्तूबर 2023 को गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को एक आवेदन देकर मुखियाओं और अन्य पंचायत के जन प्रतिनिधियों का मानदेय देने की मांग किया था। दिए मांग पत्र के आलोक में भारत सरकार के उप सचिव विजय कुमार ने प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार को एक पत्र देकर कहा है की वेतन भुगतान सहित पंचायत से संबंधित सभी मामले राज्य सरकारों के दायरे में हैं। उपरोक्त पत्र झारखंड से संबंधित है और झारखंड के पंचायत राज अंतर्गत आता है।

इस संदर्भ में यह विदित हो कि इस मंत्रालय ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एक परामर्शिका जारी की थी जिसके परिच्छेद 2 के अंतिम से दूसरे खंड में कहा गया है कि ÷...उप-समितियों में उनकी सेवाओं के लिए वार्ड सदस्यों/निर्वाचित प्रतिनिधियों को उपयुक्त पारिश्रमिक राज्य सरकार के निधिग्राम पंचायत के राजस्व के अपने स्रोत (ओ.एस.आर.) से प्रदान किया जा सकता है, जो कि वार्ड सदस्यों को 1000/- प्रति माह प्रति उप समिति बैठक और सरपंचों को 5000/- रु. प्रति माह या राज्य सरकार द्वारा जो भी उचित समझा जाए हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओबीसी आरक्षण तय कर ही निकाय चुनाव कराए सरकार : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी का आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव कराने की मांग किये। श्री साहू ने कहा कि ओबीसी को आरक्षण मिलना संवैधानिक अधिकार है। राज्य में सबसे ज्यादा आबादी पिछड़ी जातियों का है उसके बावजूद पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं मिला था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जातीय जनगणना केंद्र सरकार कराये ताकि आबादी के अनुसार पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति को आरक्षण दिया जा सके। झारखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को 3 हफ्ते के भीतर निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। सरकार को चाहिए की ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देना सुनिश्चित करें ताकि पिछड़ी जातियों को न्याय मिल सके।

# असंवैधानिक थी डिलिस्टिंग महारैली, 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली कर दिया जाएगा जवाब : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को लोहरदगा के होटल केतकी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनजाति सुरक्षा मंच और आरएसएस पर आदिवासी समाज को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विगत 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा डीलिस्टिंग रैली असंवैधानिक, भाजपा और आरएसएस द्वारा प्रायोजित थी। आगामी 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली कर इसका जवाब दिया जाएगा। श्री तिर्की ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस पर कहीं न कहीं भाजपा समर्थित संगठनों ने मौन धारण किया हुआ है। डीलिस्टिंग की मांग करनेवालों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची के कई इलाकों में डेमोग्राफी क्यों बदल रही है। इस पर डीलिस्टिंग को लेकर आयोजित रैली में कोई चर्चा क्यों नहीं हुई। दावा किया कि डीलिस्टिंग की मांग करने वालों में वैसे लोग अधिक हैं, जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी 2024 को होने वाली आदिवासी एकता महारैली कांग्रेस के बैनर तले नहीं बल्कि झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले आयोजित की जाएगी। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि विगत 24 दिसंबर को मोरहाबादी में जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले की गई डिलिस्टिंग महारैली को हम और सभी जनजाति समाज असंवैधानिक मानते हैं। इस महारैली में आदिवासियों के जन मुद्दा, सरना धर्म कोड,तीन लाख से अधिक आदिवासी आरक्षित पदों के बैकलॉग, जनजातीय समाज के जमीन संबंधी मामले, पांचवी अनुसूची,फॉरेस्ट राइट जैसे मामलों पर डिलिस्टिंग रैली में एक शब्द भी नहीं बोला गया। सिर्फ सनातनी आदिवासी,धर्म परिवर्तन, ईसाई और मुस्लिम बने आदिवासियों को आरक्षण का लाभ लेने से वंचित कर देने के लिए जनजातीय लिस्ट से बाहर कर देने की मांग कर आदिवासी समाज के बीच जहर घोलने की बात हुई, जिसका पूरा जनजाति समाज विरोध करता है। कहा कि 24 दिसंबर 2023 की डिलिस्टिंग महारैली जहां जनजातीय समाज को कमजोर करने के लिए थी, उस महारैली में न सरना धर्म की बात हुई और न ही आदिवासियों के हक और अधिकार की। सिर्फ भाजपा और आरएसएस के इशारे पर जनजातीय सुरक्षा मंच के माध्यम से समाज को कमजोर करने की कोशिश की गई।

# ठेठईटांगर में प्रखंड स्तरीय रबी फसल कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों के बीच रबी फसल से संबंधित तेलहन, दलहन, गेहूं के बुवाई का सही समय बीजोपचार एवं कीट रोधी दवा से बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकी पद्धति से कृषि के लिए जागरूक करना एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि करना है, जिससे जानकारी लेकर किसान लाभकारी कृषि कर सके। उन्होंने किसानों से अपने खेतों में जुताई के समय जिप्सम डालने के लिए सुझाव दिया ताकि कड़ा मिट्टी हल्का एवं भर भरा हो सके रबी फसल में नैनो तरल यूरिया का उपयोग करने का सुझाव भी दिया गया साथ ही प्रखंड के कृषि तकनीकी केंद्र आकर कृषि संबंधित नई तकनीकी जानकारी लेने की बातें कहीं गइ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा की किसान भाई रबी फसल चना, गेहूं की खेती समय पर करें और बड़े पैमाने पर इसे वृहद रूप से करें और अपने आय बढ़कर पारिवारिक जीवन स्तर को उठाने का प्रयास करें साथ उन्होंने कहा सरकार अभी सिंचाई के लिए भूमि संरक्षण विभाग, मनरेगा से तालाब, कुआ, पंप सेट, डीप बोरिंग आदि की व्यवस्था भी दे रही है, आप इनका भी लाभ उठाएं साथ ही सरकार कइ प्रकार के बीज उपलब्ध करा रही है जैसे अभी फिलहाल ही चना, मूंग, सरसों आदि बीज का वितरण किया गया है, कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकार आप लोगों की बहुत मदद कर रही है आप इसका लाभ अवश्य उठाएं, अपने परिवार एवं अपने स्थिति को सुधार करें, कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि मो.कारू ने भी अपने संबोधन में कहा की लोग साल में एक ही बार खेती करते हैं वह भी केवल बरसात के मौसम में बाकी समय में खेत खाली पड़ा रहता है उस खाली खेत में आप साग सब्जी और रबी फसल उगाकर के अपना आए को बढ़ा सकते हैं सरकार भी आपकी इसमें मदद कर रही है आप इसका लाभ अवश्य उठाएं।

# विधायक कोलेबिरा ने अपने लोगो के साथ मिलकर की उपायुक्त के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जिला एवं विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिला उपायुक्त से एवम् अपने लोगों के साथ मिलकर चर्चा किए। विधायक ने उपायुक्त से कहा कि हमारे विधानसभा का एक महत्वपूर्ण मांग है कि कोलेबिरा को अनुमंडल बनाया जाए और यह मांग वर्षो से हो रहा है। किन्तु आज तक इस ओर कोई सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया गया है। मैं दो बार सदन में इस पर आवाज उठाया हूं। बार बार यही जवाब दिया गया कि जिला उपायुक्त का अनुशंसा आयुक्त के पास आएगा उसके बाद इस पर कार्रवाई होगी। जिला उपायुक्त ने कमिटी के लोगों को आश्वस्त किया कि मैं अपने ओर से जहां तक हो सके रिपोर्ट जनहित में करूंगा। दुसरी ओर जिला में झारखण्ड राज्य को अलग करने वालेआन्दोलनकारियों से सम्बन्धित था कि वैसे लोग जो अपना समय अपना तन मन धन लगा कर झारखण्ड अलग करने में लगाया, जेल तक गया परन्तु आज भी बहुत से लोग सम्मान से बंचित है। जिला में कुछ लोगों को पेंशन के रूप में कुछ सहयोग मिल रहा है, परन्तु बहुत सारे लोग सम्मान से भी बंचित है। इसलिए मैं चाहता हूं कि 26.01.2024 को सभी आन्दोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। इस पर उपायुक्त ने अपनी सहमति प्रदान किए।

# मांगे पूरी नहीं होने तक जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की हड़ताल जारी रहेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को नबीउलहसन की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपनी मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा व मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर जिला डीलर संघ के जिला अध्यक्ष नबीउल हसन ने कहा कि राज्य सरकार राशन डीलरों के साथ अन्याय कर रही है। जबकि झारखंड में चुनाव से पूर्व राज्य सरकार के मुखिया द्वारा राशन डीलरों के बीच उत्पन्न समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें उचित मानदेय का वादा किया गया था, परंतु आज तक राशन दुकानदारों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। आज के आधुनिक युग में भी 5जी के जमाने में 2जी से भी स्लो काम करने वाली ई-पास मशीन डीलरों को थमा दिया गया है। इससे आए दिन राशन दुकानदार व कार्डधारी के बीच में तूतू-मैंमैं की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक की समस्याओं का समाधान तो किया है, परंतु अल्प आय में काम करने वाले जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की समस्याओं को अब तक सुध नहीं ली है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को भी दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से सीख लेते हुए राशन दुकानदारों को प्रत्येक किलोग्राम तीन रुपया कमीशन देने चाहिए साथ ही राशन दुकानदारों को पांच लाख रुपए का बीमा गारंटी, अनुकंपा में उम्र सीमा की बाध्यता निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। मौके पर कुलेश्वर साहू,लाल धनंजय नाथ शाहदेव, नंदकिशोर शुक्ला, दीपक ठाकुर, बालेश्वर प्रसाद, लाल राम, शिव नारायण साहू, कलेश्वर साहू, सुमित मिश्रा, राजेश लकड़ा, सागर महतो, नंदकिशोर गोप, मुर्शिद अंसारी, गुलबहार अंसारी, दीपक ठाकुर, मिलन महिला मंडल, बसंती उरांव, ज्ञानती देवी, राजबाला अग्रवाल, शांति उरांव, सरिता कुजूर, बुलु उरांव, आशा उरांव, मनी देवी, मंगरी उराव, लक्ष्मी देवी, महिमा खाखा, सबला खातून सहित जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

# कुडुख सभा बोंगराम कोलेबिरा के बैठक में मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के बोंगराम में तीन परगना को लेकर के कुरुख सभा का आयोजन किया गया था जिसमें आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री शह विधायक एनोस एक्का उपस्थित हुए सर्वप्रथम कुरुख समुदाय के महिला पुरुषों के द्वारा अपने रीति रिवाज के अनुसार उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्हें कुरुख समाज की परम्परा की तरह पगड़ी पहनाकर बैठाया गया कुरुख जाति के तीनों परगना के मंत्री इस बैठक में उपस्थित हुए पूर्व के बैठक में अपने समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए लोग कोई निश्चित स्थान न होने के कारण खुले आसमान के नीचे बैठकर चर्चा करते थे अपनी समुदाय के लोगों के लिए एक निश्चित स्थान पर भवन हो इसको लेकर तीनों परगना के मंत्री मिलकर एनोस एक्का के पास पहुंचे और कुछ प्रस्ताव को उनके बीच रखा जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताते हुए एक निश्चित स्थान चयन कर वहां आपसी सहयोग और श्रमदान से अपने समुदाय के लोगों को बैठने हेतु भवन निर्माण करने की बात की इसकी चर्चा लोगों ने अपने बीच किया और एक जमीन दाता आगे आकर उसे भवन निर्माण के लिए जमीन दान किया आज उसका निर्माण सह भूमि पूजन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में एनोस एक्का उपस्थित हुए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि पूर्व में जब मैं आप लोगों के सहयोग से मंत्री था और विधायक हुआ करता था उस समय सभी समाज के लोग संगठित होकर अपने समाज के लिए आगे आकर हमारे पास जो भी सहयोग मांग करते थे थे सामाजिक बैठक करने के लिए हमने उन सभी को सहयोग किया परंतु कुरुख समाज के लोग आज तक कभी भी अपने आप को संगठित नहीं कर के रखे जिसके कारण आज यह स्थिति है की अपने परगना के लोगों को बैठने के लिए एक छोटा भवन भी नहीं है हम लोगों को अब जागरुक होने की आवश्यकता है और अपने कुरुख समाज के लोगों को एकजुट करना है राजनीतिक एकता सामाजिक एकता की आवश्यकता ह।

# ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में ग्राम को 100 प्रतिशत स्वच्छता कवरेज को लेकर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 जनवरी शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार कैरो मे स्वच्छता समिति प्रखंड समन्यवक खालिक अंसारी की अध्यक्षता मे ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति जल सहियाओं की आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक मे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहरदगा के अनुसार प्रखंड के सभी ग्राम को 100 प्रतिशत स्वच्छता कवरेज हेतू ग्राम मे नव निर्मित घरों, या परिवार विभाजित घरो मे जिसमे शौचालय नही है, या ग्राम मे कोई शौचालय क्षतिग्रस्त या अनोपयोगी हो गया है उसकी सुचिबद्ध करते हुए हर गाँव को 100 प्रतिशत स्वच्छ बनाने को लेकर बैठक में प्रखंड संन्यवक खालिक अंसारी ने सभी जल सहियाओं का आवश्यक निर्देश दिया। वही स्वच्छ भारत मिशन के तहत सहियाओ के बीच और भी आवश्यक चर्चा की गई। उक्त बैठक मे संजू उराँव, दशमनी उराँव, मुनी देवी, तारा देवी, माधुरी उराँव, सबिया खातून, रूकैया खातून, सावित्री उराँव, अनिता लकड़ा, तारा देवी, सीमा उराँव, इत्यादि, स्वच्छता समिति की बैठक मे उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत जरूरी हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए : डॉ. अरुण उरांव

**कुडू-लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो पंचायत में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्टीय उपाध्यक्ष डॉक्टर अरुण उरांव शामिल हुए। इस पौधारोपण कार्यक्रम में सैकड़ो पौधे लगाए गए। तथा मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। मौके पर डॉ अरुण उरांव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत जरूरी है और हर व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिए।

# अंजुमन ओहदेदारों का चुनाव आज, चुनाव कमिटी ने जारी किये दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमिटी का चुनाव आज 7 जनवरी रविवार को न्याटोली, कैरो स्थित मदरसा में चुनाव कमिटी की देख-रेख में सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगी। 06 जनवरी को चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्र के पास बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर चुनाव कमिटी ने विस्तृत गाइडलाइंस जारी किये हैं। चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि मतदाताओं के मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा कोई राशि व्यय नहीं की जाएगी और न ही इसके लिए कोई व्यवस्था किया जाएगा। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशी एक ही जगह अपनी निर्धारित सीट पर दोस्ताना माहौल बनाकर बैठेंगे। इस दौरान कोई भी प्रत्याशी किसी मतदाता से कोई बात चीत नहीं करेंगे और न ही फोन करेंगे। वोटर मतदान केन्द्र या उसके आसपास मतदान के बाद भीड़ इकट्ठा नहीं करेंगे। वोटों की गिनती के दौरान सभी प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद जीते हुए प्रयाशी या उनके समर्थकों द्वारा किसी तरह की नारेबाजी, बम-पटाखा फोड़ना, बाजा बजाना या किसी तरह का हंगामा नहीं हो इसकी जिम्मेदारी संबंधित उम्मीदवार की होगी। संयोजक अलीरजा अंसारी ने क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवियों, समाजसेवी, पत्रकार, चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशी, उनके समर्थकों और सभी मतदाताओं से चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है। मौके पर नजीर आलम खान, महताब आलम, अतिकुर्रहमान, फरीद खान उपस्थित थे।

# जिले में अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जिसमे बताया गया है की जिला में स्थित पावरगंज चौक के समीप जिलास्तरीय बैठक सह चुनाव कार्यक्रम 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे रखा गया है,जिसमे महासंघ एवं जिला के सभी सक्रिय सदस्यों को ये पत्र के माध्यम से निवेदन एवं सुचित किया गया रविवार को लोहरदगा पावरगंज चौक के समीप अखिल भारतीय धोबी महासंघ की एक जिला स्तरीय बैठक किया गया, जिसमे जिले के सभी सम्मानित सदस्यो को सादर आमंत्रित किया गया है। यह बैठक जिला के प्रभारी सह प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष माननीय राजु कुमार रजक (कुडु ) के नेतृत्व में रखी जायेगी जिसमे समाज के सभी सदस्यो का इस बैठक में आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य बताया गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष के अलावा सभी कार्यकरणी के सदस्यों कि चुनाव होने की संभावना जताई गई है। बैठक में भागीदारी समाज के भविष्य की तथा नीतियों को तय एवं साझा करेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव एक विकसित समाजिक प्राणी है जो की हम सब एक दुसरे के परिवार होते हुए दुःख सुख के सहयोगी भी है। जब हम एक साथ बैठक में उपस्थित होंगे तब हमें अपनी बातें रखने का अवसर प्रदान होगी तथा समाज में रहकर हीं हम मिलकर समाज के समस्याओं को निराकरण कर पाएंगे।

# पीडीएस दुकानदारों का 7 सुत्री मांगो को लेकर 6 वें दिन भी हड़ताल जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदार फेयर प्राईस डीलर एशोसियेशन झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार आज 06 वें दिन भी अपने 07 सुत्री मांगो को लेकर हड़ताल पर रहे,वही सभी दुकानदारों ने 06 जनवरी शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर कैरो मे दिया एक दिवसीय धरना। धरना के माध्यम से दुकानदारों ने कहा कि जबतक सरकार हम सभी दुकानदारों के जायज मांगो पर विचार नही करती तबतक दुकानदारों का अनिश्चितकाल तक दुकाने बंद रहेगी वही हड़ताल भी जारी रहेगा। दुकानदारों ने कहा कि फेयर प्राईस डीलर एशोसियेशन झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार आगामी 08 जनवरी को जिला मुख्यालय लोहरदगा समाहरणालय मैदान मे बृहत् रैली का आयोजन रखा गया है जिसमे प्रखंड के सभी दुकानदार भी शामिल रहेंगे, बावजूद सरकार की नींद नहीं खुली तो प्रदेश स्तर पर भी कार्यक्रम करके सरकार को अपनी जायज मांगो को मानने के लिये प्रदर्शन की जायेगी। आज के उक्त धरना प्रदर्शन मे लखन उराँव, मनीन्द्र शाह, नसीर आलम, सुरेन्द्र साहू, ब्रजकिशोर साहू, रामकेश्वर उराँव, पंकज साहू, सोमा उराँव, सोमनाथ महली, मो0 खुर्शीद, सोमरा उराँव, चंपा महिला मंडल, परमुनी उराँव, रौशनी महिला मंडल से सँजो उराँव, मनोरमा देवी, सरना महिला मंडल, चेतना महिला मंडल ज्योति महिला मंडल इत्यादि दुकानदार उपस्थित थे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है : सुरेश चंद्र पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के भैया बहनों के अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अभिभावक प्रतिनिधि लाल मुनी देवी एवं प्रधानाचार्य जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा समय अनमोल होता है। विद्यार्थी सदैव समय के महत्व को समझें बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है। शिशु के प्रत्येक क्रियाकलापों का निरीक्षण आचार्य एवं अभिभावक करें। उनके रुचि को महत्व दे खेल-खेल के माध्यम से उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण दें। उनके गृह कार्य का अवलोकन करें तथा उनकी मदद करें अभिभावक प्रतिदिन शिशु के साथ 2 घंटे समय व्यतीत करें। अभिभावक मुकेश कुमार ने कहा हमें शिशु के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव सतर्क रहना चाहिए तथा समय अनुसार उनके सारे क्रियाकलापों को पूर्ण करना चाहिए। आज के इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु भगिनी का सक्रिय योगदान रहा है।

# जीटीपीएस में सीबीएसई द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में 4, 5 और 6 जनवरी को सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फर्स्ट एड, एड्स, एलर्जी और शिक्षण तकनीकी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस संबंध में ट्रेनिंग इंचार्ज नीति झा ने बताया कि रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित विकास कुमार, कौस्तुभ पांडे, आशीष कुमार सिन्हा, शिवानी पांडे, प्रिया कुमारी, रवि कुमार सिन्हा एवं दशरथ प्रजापति ने उपरोक्त सभी विषयों पर प्रशिक्षणार्थी के रूप में उपस्थित 60 शिक्षकों को काफी सरल एवं रुचि पूर्ण ढंग से समग्र जानकारियां दी। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग पूर्ण रूप से तकनीकी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सारी टेक्नोलॉजी विज्ञान पर आधारित है और विज्ञान दोधारी तलवार है। यदि इसका शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा सदुपयोग किया गया तो छात्रों का जीवन सफल हो जाएगा और यदि टेक्नोलॉजी का दुरूपयोग हुआ तो वर्तमान और आने वाली दोनों पीढ़ियां बर्बाद हो जाएंगी। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षक पहले स्वयं टेक्नोलॉजी का सही उपयोग सीखें और उसके बाद छात्रों को टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करना सिखाएं। एस के झा ने कहा कि आज की शिक्षण प्रणाली पूर्ण रूप से टेक्नोलॉजी पर आधारित हो गई है। मोबाइल फोन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें बहुत सारे ऐप्स एवं प्रोग्राम हैं जिनकी सहायता लेकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संवार रहे हैं परंतु कुछ विद्यार्थी ऐसे भी हैं जो मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जिसे छात्रों को बताना अति आवश्यक है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल एवं टाइनी टास्क लोहरदगा के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षणार्थी के रूप में उपस्थित थे।

# अंचल अधिकारी ने राजस्व कर्मचारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व कर्मचारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंचल संबंधित कार्यो की समीक्षा के साथ-साथ राजस्व भुगतान में तेजी लाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सभी राजस्व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को राजस्व भुगतान को लेकर जागरूक करें। साथ ही अंचल कार्यालय में लंबित पड़े जमीन ऑनलाइन, म्यूटेशन, जाति-आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदन निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने भंडरा, चट्टी व आकाशी के हल्का कर्मचारी से अलाव की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर अंचल प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की जा रही है। जिसका निगरानी करना अति आवश्यक है।

## चलते चलते एक नजर

### 10 जनवरी को बारियातु में होगा विराट शिवगुरु महोत्सव का आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विराट शिवगुरु महोत्सव का आध्यात्मिक आयोजन लातेहार जिला के बारियातू स्थित खेल स्टेडियम के प्रांगण में आगामी विराट शिवगुरु महोत्सव का आध्यात्मिक आयोजन लातेहार जिला के बारियातू स्थित खेल स्टेडियम के प्रांगण में आगामी 10 जनवरी दिन बुधवार को होगा। शिवगुरु महोत्सव में पहुंचे भाई बहनों के बीच भाई धनंजय अमृत वर्षा करेंगे। भाई धनंजय ने बताया कि आयोजन में सदियों से बेद शास्त्रों में कहा गया है कि शिव आदि गुरु हैं। शिव जगद्गुरु हैं। वह शिव जन जन के गुरु कैसे हो सकते हैं ? इसी धारा पर चर्चा परिचर्चा होगी। एक आयोजन में शिव का शिव का शिष्य होकर स्वयं को जानने पहचानने एवं स्वयं में प्रवेश करने का अवसर प्राप्त होगा। परमात्मा रहस्य है, आत्मा रहस्य है, जीवन रहस्य है और मृत्यु रहस्य है। दूसरी ओर गुरु इन रहस्यों का दर्पण होते हैं। जीवन रूपी जगत की रहदमयी जिज्ञासाओं से अगर रूबरू नहीं हो सकते हैं तो जीवन रूपी जगत से मुक्त नहीं हो पाएंगे। भाई धनंजय ने कहा कि शिवगुरु महोत्सव में भाग लेकर अपने भाग्य में बदलाव ला सकते हैं।

### आरसेटी ने अपने नए भवन चिरौजिंया में किया शिफ्ट



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चिरौजिंया एनएच-75 पेट्रोल पम्प के पास अपने नए भवन में विगत 15 नवंबर को शिफ्ट हो गया है। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सदर प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में संचालित हो रहा था। संस्था का अपना प्रशासनिक भवन तैयार होने के बाद अब यहां शिफ्ट हो गया है। अब सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सस्थान के नए परिसर में होंगी। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग में भाग लेने वाले इच्छुक लोग नए कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते है।

### मुख्यमंत्री से मिलीं विदेश मंत्रालय की उप सचिव वीणा प्रभा

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को विदेश मंत्रालय की उप सचिव वीणा प्रभा तिर्की ने मुलाकात की। वीणा प्रभा झारखंड से हैं और 2014 से भारतीय विदेश सेवा में हैं। उन्होंने अपनी पिछली पोस्टिंग में मॉस्को में भारतीय दूतावास में काम किया है।

# रामलला मंदिर में चमकेगा राजस्थान का पत्थर



**एजेंसी**

**जयपुर :** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश से भक्त इस क्षण के साक्षी बनेंगे। लेकिन, इस मंदिर के निर्माण में राजस्थान की भूमिका अहम है।क्योंकि इसमें मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर भगवान के विग्रह को संभालने के लिए हमारे यहां का पत्थर लगाया गया है। भीलवाड़ा जिले के बिजौलियां से करीब पांच हजार टन सैंड स्टोन अयोध्या भेजा गया। दो गुना दो फीट के ये पत्थर रामलला के मंदिर के फर्श और परिक्रमा में लगाए जा रहे हैं। इनकी मोटाई 40 व 75 एमएम की है। पत्थर भेजने का काम सितम्बर 2023 से चल रहा है। अब तक 100 से अधिक ट्रेलर पत्थर ले जा चुके हैं। यहां का लगभग 15 हजार टन रेड व ग्रे स्टोन पत्थर भी मंदिर परिसर में लगेगा।

#### भरतपुर के पिंक स्टोन से बना रामलला का मंदिर

मंदिर निर्माण के लिए 1989 से मंदिर के लिए बयाना के बंशी पहाड़पुर से पत्थर ले जाने की शुरुआत हुई थी। इसके कुछ वर्ष बाद बंशीपहाड़पुर को वन संरक्षित घोषित कर दिया गया। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद जब पत्थर सप्लाई का काम कंपनी को दिया गया तो वन संरक्षित क्षेत्र होने के कारण अड़चन आई। ऐसे में करीब एक वर्ष के अंदर रिजर्व फोरेस्ट से इस क्षेत्र को हटाकर खनन के लिए आवंटित कर दिया गया। इसके बाद बड़ी मात्रा में पिंक स्टोन की स्लैब अयोध्या पहुंची।

#### नागौर के मकराना के संगमरमर पर विराजमान होंगे रामलला

मंदिर के गर्भगृह में संगमरमर से तैयार की गई वेदी पर रामलला विराजमान होंगे। इसे तैयार करने के लिए मकराना की खदानों से सफेद संगमरमर निकाला गया है। वेदी तीन फीट 4.5 इंच ऊंची है। इसकी विशेषता है कि समय के साथ ही इस पत्थर की चमक भी बढ़ती चली जाएगी। वेदी को बनाने के लिए कुशल कारीगर भी मकराना से ही गए हैं। गर्भगृह निर्माण के लिए 13 हजार 300 घनफीट संगमरमर काम लिया गया है। साथ ही, 95 हजार 300 वर्गफीट मार्बल फर्श और क्लेडिंग (आवरण) में लगाया गया है। पत्थर मकराना में तैयार हुआ, बाद में कारीगरों ने अयोध्या पहुंचकर इसे जड़ा।

### सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी 16 जनवरी तक आयोजित की जाएगी

**रांची।** सीनियर वूमेनस वन डे ट्रॉफी (बीसीसीआई) झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तीन ग्राउंडो में सात स्टेट के टीमों द्वारा 4 जनवरी 2024 से 16 जनवरी 2024 तक , 4 जनवरी, 6 जनवरी, 8 जनवरी ,10 जनवरी, 12 जनवरी ,14 जनवरी और 16 जनवरी को खेला जायेगा। जिसमें दिल्ली,आंध्र प्रदेश ,केरल, हिमाचल प्रदेश, बडौदा, नागालैंड, और सिक्किम की सीनियर वूमेंस टीमें में भाग ले रही है । मैच जेएससीए इंटरनेशनल ग्राउंड , जेएससीए ओभल ग्राउंड, मेंकान ग्राउंड में सुबह 08:45 बजे से 15:45 बजे तक खेला जा रहा है।

## अस्थाई समस्या का स्थाई हल है योगा : अविनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सन 93 जनवरी के 05 तारीख को पतंजलि योग पीठ का आधारशिला उत्तराखंड की धरती पर रखा गया था। हरिद्वार से योगगुरु बाबा रामदेव दुनिया भर में योग का आगाज़ किया। जिसका नतीजा है 21 जून विश्व योगा दिवस के रूप में पूरा विश्व मना रही है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार 28 वर्षों में कितने उतार चढ़ाव को देखा और आज बुलंदी के शिखर पर है। जब रसायनिक दवाओं का अविष्कार नहीं हुआ था तब चरक सुश्रुत वांगभट पतंजलि सरीखे प्राचीन ऋषियों ने वनस्पति के समिश्रित प्रयोग जिसे हम सभी आयुर्वेद के नाम से जानते हैं धड़ से अलग अंग को जोड़ कर करिश्माई परिणाम देते थे। बदहवास जिंदगी,गलत जीवनशैली और मिलावटी खाद्य सामग्री के उपभोग से आदमी रोग का ब्याधी बन गया है। कोई ऐसा अस्पताल नहीं है जहां मरीज से जगह खाली हो।

उक्त बातें पतंजलि योगपीठ के स्थापना दिवस समारोह में योगा शिक्षक राजीव शरण जी ने कही। स्थापना दिवस समारोह संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में रखा गया जहां संत मरियम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर पतंजलि योगपीठ पलामू इकाई के महिला पदाधिकारियों ने पट्टा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए। हम ने बच्चों उपस्थित सम्मानित अतिथियों को संबोधित करते कहा हमारी कोशीश है खानपान जीवन शैली सुधार कर बच्चों को निरोग रखूं और एक एक कलेजे के टुकड़े को शिक्षा के साथ दीक्षा देकर राष्ट्रनिर्माण में लगाऊं और अभिभावक के उम्मीद पर खरा उतारूं। योग ही इंसान को निरोग रख सकता है क्योंकि अस्थाई समस्या का स्थाई हल योगा है।इस मौके पर जिनकी गरिमामई उपस्थिति रही वे हैं आदरणीय नवल तुलस्यान जी,सुरेश उदयपुरी जी,अमर गुप्ता जी,जनार्दन प्रसाद जी, आदरणीया अनुप्रिया पांडेय जी,आशा अग्रवाल जी,शिला वर्मा जी,शशि अग्रवाल जी एवं ममता जी। सबों को सादर आभार।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी देश की तस्वीर : सीएम योगी



**एजेंसी**

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। एम्स जैसे वैश्विक स्तर के चिकित्सा संस्थानऔर फर्टिलाइजर जैसे कारखाने बन रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 06.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उसी के परिणाम स्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रही है।

# विधानसभा स्तर का नव मतदाता सम्मेलन 24 को : रितेश चौबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर योजनाएं बनायी गयीं। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। युवाओं को राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है। आनेवाले दिनों में 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिले भर के सभी मंडल के कई संस्थानों में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 24 जनवरी को विधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री पवन पासवान ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए तैयार रहें। लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा पुर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश तरक्की कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री देश ही नहीं बल्कि विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत विश्व गुरु बन चुका है। आनेवाले दिनों में भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रम का आयोजन मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन पासवान ने किया। बैठक में भाजपा जिला कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी, अविनाश पासवान, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, जयंत पाण्डेय, कंचन कुमार, पन्ना सिंह, रंजीत चौरसिया, विकास तिवारी, छोटु यादव, ललीत सिंह, शैलेश चौबे, रविंद्र सोनी, बलराम यादव, श्रवण चौरसिया, निरंजन पाठक, ओमप्रकाश पासवान, अमीत चंद्रवंशी, संजय तिवारी आदि मौजूद थे।

# गढ़वा : रोमांचक मुकाबले में बीएसकेडी सात रन से जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में आर के पब्लिक स्कूल को सात रनों से हराया। स्थानीय गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में निर्धारित ओवरों में पीयूष और सत्यम का 18-18 रनों के सहयोग से नौ विकेट खोकर 90 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से शौर्य ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलेने उतरी आरके पब्लिक स्कूल ने निर्धारित ओवर में शौर्य के 30 रनों के पारी की मदद से आठ विकेट खोकर 83 रन ही बना सकी। अंतिम छह गेंद में आरके पब्लिक स्कूल को 23 रन की जरूरत थी। परंतु आर पब्लिक स्कूल के बल्लेबाज 16 रन ही जुटा सके। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के पीयूष को बीजेपी नेता सह खिलाड़ी अनंत दुबे, डॉ ब्रजेश कुमार पांडेय, नवनीत शुक्ला, सुशील कुमार पांडेय, गौरीशंकर कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर अनंत कुमार दुबे ने कहा की जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य है और खेल हमें अनुशासन सिखाता हैं। इसलिए हमें खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। खेल से शरीर स्वस्थ और दिमाग में ताजगी बनी रहती है। डॉ बृजेश कुमार पांडेय ने कहा की विद्यार्थी के लिए जितना पढ़ाई का महत्व है, उतना ही खेल का भी है। नवनीत शुक्ला ने कहा की आज का मैच काफी रोमांचक रहा है। हारने वाली टीम हार से सीख लें। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, राकेश तिवारी उर्फ टाइगर, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, प्रिंस खान आदि शामिल थे।

### शहर में 200 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है : एसएसपी

**रांची।** क्राइम कंट्रोल और गाड़ियों की चेकिंग के लिए एक्स्ट्रा पुलिस फोर्स डिप्यूट की गई है। पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा के निर्देश के बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में करीब 200 जवानों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही पुलिस जगह-जगह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही है। पूरे शहर की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है। एसएसपी ने मीडिया को बताया कि बढ़ते क्राइम पर लगाम लगाने के मकसद से एक्स्ट्रा पुलिस फोर्स को डिप्यूट किया गया है। एसएसपी ने बताया कि हाल के दिनों में अपराध रोकने के लिए पुलिस प्रशासन इस तरह के कदम उठाए हैं। साथ ही गणतंत्र दिवस भी है इसको लेकर भी पुलिस पसंद पूरी तरह से सभी थानों को भी निर्देशित किया है कि वह अपने थाना क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ाएं, ताकि किसी भी अपराध को कंट्रोल करने में पुलिस को आसानी हो सके।

